

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आम ने बढ़ाया यूपी का मान व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 198, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 38.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 14 सूर्यास्त 07 :08

बरेली, रविवार, 8 जून 2025




अपराधियों को पीड़ितों के समान रखने को भारत तैयार नहीं ...14

## कोको ने जीता पहला फ्रेंच ओपन खिताब



अमेरिका की कोको गाफ ने शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका को हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया। दूसरी रैंकिंग वाली गाफ इससे पहले 2023 अमेरिकी ओपन जीत चुकी हैं। रोलां गैरो पर 2013 के बाद पहली बार दुनिया की पहले और दूसरे नंबर की खिलाड़ी के बीच फाइनल खेला गया।

# एहतियातन हिरासत असाधारण शक्ति... संयम बरतें राज्य

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- व्यक्ति की स्वतंत्रता को अपराध होने की आशंका के आधार पर सीमित करती है यह शक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एहतियातन हिरासत राज्य को दी गई एक असाधारण शक्ति है, जिसका प्रयोग संयम से किया जाना चाहिए। न्यायालय ने इसी के साथ जिलाधिकारी द्वारा एक साहूकार को हिरासत में लेने के आदेश को खारिज कर दिया, जो चार मामलों में जमानत मिलने के बाद कथित तौर पर फिर से अवैध गतिविधियों में लिप्त था। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने हिरासत में लेने वाले प्राधिकारी की इस दलील पर सवाल उठाया कि यह आदेश इसलिए पारित किया गया क्योंकि हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने इन मामलों में जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया था।



पीठ ने कहा कि इसके बजाय प्राधिकारी को जमानत रद्द करने के लिए सक्षम न्यायालय में याचिका दायर करनी चाहिए थी। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को सुनाए गए आदेश में कहा कि इसलिए, 20 जून, 2024 के हिरासत के आदेश और एर्णाकुलम स्थित केरल उच्च न्यायालय द्वारा पारित चार सितंबर, 2024 के विवादित फैसले को रद्द किया जाता है। इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए अपील मंजूर की जाती है। पीठ ने रेखांकित किया कि एहतियातन हिरासत की शक्ति को संविधान में अनुच्छेद 22(3)(बी) के तहत मान्यता प्राप्त है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एहतियातन हिरासत का प्रावधान राज्य के हाथों में एक असाधारण शक्ति है, जिसका संयम से इस्तेमाल किया जाना चाहिए। यह प्रावधान किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को भविष्य में किसी अपराध के किए जाने की आशंका के आधार पर सीमित करता है, और इसलिए इसका उपयोग सामान्य परिस्थितियों में नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने हिरासत में लेने का आदेश जारी करने वाले प्राधिकारी की इस दलील को खारिज कर दिया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति राजेश, जो 'रितिका फाइनेंस' नामक एक निजी वित्तीय कंपनी चलाता था, उन मामलों में उस पर लगाई गई जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहा था, जिन पर हिरासत का आदेश पारित करने के लिए विचार किया गया था।

### अदालत ने संबंधित मामले में हिरासत को अनुचित ठहराया

हिरासत में लेने वाले प्राधिकारी द्वारा आदेश में बताई गई परिस्थितियां राज्य के लिए जमानत रद्द करने के लिए सक्षम न्यायालयों से संपर्क करने के लिए पर्याप्त आधार हो सकती हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि इसके लिए उसकी एहतियातन हिरासत को उचित ठहराया जाए। पीठ ने कहा कि हम स्पष्ट करते हैं कि यदि प्रतिवादी राज्य द्वारा बंदी की जमानत रद्द करने के लिए ऐसा आवेदन किया जाता है, तो उस पर उपर्युक्त टिप्पणियों से अप्रभावित होकर निर्णय लिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को बंदी को रिहा करने का आदेश दिया था क्योंकि अधिनियम के तहत उसकी हिरासत की अधिकतम अवधि समाप्त हो गई थी।

## एक नजर

### गोल्डी बरार और चार अन्य के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2024 में गुरुग्राम के दो क्लबों में बम हमलों से संबंधित मामले में कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादी गोल्डी बरार सहित पांच के खिलाफ आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है। एनआईए ने पंचकूला की एक कोर्ट में दायर आरोपपत्र में सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार के साथ सचिन तालियान, अंकित, भाविश और अमेरिका के रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक पर बीएनएस, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं।

### टी रबी शंकर बने 16वें वित्त आयोग में सदस्य

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक पूर्णकालिक सदस्य पूर्व वित्त सचिव अजय नारायण झा के व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देने के चलते यह नियुक्ति की गई। राष्ट्रपति ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया है। शंकर कार्यभार संभालने की तारीख से लेकर आयोग के अपनी रिपोर्ट सौंपने तक या 31 अक्टूबर, 2025 तक, जो भी पहले हो, अपने पद पर बने रहेंगे।

# शिक्षा प्रणाली में शामिल किए जाएं आपदारोधी उपाय : मोदी

## आपदारोधी अवसंरचना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व समुदाय से आपदा से निपटने के लिए वित्त-पोषण की अभिनव व्यवस्था किए जाने और आपदा रोधी उपायों को शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाए जाने पर बल दिया है। मोदी ने आपदा रोधी अवसंरचना पर फ्रांस के नाइस शहर में चल रहे दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए अभिनव वित्त पोषण की आवश्यकता है। हमें कारवाई योग्य कार्यक्रम तैयार करने चाहिए और वित्त तक विकासशील देशों की पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि आपदा से निपटने के लिए पाठ्यक्रम, मॉड्यूल और कौशल विकास कार्यक्रम को उच्च शिक्षा का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे कुशल कार्यबल का निर्माण होगा, जो भविष्य की चुनौतियों से निपट सकता है। शनिवार को सम्पन्न हो रहा दो दिन का यह शिखर सम्मेलन पहली बार यूरोप में आयोजित किया गया है। पिछले साल अप्रैल में नई दिल्ली में हुआ था। इस बार सम्मेलन का विषय था- तटीय क्षेत्रों के लिए सुदृढ़ भविष्य को आकार देना। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपदाओं का सामना करने और प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के विषय में दूसरे देशों के अनुभवों से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन विषयों में सर्वोत्तम प्रथाओं का एक वैश्विक डिजिटल संग्रह तैयार करना लाभकारी होगा। मोदी ने कहा कि हम छोटे द्वीपीय विकासशील देशों को बड़े महासागरीय देशों के रूप में देखते हैं। उनकी अतिसंवेदनशीलता के कारण उन पर विशेष रूप पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आपदाओं के संबंधी प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की मज़बूती और समन्वय के महत्व को भी रेखांकित किया।

### अवसंरचना निर्माण के लिए पांच प्राथमिकताओं का जिक्र



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अपनी पांच प्रमुख वैश्विक प्राथमिकताओं को रेखांकित किया जिसमें कुशल कार्यबल, सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक वैश्विक डिजिटल संग्रह और अभिनव वित्तपोषण शामिल है। मोदी ने कहा कि पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना और तालमेल बिठाना एक अन्य अहम पहलू है। आपदा रोधी बुनियादी ढांचे से आशय ऐसी लचीली अंवसरचना से है जो आपदा का सामना करने में सक्षम हो। फ्रांस में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मोदी ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को धन्यवाद दिया।

### किसान कल्याण के लिए और उत्साह से जारी रहेंगे प्रयास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान उनकी सरकार की कई पहलों से किसानों की समृद्धि बढ़ी है और कृषि में बदलाव सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने एक्स पर कहा कि अपने मेहनतकश किसानों की सेवा करना हमारा सौभाग्य है... हमने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो बहुत लाभकारी रहे हैं। आने वाले समय में किसानों के कल्याण की दिशा में हमारे प्रयास और भी अधिक उत्साह के साथ जारी रहेंगे। मोदी ने कहा कि हमारे किसान भाई-बहनों को पहले जहां छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी उधार लेने को मजबूर होना पड़ता था, वहीं बीते 11 साल में हमारी सरकार के निर्णयों से उनका जीवन बहुत आसान हुआ है।

## ट्रेनों में यात्रियों के आधार आईडी की अब होगी जांच

- रेल मंत्रालय ने दिए सभी जोन को निर्देश

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने देश के सभी रेलवे जोन को निर्देश दिया है कि टिकट जांच कर्मी यात्रियों की आधार पहचान की वास्तविक समय में एम-आधार एप्लिकेशन के माध्यम से जांच करें और यदि कोई आधार कार्ड फर्जी पाया जाता है तो तत्काल कार्रवाई की जाए। यह निर्देश उन मामलों के सामने आने के बाद जारी किया गया है जिनमें कुछ लोग फर्जी या जाली आधार कार्ड के साथ भारत में अनाधिकृत रूप से रह रहे हैं तथा रोजगार और यात्रा सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए पहचान प्रमाण के रूप में इनका इस्तेमाल कर रहे हैं।

रेल मंत्रालय ने प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों को संबोधित पत्र में कहा कि आधार कार्ड के दुरुपयोग और पहचान की जालसाजी को रोकने के लिए यह आवश्यक हो गया है कि पहचान सत्यापन की प्रक्रिया को और मजबूत किया जाए। टिकट जांच कर्मियों को बिना किसी पूर्व निर्धारित क्रम के यात्रियों के पहचान-पत्र की जांच और सत्यापन करना चाहिए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि यूआईडीएआई द्वारा विकसित एम-आधार एप्लिकेशन असली पहचान की जांच के लिए उपयोगी है।

माध्यमिक विद्यालयों के लिए शासनादेश जारी

# एडेड विद्यालयों में अब ऑनलाइन तबादला भी

- आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे, शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के एडेड माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन तबादले करने का शासनादेश शनिवार को जारी कर दिया गया है। इसके तहत आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे।

शासन की ओर से विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला करने का आदेश जारी किया है। यह पहली बार है जब एडेड माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को ऑनलाइन तबादले का अवसर मिलेगा। वहीं, आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे। यह जिले हैं सोनभद्र, चंदोली, बहराइच, श्रावस्ती, बररामपुर, फतेहपुर, चित्रकूट और सिद्धार्थनगर। जारी आदेश में ऑनलाइन तबादले के मानक भी तय किए गए हैं।

बता दें कि बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में लगभग हर काम ऑनलाइन ही हो रहा है पर एडेड कॉलेजों के शिक्षकों के तबादलों के लिए अभी तक ऑफलाइन प्रक्रिया ही अपनाई जा रही थी। इससे एडेड कॉलेजों के शिक्षकों में काफी रोष था।

### अंतर जनपदीय तबादले को नौ से आवेदन करें शिक्षक

परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अंतर जनपदीय स्थानांतरण के लिए आनलाइन आवेदन 9 से 12 जून तक होंगे। इससे पहले छह से सात जून तक आरटीई मानकों के अनुसार छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार शिक्षकों की आवश्यकता वाले और ज्यादा शिक्षकों वाले जिलों को चिह्नित कर सूची आनलाइन प्रदर्शित की जाएगी। शिक्षकों को आवेदन की कापी संबंधित बीएसए कार्यालय में 13 जून तक जमा करनी होगी। 14 जून को आनलाइन सत्यापन के बाद 16 जून को स्थानांतरण सूची जारी की जाएगी। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने इस संबंध में सभी बीएसए को आदेश जारी किए हैं।

# बकरीद पर बुजुर्ग ने खुद का गला काटकर दे दी कुर्बानी

- मस्जिद में अदा की नमाज, फिर झोपड़ी में गया और काट ली गर्दन

देवरिया, एजेंसी

देवरिया जिला मुख्यालय से करीब 16 किलोमीटर दूर गौरीबाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में एक मुसलमान ने शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्यौहार पर अपनी ही कुर्बानी दे दी। पुलिस के मुताबिक बकरीद पर एक मुस्लिम ने सुबह मस्जिद में नमाज अदा की फिर घर के बाहर बनी झोपड़ी में जाकर चाकू से अपना गला रेत डाला। परिजनों ने जब उसकी कराह सुनी तो तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां से फिर उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि यूपी 112 पर फोनकर्ता ने सूचना दी कि देवरिया के गौरीबाजार थानाक्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपना गला काट लिया है जिसके बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची एवं घायल ईश मोहम्मद अंसारी (60) को एम्बुलेन्स से मेडिकल कालेज देवरिया ले जाया गया। स्थिति गंभीर देखते हुए उसे बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया लेकिन दुर्भाग्यवश उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार गला रेतने से पहले अंसारी ने एक पत्र लिखकर छोड़ा, जिसमें उसने कहा है कि इंसान बकरे को अपने बेटे की तरह पाल पोस कर कुर्बानी करता है। मैं खुद अपनी कुर्बानी अल्लाह रसूल के नाम पर कर रहा हूं। पत्नी हाजरा खातून के मुताबिक उसके पति ईश मोहम्मद ने सुबह मस्जिद में बकरीद की नमाज पढ़ी और सुबह दस बजे घर लौटे तो सीधे घर के बगल में बनी झोपड़ी में चले गए। एक घंटे बाद उनकी कराहने की आवाज आई तो दौड़कर पहुंची तो देखा कि उनके गले से खून बह रहा था। पास में ही चाकू पड़ा था।

### भाजपा विधायक की अपील पर बकरे की जगह काटा केक

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में लोनी के डाबर तालाब और नसबंदी कॉलोनी के मुसलमानों ने शनिवार को ईद-उल-अजहा पर पर्यावरण चेतना का अनूठा प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक पशु बलि को त्यागकर प्रतीकात्मक बकरे से सजा केक काटकर ईद-उल-अजहा मनाई। भाजपा के स्थानीय विधायक नंद किशोर गुर्जर की अपील पर यह पर्यावरण-अनुकूल उत्सव आयोजित किया गया। इस उत्सव में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भागीदारी की, जिन्होंने एक छोटे प्लास्टिक शोकेस में एक छोटे बकरे की तस्वीर वाला केक काटा।

# फिर इमरजेंसी लैंडिंग, टला हादसा

- रूद्रप्रयाग से केदारनाथ जा रहा था निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर

मुख्य संवाददाता, देहरादून




**अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग में शनिवार दोपहर श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम ले जा रहे हेलीकॉप्टर को टेक ऑफ के दौरान तकनीकी खराबी आने पर आपात स्थिति में सिरसी के पास हाइवे पर उतारना पड़ा। हालांकि पायलट रविन्द्र पाल सिंह सौड़ी (55) निवासी चंडीगढ़ चोटिल हो गए।

उन्हें पहले विवेकानंद अस्पताल नारायण कोटी ले जाया गया फिर वहां से एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। हेली के टेल रोटर की चपेट में आने से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित रहे। जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि क्रिस्टल एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का एक हेलीकॉप्टर अपने बड़ासू स्थित बेस से केदारनाथ धाम के लिए पांच यात्रियों के साथ टेक-ऑफ कर रहा था। तभी कुछ तकनीकी खामी आ गई। पायलट ने नज़दीक में खाली सड़क देखकर आपातकालीन लैंडिंग करवाई।

# वेंटीलेटर नहीं मिला, 4 नवजातों की मौत

## बदायूं के जिला महिला अस्पताल के विशेष शिशु देखभाल वार्ड में थे भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** वेंटीलेटर न मिलने की वजह से शनिवार को जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड (विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई) में भर्ती चार नवजातों की मौत हो गई।

चिकित्सकों के अनुसार प्री मेच्योर होने की वजह से नवजातों का वजन कम था। इससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया था, लेकिन परिजन आर्थिक समस्या होने की वजह से बच्चों को नहीं ले जा पाए। शनिवार को चारों नवजातों की मौत हो गई। कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव समरेर निवासी रेनू देवी को 5 जून को समरेर के सीएचसी में भर्ती कराया गया था। यहां सामान्य प्रसव से रेनू के जुड़वा बच्चे हुए थे। प्री मेच्योर डिलीवरी की वजह से बच्चों का वजन कम था। उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी। इसलिए उन्हें एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया था। वहीं दातागंज क्षेत्र के गांव जयपालपुर निवासी प्रेमलता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उन्होंने बेटी को जन्म दिया। वजन कम होने से उसे भी सांस लेने में परेशानी हो रही थी। उसे एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कादरबाड़ी निवासी तराना के नवजात को भी सांस लेने में दिक्कत होने पर वार्ड में भर्ती किया गया। शनिवार को धीरे-धीरे चारों बच्चों ने दम तोड़ दिया। महिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संदीप वार्ष्णेय ने बताया कि बच्चे प्री मेच्योर्ड थे। शुक्रवार को परिजनों को हायर सेंटर ले जाने को कहा गया, लेकिन परिजनों ने अनुमति नहीं दी थी।

> शासन से कई बार वेंटीलेटर की मांग की गई है। अस्पताल में वेंटीलेटर के अलावा तीन एनेस्थेटिक्स के साथ आठ स्टाफ जरूरी है। शासन से पत्राचार किया जाएगा।
> **- डॉ. इंदुकांत वर्मा**, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल।

## महेंद्र देव बने पीएम आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान के पूर्व कुलपति एस महेंद्र देव ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के नए चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाला है।

प्रख्यात अर्थशास्त्री देव ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी का स्थान लिया, जो ईएसी-पीएम का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी एक आदेश में पहले कहा गया था कि प्रधानमंत्री ने दो साल के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है।

# फर्जी विशेषज्ञ ने की 50 हार्ट सर्जरी, कई की गई जान

## फरीदाबाद के सरकारी अस्पताल में चौंकाने वाला खुलासा, एमबीबीएस 8 माह से कर रहा था ऑपरेशन

फरीदाबाद, एजेंसी

- प्रैक्टिस कर रहे हृदय रोग विशेषज्ञ के पंजीकरण नंबर का किया इस्तेमाल
- ऑपरेशन के बाद कई मरीजों को हुईं जटिलताएं, कुछ की मौत भी हो गई

हरियाणा के फरीदाबाद के एक सरकारी अस्पताल में एक एमबीबीएस डॉक्टर कथित रूप से हृदय रोग विशेषज्ञ बनकर आठ महीनों में दिल के 50 से अधिक ऑपरेशन कर दिए। चौंकाने वाली बात यह है कि उसने यह सब एक पंजीकृत और प्रैक्टिस कर रहे हृदय रोग विशेषज्ञ के पंजीकरण नंबर का इस्तेमाल कर किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह मामला तब सामने आया जब एक मरीज ने असली डॉक्टर से संपर्क किया, जिसके बाद जांच शुरू हुई। पुलिस ने बताया कि एमबीबीएस की डिग्री होने के बावजूद डॉ. पंकज मोहन शर्मा हृदय संबंधी जटिल ऑपरेशन करने के लिए अधिकृत नहीं था। उसने बताया कि कई मरीजों को जटिलताएं हुईं और कुछ की मौत भी हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बादशाह खान सिविल अस्पताल में 'हार्ट केयर सेंटर' के प्रबंधन के खिलाफ फरीदाबाद एनआईटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच की जा रही है।



### निजी भागीदारी में चलाता था हार्ट केयर सेंटर

पुलिस का कहना है कि शर्मा को पिछले वर्ष जुलाई में मेडिटेरीना अस्पताल द्वारा नियुक्त किया गया था, जो सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत सिविल अस्पताल में 'हार्ट केयर सेंटर' चलाता है। पुलिस के मुताबिक शर्मा ने कथित तौर पर अपने एमबीबीएस पंजीकरण नंबर (28482) के बजाय असली हृदय चिकित्सक डॉ. पंकज मोहन के पंजीकरण नंबर (2456) का उपयोग किया। शर्मा की पर्ची पर डॉ. पंकज मोहन की जाली मुहर भी थी।

### साख पर सवाल उठे तो ड्यूटी पर आना बंद

अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता संजय गुप्ता ने भी 11 अप्रैल को आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके अतिरिक्त योग्यता हासिल की है। पुलिस ने कहा कि शर्मा ने जुलाई 2024 से फरवरी 2025 तक केंद्र में काम किया। जब उसकी साख पर सवाल उठे, तो उसने ड्यूटी पर आना बंद कर दिया।

**आज का मौसम**

तेज हवा चलने के साथ बारिश के आसार।

38.0⁰ अधिकतम तापमान | 29.0⁰ न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- व्यापारी सुरक्षा फोरम की ओर से शपथ ग्रहण कार्यक्रम पीलीभीत बाईपास रोड स्थित होटल कैपसन पैलेस में सुबह 11 बजे।
- माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शाम 6 :30 बजे।
- उत्तराखंड परिवार की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह रोटरी भवन में शाम 4 बजे।

# जिले में 32 हजार करोड़ की 336 इकाइयां जीबीसी को तैयार

## सितंबर में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की संभावनाओं के मद्देनजर तैयारियों में जुटा उद्योग विभाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दो से तीन सालों में धरातल पर उतरेंगी औद्योगिक इकाइयां, 27 हजार को रोजगार का दावा**

**अमृत विचार :** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कारोबार के लिए करार करने वाले उद्यमियों की बड़ी संख्या में इकाइयों को जीबीसी (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) के लिए तैयार कर लिया है। सितंबर-अक्टूबर के मध्य लखनऊ में होने वाली जीबीसी के लिए उद्योग विभाग के अधिकारियों की ओर से तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं। अफसर दावा कर रहे हैं कि जीबीसी के लिए तैयार इकाइयां अगले दो से तीन सालों में धरातल पर उतर जाएंगी, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

यूपी सरकार ने 2023 में लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराया था। इसमें जिले के लिए उद्यमियों ने 648 औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए थे।

हालांकि, एमओयू करने वालों की संख्या घटती-बढ़ती रही। उद्योग विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अब एमओयू करने वाले उद्यमियों की संख्या 657 पहुंच गई है, जिसमें 45 हजार 997 करोड़ रुपये का निवेश शामिल किया जा चुका है। इन इकाइयों के चालू होने के बाद 71 हजार 625 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इसमें से 32 हजार 680 करोड़ की 336 औद्योगिक इकाइयों को जीबीसी के लिए रेडी किया जा चुका है। विभागीय अफसरों का दावा है कि इन इकाइयों के चालू होने से 27 हजार 487 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

जीबीसी के बाद इकाइयों को धरातल पर उतारने की कवायद तेज होगी। संभावना जताई जा रही है कि अगले दो से तीन सालों में यह इकाइयां चालू हो जाएंगी।

### 8 हजार करोड़ से 187 औद्योगिक इकाइयां हुईं चालू

जिले भर में 2023 में इन्वेस्टर्स समिट के बाद अब तक आठ हजार करोड़ की 187 इकाइयों को विभागीय अफसरों की ओर से चालू हो जाने का दावा किया जा रहा है, जिससे 11 हजार 628 लोगों को रोजगार भी मिला है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, सात हजार 407 करोड़ से 127 औद्योगिक इकाइयां पाइप लाइन में हैं। इन इकाइयों के चालू हो जाने से 28 हजार 207 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### करार के बाद पीछे हट गए 25 उद्यमी, कई आए नए

करोड़ों का कारोबार करने के लिए एमओयू के माध्यम से समझौता करने वाले जिले के 25 उद्यमी अब तक पीछे हट गए हैं। इसकी अलग-अलग वजहें बताई जा रही हैं। हालांकि, इन उद्यमियों के पीछे हटने के बाद उद्योग विभाग के प्रयासों से कई नए उद्यमी जुड़े भी हैं।



इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू करने वाले उद्यमी संपर्क में हैं। 32 हजार करोड़ के एमओयू जीबीसी के लिए तैयार हो गए हैं। उद्यमियों की दिक्कतें दूर की जा रही हैं। पूरी उम्मीद है कि तीन साल में 336 इकाइयां चालू हो जाएंगी। – **विकास यादव**, उपायुक्त उद्योग

# 80 से ज्यादा नालों की सफाई होना बाकी



बाकरगंज में गंदगी से अटा पड़ा नाला। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कई जगह अतिक्रमण से नाले चोक, लोग परेशान**
- **20 जून तक सभी नालों की सफाई कराने का दावा**

**अमृत विचार :** नगर निगम 20 जून तक सभी नालों की सफाई कराने का दावा कर रहा है, मगर अभी तक 80 से ज्यादा नालों की सफाई होना बाकी है। कई जगह अतिक्रमण की वजह से नाले चोक हैं। लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

शहर में 229 नालों की सफाई होनी है। इसकी जिम्मेदारी नगर निगम के स्वास्थ्य और निर्माण विभाग को दी गई है। इसके लिए पांच करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया जा चुका है। नगर निगम के अफसरों का दावा है कि बारिश से पहले सभी नालों की सफाई कर ली जाएगी, ताकि जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो, लेकिन हकीकत यह है कि अभी करीब 80 से अधिक नाले चोक हैं। जिनकी सफाई 12 दिनों में की जानी है। इसमें से कई ऐसे नाले हैं, जहां पर अतिक्रमण है।

सबसे गंभीर बात तो यह है कि 23 प्रमुख नाले हैं, जिससे करीब 48 वार्डों का पानी जाता है। वहां भी नाले अतिक्रमण की चपेट में हैं। इन नालों पर लोगों ने अवैध रूप से निर्माण कर लिया है, जिससे नालों की नियमित सफाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। बाकरगंज के बड़े नाले चोक है। इससे पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। इसी तरह कुदेशिया फाटक तक, बाग ब्रिगटान, चौधरी मोहल्ला आदि जगहों पर भी नाले चोक हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश ने बताया कि समय से नाला सफाई के लिए हर रोज टीमें काम कर रही हैं। तेजी सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

# निजी फर्मों के सहयोग से शहर में होगी पार्किंग व्यवस्था

## शासन के निर्देश पर नगर निगम ने शहर को जाम के जंजाल से मुक्त करने के लिए शुरू की कवायद, मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बनाई गई 12 सदस्यीय समिति**
- **3 माह में पार्किंग स्पॉट चिन्हित करके शासन को भेजी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** वाहनों की संख्या के हिसाब से पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे निजात दिलाने के लिए नई गाइड लाइन के अनुसार नगर निगम ने निजी फर्मों के सहयोग से पार्किंग व्यवस्था सुधारने की योजना बनाई है। इसके तहत नगर निगम द्वारा 12 सदस्यीय समिति गठित की गई है।

जो शहर की प्रमुख जगहों पर पार्किंग स्पॉट चिन्हित कर निजी कंपनियों के साथ मिलकर उन्हें विकसित करने का काम करेगी। समिति तीन माह के भीतर तकनीकी, वित्तीय और कानूनी पहलुओं पर रिपोर्ट तैयार करके शासन को भेजेगी।

शहरवासियों को सुगम और व्यवस्थित पार्किंग सुविधा मिल सके। इसके लिए निजी फर्मों को पार्किंग स्थल विकसित करने, शुल्क निर्धारण और निगरानी की जिम्मेदारी देने का खाका तैयार किया जा रहा है। इसको लेकर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति बाजार, बस स्टैंड, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों के पास पार्किंग विकसित करने लिए भूमि चिन्हित कर रही है। इसमें रात में गाड़ियों के लिए पार्किंग की जगह बनाई जाएगी और फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग की सुविधा भी देने की योजना है। इसको लेकर नगर विकास विभाग ने नगर निगम की जमीन सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी मांगी है। आने वाले समय में शहर में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत पार्किंग की सुविधा विकसित करने के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इसके शुल्क निर्धारण और निगरानी की जिम्मेदारी नगर निगम की होगी।



डीडीपुरम में मल्टीलेवल पार्किंग। ● अमृत विचार

### चार मल्टी लेवल पार्किंग, दो जगह पर शुरू

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में करीब 16 करोड़ की लागत से चार मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण कराया गया है। इसमें गांधी उद्यान और मोती पार्क के पास ही पार्किंग शुरू हो पाई है, जबकि संजय कम्युनिटी हाल परिसर और डीडीपुरम फूड कोर्ट के पास बनी पार्किंग नहीं शुरू हो पाई। इन जगहों पर 84 कारें खड़ी करने की सुविधा है।

### कई वार्डों में निजी पार्किंग का चल रहा धंधा

शहर के कई वार्डों में लोगों ने खाली प्लॉट की बाउंड्री निर्माण करा रखा है। यहां पर निजी तौर पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन नगर निगम के रिकार्ड में इनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। स्टैंड चलाने वाले वाहन स्वामियों से प्रतिदिन और माह के हिसाब से रुपये वसूल कर रहे हैं।

समिति का गठन कर लिया गया है। भूमि सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी जा रही है। इसके बाद रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजा जाना है। –**संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

# संजय कम्युनिटी हाल बनेगा कामर्शियल कांप्लेक्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **करीब 25 करोड़ रुपये होंगे खर्च, सीएंडडीएस को निर्माण की जिम्मेदारी**

**अमृत विचार :** करीब 25 करोड़ रुपये से मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत संजय कम्युनिटी हॉल को तीन मंजिला कामर्शियल कांप्लेक्स बनाया जाएगा। निर्माण की जिम्मेदारी कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) को मिली है।

नगर निगम आमदनी और लोगों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए संजय कम्युनिटी हॉल के स्वरूप को बदल कर कामर्शियल कांप्लेक्स बनाने की तैयारी कर रहा है। इसको लेकर डीपीआर तैयार की जा चुकी है। मॉल व लखनऊ सहित कुछ अन्य शहरों की तर्ज पर इसका खाका तैयार किया गया है। निर्माण का जिम्मा जल निगम की कार्यदाई संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) को सौंपा गया है। इसमें सबसे ऊपरी तल पर आयोजनों के लिए आडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। इसे बड़े व्यावसायिक केंद्र के तौर स्थापित करने की योजन है।




**स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट को भी साथ जोड़ा जाएगा :** संजय कम्युनिटी हाल परिसर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से सरोवर बनाया गया है। साथ पिकनिक स्पॉट, पाथ वे, फूड कोट बनाया गया है। पर अभी तक यह योजना बनने के बाद धरातल पर नहीं उतर पाई है। अधिकारियों की मंशा है संजय कम्युनिटी हाल मॉल के तर्ज पर अगर निर्मित होता है तो यहां पर काफी संख्या में लोगों आना जाना भी होगा। इससे परिसर में स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट और पार्किंग का उपयोग होगा।

# जंक्शन पर रेल कोच रेस्टोरेंट का 80 फीसदी काम पूरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **15 जुलाई तक चालू करने की योजना**
- **यात्रियों को मिलेगा किफायती स्वादिष्ट भोजन**

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन परिसर में रेल कोच रेस्टोरेंट तैयार किया जा रहा है। करीब 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। 15 जुलाई तक यात्रियों और आमजन के लिए इसे चालू कर दिया जाएगा। यह रेस्टोरेंट एक पुराने रेल कोच को रिनोवेट कर तैयार किया जा रहा है, जिसे आधुनिक रेस्टोरेंट की तर्ज पर संवारा जा रहा है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार इस रेल कोच रेस्टोरेंट में यात्रियों को स्वच्छ, स्वादिष्ट और किफायती भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। जंक्शन आने-जाने वाले यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी यहां भोजन का स्वाद ले सकेंगे। रेस्टोरेंट में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, वातानुकूलन, हाईजीन का विशेष ध्यान और डिजिटल भुगतान की सुविधा भी रहेगी। वहीं, जंक्शन पर यात्रियों के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र भी खोला जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

# नीलाम नहीं होंगी डीजल बसें ई-बसों में तब्दील की जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **परिवहन निगम के बरेली रीजन की 32 डीजल बसों की जुलाई में पूरी हो रही मियाद**

**अमृत विचार:** मियाद पूरी कर चुकीं रोडवेज की पुरानी डीजल बसों को अब नीलाम नहीं किया जाएगा। इन बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलकर फिर से सड़कों पर दौड़ाने की तैयारी है। बरेली परिक्षेत्र की लगभग 32 डीजल बसों की जुलाई में मियाद पूरी हो रही है। इन बसों को कानपुर स्थित परिवहन निगम की कार्यशाला में भेजा जाएगा, जहां उन्हें अत्याधुनिक ई-बसों में परिवर्तित किया जाएगा।

परिवहन निगम के अधिकारी बताते हैं कि पुरानी डीजल बसों को ई-बसों में बदलने के लिए रि-ट्रोफिटिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इस प्रक्रिया में बसों की चेसिस वही रहेगी, चेसिस नंबर भी वही रहेगा।

बस की पुरानी बॉडी को बदला जाएगा। डीजल इंजन को हटाकर उसके स्थान पर ई-स्ट्रक्चर (इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी) लगाए जाएंगे। आरएम दीपक चौधरी बताते हैं कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के दिशा-निर्देशों के अनुसार 10 साल पुरानी या 11 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी डीजल बसों को सेवा से हटा दिया जाता है, लेकिन, अब इन बसों को ई-बस में बदलने की योजना बनाई गई है।

### विभाग को होगा फायदा

परिवहन निगम के अधिकारी बताते हैं कि इलेक्ट्रिक बसों के आने से विभाग को भी फायदा होगा। डीजल की कीमतें आसमान छूने से जहां बसों का संचालन महंगा हो रहा है। वहीं, यात्रियों पर किराये का बोझ भी पड़ रहा है।

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**

एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**

डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**

एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**

डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )

**पैरामेडिकल साइंसेस**

डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**

बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**

बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**

बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# बिना क्यूआर कोड वाले 12 हजार जन्म प्रमाण पत्र बेकार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आधार, राशन कार्ड व पासपोर्ट के आवेदन में क्यूआर कोड वाले ही जन्म प्रमाण पत्र मान्य**
- **नवंबर 2020 से पहले बने जन्म प्रमाण पत्रों में नहीं क्यूआर कोड, ऐसे लोग हो रहे परेशान**

**अमृत विचार :** नगर निगम से बिना क्यूआर कोड के बने जन्म प्रमाण को लेकर लोग परेशान हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड और पासपोर्ट बनवाते समय क्यूआर कोड युक्त जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य हो रहा है। इस वजह से लोगों को फिर से प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नगर निगम का चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। नगर निगम बरेली से जारी ऐसे जन्म प्रमाण पत्रों की संख्या 12 हजार से अधिक बताई जा रही है।

नगर निगम से जारी होने वाले जन्म प्रमाण पत्र नवंबर 2020 से क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू हुई है, जबकि नगर निगम बरेली में ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र 2016 से बन रहे हैं। करीब चार साल के बीच बने करीब 12 हजार जन्म प्रमाण पत्र पर क्यूआर कोड़ नहीं है। जिन लोगों ने इस बीच प्रमाण पत्र बनवाए हैं, अब वह इस्तेमाल में नहीं आ रहे हैं। बिना क्यूआर कोड वाले प्रमाण मान्य नहीं हो रहे हैं। जब लोग पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड समेत स्कूलों में प्रवेश के लिए जा रहे हैं तो उनके सामने मुश्किलें खड़ी हो जा रही है। इस वजह से ऐसे लोगों को फिर से आवेदन करना पड़ रहा है। इसके कारण पुराने प्रमाण पत्र की जगह नया जारी कराने वालों की संख्या प्रतिदिन 10 से 15 हो गई है। ऐसे लोगों को 20 से 25 दिनों तक प्रमाण पत्र पाने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।




### काफी समय तक करना पड़ रहा है इंतजार

बरेली : अगर बच्चे के जन्म के 21 दिन के भीतर आवेदन किया जाता है तो उसका जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम से आसानी से निर्गत हो जा रहा है। इस अवधि के बाद आवेदन जमा करने पर मजिस्ट्रेट कार्यालय से आदेश कराने के बाद ही जन्म प्रमाण पत्र जारी होता है। इस नियम के कारण लोगों को काफी समय लग जा रहा है।

नगर निगम से क्यूआर कोड वाले जन्म प्रमाण पत्र जारी होते हैं। अगर किसी को दिक्कत आ रही है तो वह क्यूआर कोड वाला जन्म प्रमाण पत्र बनवा सकता है। –**संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

# ट्यूबवेल का कनेक्शन अब तक नहीं हो सका

**बरेली, अमृत विचार :** वार्ड 75 के एजाज नगर में पेयजल संकट दूर करने के लिए 14 महीने पहले मिनी ट्यूबवेल स्थापित किया गया था, मगर अब तक बिजली कनेक्शन न मिलने के कारण इसका इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। करीब 20 हजार की आबादी पेयजल समस्या से जूझ रही है। पार्षद प्रतिनिधि सादिक ने नगर आयुक्त से ट्यूबवेल चालू कराने की मांग की है।

बिजली विभाग और नगर निगम की आपसी तालमेल की कमी के कारण अब तक ट्यूबवेल का बिजली कनेक्शन नहीं हो सका। वहीं, इस संबंध में एक बालिका का ऑडियो वाट्सएप ग्रुप में वायरल हो रह है। वह मिनी ट्यूबवेल चालू कराने की गुहार लगा रही है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि बिजली कनेक्शन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# पीडीए पंचायत के सहारे चुनावी वैतरणी पार करेगी सपा

## मिशन 2027: जिले भर की सभी ग्राम पंचायतों में अगले तीन महीने में आयोजित होंगी पीडीए पंचायत

अनुपम सिंह, बरेली

- **दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों और पीड़ित अगड़ों को साधेंगे**
- **विधानसभा चुनाव जीतने को संगठन की मजबूती पर जोर**

**अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव में अभी भले ही वक्त हो, मगर समाजवादी पार्टी मिशन 2027 को लेकर तैयारियों में जुट गई है। लगातार हो रही पीडीए पंचायतें इसी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही हैं। पार्टी ने जोन और सेक्टर के बाद अब प्रत्येक ग्राम पंचायतों तक पहुंचने के लिए योजना तैयार की है। अगले तीन महीने में सभी ग्राम पंचायतों को पीडीए पंचायत के जरिये भेदने की पूरी तैयारी कर ली गई है। ।

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की पीडीए रणनीति का लाभ नतीजों से साफ दिखा। इसके पीछे पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यकों) को साथ लेकर चलने की वजह मान रहे हैं। सियासी रणनीतिकारों की मानें तो लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित पार्टी हाईकमान का पीडीए पंचायतों पर ज्यादा जोर है। संगठन की ओर से जोन और सेक्टरवार पीडीए पंचायतें पिछले तीन माह से लगातार की जा रहीं हैं। अनुमानित तौर पर पूरे जिले में अब तक पांच सौ से ज्यादा पीडीए पंचायतें की जा चुकी हैं। इनके जरिये पार्टी बड़ी संख्या में लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में कामयाब रही है। संगठन ने इसी कड़ी में प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीडीए पंचायत करने की योजना बनाई है। तीन माह का लक्ष्य का रखा है। रोज 15 से 20 पीडीए पंचायतें अलग-अलग ग्राम पंचायतों की जाएंगी।

### पार्टी की आपसी अंतर्कलह को थामने की बड़ी चुनौती

पार्टी में स्थानीय स्तर पर आपसी अंतर्कलह भी है, जो कई बार सार्वजनिक भी हो चुकी है। हाल ही में प्रभारी की मौजूदगी में पार्टी कार्यालय पर समीक्षा बैठक के दौरान महासचिव की गैर मौजूदगी का मामला उठा। वे कई सालों से बैठकों में आते नहीं है, इससे पहले भी लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में नहीं जाने पर कुछ पदाधिकारियों ने सोशल साइट्स पर गुटबाजी को सार्वजनिक किया था। कई मामले हाल के दिनों में सामने आए हैं। एक विधायक और टिकट की दावेदारी करने वाले एक नेता के बीच जुबानी जंग भी सार्वजनिक है।

### कमजोर प्रदर्शन वाली सीटों पर हर माह 100 पीडीए पंचायत का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव 2024 में जिन सीटों पर समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा, वहां पर पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। प्रभारी समीक्षा बैठकें कर पार्टी की स्थिति का आकलन कर रहे हैं और मजबूती के लिए प्रयास कर रहे हैं। शहर, कैंट, मीरगंज और आंवला में प्रभारियों की ओर से समीक्षा की जा चुकी है। यहां पर हर माह सौ के करीब पीडीए पंचायतें करने का लक्ष्य दिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी लोकसभा वाला प्रदर्शन दोहराने के लिए पूरी तरह जुटी है और संगठन को मजबूत करने की कोशिशें लगातार जारी हैं।



तीन माह में जोन, सेक्टरवार 500 से ज्यादा पीडीए पंचायतें हो चुकी हैं। तीन माह में सभी ग्राम पंचायतों में पीडीए पंचायतें कराना है। 11 जून को इसका खाका तैयार करते हुए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। पीडीए पंचायतें ही चुनाव जीतने का आधार बनेंगी। –**शिवचरन कश्यप**, जिलाध्यक्ष सपा

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली




सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

## गांधीनगर में नए गुर सीखकर शिष्यों को ज्ञान देंगे गुरुजी

**बरेली, अमृत विचार :** पढ़ाई के नए गुर सीखने के लिए अब गुरुजी गुजरात जाएंगे। दो प्रवक्ताओं को गुजरात के गांधी नगर में स्थित सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग के सहयोग से पढ़ाने के नए गुर सिखाए जाएंगे। इसके लिए जिले से भौतिकी, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित के दो प्रवक्ताओं का चयन किया गया है। इन्हें 16 से 20 जून तक ट्रेनिंग दी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अजीत कुमार ने बताया कि बच्चों के कमजोर विषय को लेकर विभाग ने विशेष रणनीति बनाई है। जिसके तहत बच्चों के आसान तरीके से पढ़ाने के लिए शिक्षकों को पढ़ाने की विशेष ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है।

# अनदेखी बना रही गंभीर मरीज, लापरवाही से जा रही जान

विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शरीर में किसी भी प्रकार का संक्रमण हो या फिर किसी बीमारी ने पनपना आरंभ कर दिया है तो उसके लक्षण अपने आप नजर आने लगते हैं, लेकिन जरूरत है इसके प्रति जागरूक होने की।

इन लक्षणों की अनदेखी करना गंभीर बीमारियों की चपेट में ला सकता है। ऐसा ही कुछ ब्रेन ट्यूमर को लेकर भी है, जरूरी नहीं है कि दिमाग में बनने वाली गांठ ही ब्रेन ट्यूमर हो, शरीर के किसी भी अंग में बनने वाली गांठ भी इसका कारण हो सकती है। इसका समय से इलाज कैंसर को बढ़ने से रोक सकता है।

**निजी अस्पतालों में भीड़, सरकारी अस्पताल खाली**

जिले में सर्वाधिक मरीज जिला अस्पताल की ओपीडी में आते हैं। इनमें मानसिक रोगों संबंधी गंभीर विकारों के मरीज भी शामिल हैं। यहां मानसिक रोग के इलाज के लिए मन कक्ष स्थापित है, लेकिन न्यूरो सर्जन न होने से ट्यूमर संबंधी मामलों का इलाज सालों से नहीं हो रहा है। जिला अस्पताल आने वाले मरीज रेफर हो रहे हैं।

### अन्य भागों से भी मस्तिष्क तक फैलता है ट्यूमर

विशेषज्ञों के अनुसार ब्रेन ट्यूमर जो मस्तिष्क में शुरू होते हैं उन्हें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है। कभी-कभी, कैंसर शरीर के अन्य भागों से भी मस्तिष्क में फैलता है। ये ट्यूमर सेकेंडरी ब्रेन ट्यूमर होते हैं। इसकी समय पर पहचान हो जाए तो सर्जरी और अन्य इलाज के माध्यम से ट्यूमर को निकाला जा सकता है और रोगी की जान बचाई जा सकती है।

### अनदेखी करना हो सकता है जानलेवा



बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल के अनुसार देश में निदान किए जाने वाले सभी कैंसर में से लगभग 2 प्रतिशत ब्रेन ट्यूमर हैं। हर साल लगभग 70000 मामलों का निदान किया जाता है। ब्रेन ट्यूमर का सबसे आम लक्षण सिर में लगातार दर्द होना है। अन्य लक्षण जो देखे जा सकते हैं वे हैं दौरे, मांसपेशियों में कमज़ोरी, चक्कर आना और उल्टी। ध्यान देने वाली दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि ज़्यादातर मामलों में मस्तिष्क में पाया जाने वाला ट्यूमर शरीर के किसी अन्य प्राथमिक स्थान जैसे फेफड़े, स्तन आदि से भी मस्तिष्क तक पहुंच सकता है, जिसे मेटास्टेटिक ट्यूमर भी कहा जाता है, इसलिए अनदेखी जानलेवा भी हो सकती है।

### हल्के लक्षण होने पर फौरन लें सलाह



एसआरएमएस मेडिकल कालेज में वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डा. शशांक के अनुसार उम्र के किसी भी पड़ाव में कुछ महीने के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, यह बीमारी हो सकती है। शुरुआती अवस्था में कई बार इसके कोई लक्षण नहीं होते और जब लक्षण बनते हैं तब तक ट्यूमर बड़ा हो चुका होता है। सिर दर्द के साथ उल्टियां होना, मिर्गी के दौरे, फालिस, याददाश्त में हाल-फिलहाल में आई कमजोरी, धुंधला दिखाई देना, आंखों की रोशनी जाना, भेंगापन, चलने में लड़खड़ाहट, कपड़ों में पेशाब निकल जाना इत्यादि इसके लक्षण होते हैं, इसलिए ऐसे संकेत मिलने पर विशेष तौर पर न्यूरो सर्जन या न्यूरो फिजिशियन से चिकित्सकीय सलाह लेना चाहिए।

- जिले में सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ न होने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को नहीं मिल पा रहा समय पर इलाज
- मस्तिष्क में गांठ का बड़ा स्वरूप हो जाने पर डाक्टर से कर रहे संपर्क, जिले में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai



मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# डिप्टी सीएम की फटकार पर भी व्यवस्था नहीं सुधरी

## जिला अस्पताल में हालात जस के तस, अव्यवस्थाएं बरकरार, अफसर और कर्मचारी नहीं दे रहे ध्यान

पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में खामियां मिलने पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने फटकार लगाई थी, इसके बावजूद शनिवार को अस्पताल में व्यवस्थाओं में सुधार नहीं दिखा। डिप्टी सीएम ने सख्त निर्देश दिए थे कि शनिवार से व्यवस्थाएं ठीक कर लें। इमरजेंसी वार्ड के मरीजों को ही तकिया मिले, लेकिन हार्ट वार्ड, फीमेल मेडिकल समेत अन्य किसी भी वार्ड में मरीजों के बेड पर तकिया नजर नहीं आए। अमृत विचार ने शनिवार को अस्पताल की व्यवस्थाओं की पड़ताल की तो समस्याएं वैसी ही मिलीं।

**मरीजों को घर से लाने पड़ रहे तकिया, बच्चे भी परेशान**

हैरत की बात तो ये है कि अस्पताल की ओर से मरीजों को तकिया न मिलने पर मरीजों के आराम को देखते हुए तीमारदार घर से तकिया लेकर आए हैं। हालांकि अन्य सभी चीजें अस्पताल मुहैया करा रहा है। बड़े ही नहीं बच्चा वार्ड में इन दिनों सर्वाधिक मरीज भर्ती हैं, लेकिन एक भी बच्चे के बेड पर तकिया शनिवार को नजर नहीं आया।



हार्ट वार्ड में बिना तकिया लगाए लेटी बुजुर्ग मरीज। • अमृत विचार



बिखरे पड़े तार।

- सिर्फ इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को मिले तकिया, अन्य मरीज घर से ला रहे
- पैथोलॉजी लैब में भी नहीं दूर हुई अव्यवस्था, तारों का मकड़जाल भी नहीं संवरा

### पैथोलॉजी लैब का हाल पुराने ढर्रे पर

डिप्टी सीएम ने जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करने के बाद पैथोलॉजी लैब का जायजा लिया था, यहां मरीजों के पर्चा दर्ज करने वाले कम्प्यूटर के पास ही साबुन रखा हुआ था वहीं तार भी अव्यवस्थित थे। इस पर डिप्टी सीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी, लेकिन शनिवार को साबुन जरूर उस स्थान से हटा लिया गया है जबकि तार अभी भी उसी तरह अव्यवस्थित हैं।

फिलहाल, डिप्टी सीएम के निरीक्षण के बाद भी अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार होता नजर आ रहा है।

6 माह पूर्व ही 200 से अधिक तकिया मरीजों को देने के लिए मंगाए गए थे, हर वार्ड में 20-20 तकिया भिजवाए गए थे, लेकिन स्टाफ की लापरवाही से मरीजों को ये नहीं दिए गए हैं। हालांकि अब सभी वार्ड प्रभारियों को कड़ी चेतावनी दी गई है। वहीं लैब में तारों को व्यवस्थित कराने के लिए भी कहा गया है।

– **डॉ. अलका शर्मा**, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

# कार्डियोलॉजिस्ट की सूची भेजी जाएगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में गंभीर हृदय रोगियों को रेफर करने के खेल पर जल्द ही अंकुश लग सकता है। जिला अस्पताल के निरीक्षण के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को स्वास्थ्य अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने हृदय रोगियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती के आदेश दिए थे। निर्देश के अनुपालन में सीएमओ ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि विशेषज्ञ की तैनाती और वेतन संबंधी सभी कार्य शासन स्तर से किए जाएंगे, विभाग यहां से तैनाती को लेकर इच्छुक विशेषज्ञों की सूची शासन को भेजेगा। उसे ही प्राथमिकता दी जाएगी।

**आईएमए से मांगा जाएगा सहयोग :** सीएमओ के अनुसार, शासन ने विशेषज्ञ को पांच लाख तक वेतन देने का आदेश दिया है। निजी मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या काफी अधिक है। इसे लेकर जल्द ही आईएमए के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सहयोग मांगा जाएगा। जल्द से जल्द प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा, जिससे मरीजों को लाभ मिल सके।

### वॉक इन इंटरव्यू से भरे जाएंगे खाली पद

डॉक्टरों के पद : विशेषज्ञों के साथ ही जिले में अन्य डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने के लिए लगातार वॉक इन इंटरव्यू विभाग की ओर से होंगे। एक सप्ताह पूर्व हुए इंटरव्यू का परिणाम भी सोमवार से मंगलवार तक जारी कर दिया जाएगा।

- डिप्टी सीएम के आदेश के बाद जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती की तैयारी
- आईएमए का लिया जाएगा सहयोग, शासन को भेजे जाएंगे नाम, मंजूरी के बाद होगी तैनाती

### जिला अस्पताल में इन विशेषज्ञों के पद हैं रिक्त

हृदय रोग विशेषज्ञ के साथ ही गुर्दा, लिवर समेत अन्य विशेषज्ञों के पद बीते करीब 12 साल से रिक्त हैं। शासन स्तर से भी कई बार विशेषज्ञों के रिक्त पदों की सूचना विभाग से मांगी गई है, लेकिन स्थिति जस की तस है, हालांकि अब डिप्टी सीएम के आदेश के बाद विशेषज्ञों की तैनाती की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

# अपने हक को त्यागना ही रामायण

**बरेली, अमृत विचार :** संजय नगर स्थित सत्यम बरात घर में चल रही श्रीमद्भगवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथाव्यास रमाकांत दीक्षित ने कहा कि अपने हक का त्याग करना ही रामायण है और दूसरों के हक को छीनना ही महाभारत है।

उन्होंने बताया कि भरत का अर्थ जीवन में त्याग है, जिस राज के लिए केकैई ने दुनिया का अपयश अपने सिर पर लिया। वो राजपाठ भरत ने मन की भांति त्याग दिया। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद और ध्रुव ईश्वर के प्रति अटल विश्वास, भक्ति और सत्य की प्रतिमूर्ति हैं। वर्तमान में बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए उन्हें ध्रुव व प्रह्लाद की कथा अवश्य सुनानी चाहिए। इससे उनमें अच्छे भाव व संस्कार जन्म लेते हैं।



आचार्य रमाकांत दीक्षित।

- संजय नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बोले रमाकांत दीक्षित

इस दौरान कन्हैया कन्हैया पुकारा करेंगे आदि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। अरविंद अग्रवाल, आचार्य रामस्वरूप मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विवेक मित्तल, विष्णु शुक्ला, देव दीक्षित अनुराग अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### स्नेह संबंध बनाना है तो ईश्वर से बनाओ



बृजेश पाठक।

**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के सातवें दिन शनिवार को कथा व्यास बृजेश पाठक ने कहा कि इस संसार में सच्चा स्नेही वही है जो हर समय साथ रहता है। ईश्वर से स्नेह रखने से वह लोक के साथ परलोक में भी साथ देते हैं। सुशील अरोरा, रवि छाबड़ा, संजय आनन्द, गोविंद तनेजा, गिरीश आनन्द, कुल संजीव राय, महिला मंडल सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# आधे दिन तक चली ओपीडी बिना इलाज लौटे कई मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** बकरीद के चलते जिला अस्पताल में आधे दिन यानी दोपहर 12 बजे तक ओपीडी का संचालन हुआ। जानकारी के अभाव में दोपहर बाद पहुंचे मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ा। नियमानुसार साढ़े ग्यारह बजे पर्चा काउंटर बंद हो गया। इस दौरान कई बुजुर्ग रोगियों की कर्मचारियों से तकरार भी हुई। 357 मरीजों का पंजीकरण हुआ।



जन औषधि केंद्र पर मरीजों की भीड़।

### जन औषधि केंद्र खुलने से मिली राहत

नई टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को डिप्टी सीएम ने जिला अस्पताल के नए जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इससे मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है। शनिवार को ओपीडी बंद होने के बाद भी जो पुराने रोगी दवा लेने के पहुंचे लेकिन फार्मेसी बंद होने के बाद भी केंद्र से सस्ते दामों पर मरीजों को दवा मिल सकी। करीब एक बजे तक केंद्र की खिड़की पर मरीजों की कतार दिखी।

# विभिन्न संकायों में 3400 विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः बरेली कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया तेजी से चल रही है। आंकड़ों के अनुसार अब तक 3400 विद्यार्थी विभिन्न संकायों में पंजीकरण करा चुके हैं। सबसे ज्यादा बीए प्रथम वर्ष में 1465 पंजीकरण हुए हैं। कॉलेज परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य औपचारिकता पूरी करने के लिए पहुंच रहे हैं।

विज्ञान वर्ग में बीएससी (बायोलॉजी) प्रथम वर्ष में 602 छात्रों ने नामांकन कराया है, जबकि बीएससी (मैथ्स) में 224 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। बी कॉम प्रथम वर्ष में अब तक 505 छात्रों का पंजीकरण हो चुका है। इसके अतिरिक्त बीकॉम (ऑनर्स) में 173 छात्रों ने नामांकन कराया है। तकनीकी शिक्षा में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों ने भी अच्छी संख्या में पंजीकरण कराया है।

बीसीए में 235 और बीबीए में 196 छात्रों ने पंजीकरण कराया है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार आगामी दिनों में यह संख्या और भी बढ़ने की संभावना है, क्योंकि प्रवेश प्रक्रिया अभी जारी है। कॉलेज की वेबसाइट और हेल्प डेस्क के माध्यम से छात्रों को नियमित जानकारी दी जा रही है। सभी संकायों में प्रवेश मेरिट सूची के आधार पर किया जा रहा है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि विद्यार्थियों की रुचि एवं संख्या को देखते हुए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाओं और सुविधाओं की योजना बनाई जा रही है, जिससे सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

- बरेली कॉलेज : बीए प्रथम वर्ष में सबसे ज्यादा 1465 पंजीकरण
- प्रतिदिन सैकड़ों छात्र दस्तावेज सत्यापन कराने पहुंच रहे

### परास्नातक द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर के प्रवेश पत्र जारी

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से परास्नातक कैंपस के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश पत्र अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, जिन्हें छात्र-छात्राएं डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और प्रिंट आउट लेकर परीक्षा के दिन साथ लेकर आएं। बिना प्रवेश पत्र के किसी भी छात्र को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि किसी विद्यार्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या आती है तो वह संबंधित विभाग या विश्वविद्यालय की हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकता है।

### भूगोल विषय की परीक्षा अब 10 को

बरेली कॉलेज में बीए छठे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए भूगोल विषय की परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया है। पहले यह परीक्षा 7 जून को निर्धारित थी, लेकिन अब इसे तीन दिन आगे बढ़ाकर 10 जून को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कॉलेज प्रशासन ने सूचना जारी की है। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया गया है कि वे नवीन तिथि के अनुसार अपनी तैयारी करें और परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें।

## ओपीडी में सांस रोगियों की भरमार, कोविड जांच हुई सिर्फ दो की

**बरेली, अमृत विचारः** प्रदेश में कोविड के नए मामले सामने आने के बाद शासन ने सांस रोगियों की जांच अनिवार्य रूप से करने के आदेश दिए हैं, लेकिन जिला अस्पताल की लैब में सिर्फ दो ही मरीजों की जांच की गई। जबकि ओपीडी में बड़ी संख्या में सांस रोगी पहुंचे। डॉक्टरों के अनुसार रोजाना 20 से 30 मरीज ऐसे आ रहे हैं जो कि सांस संबंधी रोगों से ग्रसित हैं। इमरजेंसी में भी गंभीर सांस रोगी रोजाना पहुंच रहे हैं, उन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। शनिवार को हार्ट वार्ड में सांस संबंधी रोगों से ग्रसित बुजुर्ग मरीज भर्ती नजर आए लेकिन इनकी भी जांच नहीं की गई है। एडीएसआईसी डॉ अलका शर्मा ने बताया कि सभी डॉक्टरों को कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

# खुदा की बारगाह में झुके हजारों सिर, अमन के लिए दुआ की

## ईद-उल-अजहा: बाकरगंज ईदगाह, दरगाह और मस्जिदों में अदा हुई नमाज, गले मिलकर एक दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता बरेली


**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ईदगाह, दरगाह और मस्जिदों में नमाज अदा कर अल्लाह की बारगाह में हजारों लोगों के सिर सजदे में झुके। नमाज के बाद देश में अमन, एकता और खुशहाली के लिए दुआ की गई।

शहर में मुख्य नमाज बाकरगंज स्थित ईदगाह में 10 बजे काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा कादरी (असजद मियां) ने अदा कराई। हजारों लोगों ने नमाज अदा की। उसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया, जो 9 जून तक चलेगा। नमाज के बाद खुत्बा पढ़ा, उसके बाद खुसूसी दुआ की। सभी से गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। जमात रजा मुस्तफा के महासचिव फरमान मियां व ईदगाह कमेटी के सदर खलील अहमद ने भी सबको गले मिलकर मुबारकबाद दी।

सबसे पहले बाजार संदल स्थित दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद में 5 बजकर 35 मिनट पर नमाज अदा की गई। दरगाह के नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत स्थित रजा मस्जिद में मुफ्ती जईम रजा ने 10.30 बजे नमाज अदा कराई। दुआ अल्लामा तौसीफ रजा खान (तौसीफ मियां) ने की। दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां, मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी, नासिर कुरैशी, मंजूर रजा, हाजी जावेद खान, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, शाहिद नूरी, ताहिर अल्वी, नाजिम रजा आदि ने नमाज अदा कर एक दूसरे को गले लगकर मुबारकबाद दी।

दरगाह ताजुश्शरिया पर सुबह 6.30, दरगाह शाह शराफत अली मियां में 7, खानकाह-ए-वामिकिया निशातिया में 7.30, दरगाह बशीर मियां में 8.30, खानकाह-ए-नियाजिया, किला की जामा मस्जिद, दरगाह नासिर नौमहला मस्जिद व दरगाह शाहदाना वली पर 9 बजे नमाज अदा की गई। गढ़ी मस्जिद में नमाजियों की संख्या अधिक होने के चलते यहां दो शिफ्टों में नमाज अदा कराई गई। पहली शिफ्ट में 7 और दूसरी शिफ्ट 7.30 बजे नमाज अदा की गई।

**घरों में तरह-तरह के बने पकवान :** ईद पर कुर्बानी के बाद घरों में सेवई, खीर के साथ तरह-तरह के पकवान बनाए गए। इसके बाद दावतों का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहेगा। शहर में कई जगह बच्चों के लिए मेले भी लगे।



ईद-उल-अजहा पर बाकरगंज स्थित ईदगाह पर नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार



खानकाहे नियाजिया पर नमाज अदा कराने के लिए जाते सज्जादानशीन।



बच्चों ने भी गले मिलकर दी ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद। ● अमृत विचार

### शिया जामा मस्जिद में इमाम-ए-जुमा ने पढ़ाई नमाज

शिया जामा मस्जिद किला बाजार साहूकारा में ईद-उल-अजहा की नमाज इमाम-ए-जुमा मौलाना शम्सुल हसन खां ने अदा कराई। शानू काजमी ने बताया कि मुल्क के लिए इमाम-ए-जुमा ने नमाजियों के साथ दुआ की। हाजी शकील हैदर, रिजवान रिजवी बरेलवी, हसन रिजवी नन्हा, जमाल जैदी, काजी इरफान अहमद, मीसम अब्बास रिजवी आदि मौजूद रहे।

# सुविधाएं परखने को ब्लॉक आवंटित मगर अफसर पहुंचे ही नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** चार्ज संभालने के बाद सीडीओ देवयानी की ओर से ब्लॉकों में सुविधाएं और विकास कार्यों की योजनाओं की प्रगति जानने के लिए जिला स्तरीय चार अफसरों से एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी थी, मगर स्थिति यह है कि दो सप्ताह से ज्यादा का समय गुजरने के बाद भी अभी निरीक्षण शुरू ही नहीं हो सका है। दूसरे कार्यों में व्यस्तता की वजह से निरीक्षण के लिए अफसर नहीं पहुंच सके हैं।

जिले में 15 ब्लॉकों की स्थिति और योजनाओं की प्रगति, ब्लॉकों में सुविधाओं का जायजा लेने के लिए सीडीओ देवयानी ने 19 मई को आदेश जारी किए थे। आगामी सप्ताह में उन्होंने निरीक्षण कर रिपोर्ट मांगी थी। डीडीओ दिनेश कुमार को मीरगंज, फतेहगंज पश्चिमी, शेरगढ़ और भोजीपुरा, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव को बहेड़ी, दमखोदा, नवाबगंज और भदपुरा, उपायुक्त श्रम रोजगार मो. हसीब अंसारी को बिथरी चैनपुर, भुता, फरीदपुर, क्यारा और उपायुक्त स्वतः रोजगार योगेंद्र लाल भारती को रामनगर, आलमपुर जाफराबाद और मझगवां ब्लॉक आवंटित किए गए थे। हालांकि, अभी आवंटित किए गए ब्लॉकों का निरीक्षण करने के लिए अफसर नहीं पहुंच सके हैं। पीडी डीआरडीए अस्वस्थ होने की वजह से नहीं जा सके और अन्य दूसरे सरकारी कार्यों में व्यस्त होने के कारण निरीक्षण नहीं कर सके हैं। संभावना जताई जा रही है कि अगले सप्ताह रोस्टर जारी कर निरीक्षण किए जा सकते हैं।

# डीएम और एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को परखा

● ड्रोन कैमरों से निगरानी, सक्रिय रही क्यूआरटी टीम

**बरेली, अमृत विचार :** बकरीद के मद्देनजर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सतर्क रहे। डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस, पीएसी और आरएएफ के साथ शहर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। जगह-जगह ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। क्यूआरटी टीम भी सक्रिय रहीं।

डीएम और एसएसपी ने बिहारीपुर चौकी, आला हजरत दरगाह वाली गली होते हुए थाना किला क्षेत्र के मलूकपुर तक पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना। दोनों अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और धर्म गुरुओं से भी वार्ता की। सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ प्रथम मौजूद रहे। जिले के सभी 28 थाना क्षेत्रों में सुबह 5.30 से 11.30 बजे 179 ईदगाह, 1265 मस्जिदों में नमाज सकुशल संपन्न कराई गई।



शहर में पैदल भ्रमण करते डीएम अविनाश सिंह व एसएसपी अनुराग आर्य।

### ऐसी रही सुरक्षा व्यवस्था

जिले को 9 जोन और 28 सेक्टरों में बांटा गया। 56 क्यूआरटी टीमें लगाई गईं। यूपी 112 की 90 गाड़ियां संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमणशील रहीं। 2 कंपनी पीएसी, 1 कंपनी आरएएफ और ड्रोन की निगरानी के लिए चार टीमें लगाई गईं। शहर में जगह जगह फ्लैग मार्च किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन बरेली से 16 आर्म्ड गाड़र्स संवेदनशील स्थानों पर तैनात किए गए। करीब 1700 पुलिस कर्मी सुबह 4 बजे से शाम तक भ्रमणशील रहे। 12 लोगों की टीम सोशल मीडिया पर निगरानी करती रही।

# इंटरनेट पर सतर्कता को आदत में शामिल करें

● चैंबर की महिला कमेटी की ओर से बरेली क्लब में कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की महिला कमेटी की ओर से समसामयिक मुद्दों को लेकर कार्यशाला का आयोजन बरेली क्लब में हुआ, जिसमें लेब ग्रोन डायमंड, साइबर अपराध से सुरक्षा, बैंकिंग जागरूकता और शेयर बाजार में निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई।

साइबर एक्सपर्ट शालू यादव ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इंटरनेट पर सतर्कता को अपनी आदत बनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें। बैंकिंग सत्र में दीपिका ने महिलाओं को खातों की सुरक्षा, अलग-अलग तरह की बचत योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के फायदे बताए। शेयर बाजार पर भी सत्र हुआ। इस दौरान निवेश सलाहकार राजीव सिंघल ने महिलाओं को शेयर बाजार के मूल सिद्धांत, जोखिम प्रबंधन, लंबी अवधि के लाभों के बारे में जानकारी दी।

महिला कमेटी की चेयरमैन अमिता अग्रवाल ने कहा कि आज की महिलाएं सिर्फ घर में ही नहीं बल्कि समाज, बाजार और डिजिटल दुनिया में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। यह कार्यशाला उन्हें इन सभी क्षेत्रों की समझ और आत्मविश्वास दिलाने की दिशा में एक अच्छी पहल है। लेब ग्रोन डायमंड सत्र का संचालन करते हुए निधि अग्रवाल ने बताया कि किस प्रकार ये डायमंड पर्यावरण के अनुकूल हैं। नैतिक रूप से निर्मित हैं और पारंपरिक हीरों की तरह ही मूल्यवान होते हैं। अन्य महिलाओं ने उनकी ओर से प्रस्तुत किए गए आभूषणों को देखा और कई तकनीकी सवाल पूछे, जिसके जवाब दिए गए। इसके बाद साइबर क्राइम और डिजिटल सुरक्षा पर विशेष सत्र हुआ। इस दौरान संगीता अग्रवाल, संगीता कटरू, नीलू मेहदीरत्ता, निधि, सुरभि अग्रवाल, अंबुज गुप्ता आदि ने कहा कि, इस तरह के आयोजनों से आत्मविश्वास और प्रेरणा मिलती है।



कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट शालू को स्मृति चिह्न देतीं अमिता अग्रवाल।



कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागेदारी रही। ● अमृत विचार

# पौधों को बच्चों की तरह पालने की जरूरत

**बरेली, अमृत विचार :** भारत तिब्बत सहयोग मंच की ओर से विश्व पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा के तहत शनिवार को गोष्ठी का आयोजन हरदुआ में हुआ।

विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि उजड़ते पर्यावरण के कारण जीवन बीमारियों से घिर गया है। अगर इन सबसे बचना चाहते हैं तो पौधों को बच्चों की तरह पालने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम संकल्प के साथ पौधे रोपे जा रहे हैं। ये पौधे न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक हैं, बल्कि मातृभूमि तथा मातृ शक्ति के प्रति हमारी अगाध श्रद्धा का भी भाव है। भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष नत्थू लाल आर्य, युवा विभाग से अनुराग राठौर, अरविंद पाल, मुकेश पाल, राम मोहन गंगवार, महिला विभाग से संगीता सिंह, राजकुमारी, पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ से डॉ राजेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# बकरीद के दिन कई इलाकों में बना रहा बिजली संकट

● फाल्ट तो कहीं ट्रांसफार्मर का जंपर जल गया, लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बकरीद के दिन भी शहर में बिजली का संकट रहा। सीबीगंज और कुतुबखाना इलाके में अधिक बिजली कटौती की गई। इसकी वजह से लोगों को दिक्कत हुई।

सीबीगंज क्षेत्र के लोहिया बिहार लीची बाग रामपुर रोड, स्वालेनगर आदि जगहों पर शुक्रवार रात 2 बजे फाल्ट से सुबह तक आपूर्ति बाधित रही। महानगर सब स्टेशन के मुंशीनगर, सरदार जी कॉलोनी आदि जगहों पर भी बिजली का संकट रहा। शाहदाना सब स्टेशन के गंगापुर, दुर्गा देवी मंदिर आदि इलाके में भी बिजली गुल रही। सुभाष नगर और सिविल लाइंस इलाके में फेस नहीं आने की समस्या से लोग परेशान होते रहे।

शनिवार सुबह सनसिटी सब स्टेशन के सौ फुटा रोड, बन्नूवाल नगर आदि इलाके में लोकल फाल्ट से बिजली गुल रही। जगतपुर सर्विस स्टेशन के पशुपति बिहार इलाके में फेस नहीं आने की समस्या ने परेशान किया।

हरूनगला के सेक्टर पांच रामगंगा नगर में ट्रांसफार्मर में खराबी होने के चलते दो से तीन घंटे आपूर्ति बंद रही। सुबह 10:30 बजे सिविल लाइंस प्रथम सब स्टेशन के स्टेशन रोड पर ट्रांसफार्मर का जंपर जल गया। इससे आपूर्ति बाधित हुई। सीबीगंज कोहड़ापीर, मिशन सब स्टेशन, महानगर, दुर्गा नगर डेलापीर इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।

# गन्ने की वैज्ञानिक विधि से खेती करने की दी जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) की ओर से चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों, तकनीकी अधिकारियों एवं छात्रों की टीमों ने बरेली, बदायूं और रामपुर जिलों के 27 गांवों का दौरा किया। इस दौरान किसानों को गन्ने को वैज्ञानिक तरीके से करने, खरीफ फसलों के प्रबंधन, कृषि पद्धतियों और पशुपालन से जुड़ी जानकारी दी गई। संस्थान की संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि रामपुर जिले के एक किसान ने सुझाव दिया कि यदि हर महीने उनके गांव में पशुधन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए, तो उनके पशुओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समय पर समाधान हो सकेगा।

## सार-संक्षेप

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करना आवश्यक



**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल (एस) की मासिक बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष अनुज कुमार गंगवार एडवोकेट की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के संस्थापक एवं पिछड़ों और दलितों के मसीहा डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती दिवस दो जुलाई को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर धूमधाम से मनेगी। इसी दिन से जिले की सभी विधानसभाओं में आगामी जिला पंचायत समेत अन्य चुनावों की तैयारियां शुरू की जाएंगी। मुख्य अतिथि सतीश ऋषिवाल ने कहा कि जोन स्तर से लेकर गांव के बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना आवश्यक है। जिला महासचिव अजय गंगवार, गोपेंद्र पाल एडवोकेट, योगेंद्र पटेल, इं. मनीष कुमार, परितोष विजेता, हेमन्त कुमार, अतुल पटेल, अक्षर सक्सेना, आयुषी सक्सेना, कंचनलता मिश्रा, करण गंगवार, सुप्रिया सक्सेना, राम कृष्ण गंगवार, विजय गुप्ता, महेश कन्नौजिया, देवेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

### कैंप लगाकर राहगीरों को बांटा शरबत



**बरेली, अमृत विचार :** गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शनिवार को सर्किट हाउस चौराहा पर राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। सचिव अरुण शर्मा ने बताया कि समिति के सभी सदस्य गायन कार्यक्रमों के अलावा अन्य सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भी अपना पूरा सहयोग दे रहे हैं। करीब 200 गिलास शरबत बांटा गया। अध्यक्ष अशोक सक्सेना, एसपी ओबेरॉय, कैलाश चंद्र शर्मा, अजय राज, निरंकार ओबेरॉय, सुरेन्द्र गुप्ता, राजीव लोचन, कंचन,नीतू, बेबी, माला आदि उपस्थित रहे।

# कंप्यूटर प्रवेश परीक्षा देने से वंचित छात्रों को एक और मौका

**सीबीगंज, अमृत विचार :** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ओर से कराई गई कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा में 5 व 6 जून को ग्रुप ए में कई परीक्षार्थी किन्हीं कारणों से शामिल नहीं हो पाए थे।

ऐसे परीक्षार्थी आठ जून को साढ़े दस बजे, बारह से ढाई और चार से साढ़े छह बजे एवं नौ जून को प्रथम पाली में सम्मिलित हो सकते हैं। राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रुप ए की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रहने वाले परीक्षार्थियों को जिस पाली का प्रवेश पत्र जारी हुआ है, वह उस पाली के परीक्षा केंद्र में सम्मिलित हो सकते हैं।

# संतुलित आहार और सुरक्षित खाद्य प्रथाओं को अपनाने पर जोर



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद सहायक आयुक्त द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव व अन्य।

**बरेली, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की ओर से शनिवार को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित बीएल एग्रो इंडस्ट्री में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

एफएसडीए के सहायक आयुक्त द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव ने मोटापे से होने वाली विभिन्न बीमारियों और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा की, जिसमें संतुलित आहार और सुरक्षित खाद्य प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने उपभोक्ताओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा मानकों, नियमों और स्वच्छ प्रथाओं के पालन के महत्व के बारे में बताया। खाद्य पैकेजिंग और लेबलिंग के महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता के नियम समेत परीक्षणों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आम नागरिकों, होटल और खाद्य निर्माण से जुड़े प्रतिनिधियों सहित विभिन्न लोगों भाग लिया।

# जूनियर स्टेट बास्केटबाल चैंपियनशिप के लिए टीम चयनित

**बरेली, अमृत विचार :** मेरठ में होने जा रही जूनियर स्टेट बास्केटबाल चैंपियनशिप के लिए जिले की टीम का चयन शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। शिवात, लवलेश, अमोस, हरी (हार्टमन कॉलेज), निशांत, शोभित, राजवर्धन (केवी जेएलए), सुभाशीष, संस्कार (बीबीएल ), संभव (क्रैथिक्स पब्लिक स्कूल), पंकज(केवी जेआरसी), अभिसार (बिशप कॉनराड कैंट) का चयन किया गया। वहीं, लक्ष्य मिश्रा (बीबीएल अलखनाथ) व शाष्मित (राधा माधव स्कूल) को रिजर्व में रखा गया है। वहीं जूनियर बालिका टीम में काव्या, कीर्ति, श्रद्धा, वाणी, कशिश, सिद्धि, अंशिका और आरोही का चयन हुआ है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट : स्टेडियम राइडर्स का ट्राफी पर कब्जा

● स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट प्रीमियर लीग आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित अंडर 12 स्टेडियम क्रिकेट प्रीमियर लीग में शनिवार को फाइनल मुकाबला स्टेडियम थंडर्स और स्टेडियम राइडर्स के बीच हुआ, जिसमें स्टेडियम राइडर्स ने तीन विकेट से मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

थंडर्स की टीम ने 14.5 ओवर में 60 रन बनाए। स्टेडियम राइडर्स के लिए गेंदबाजी में कप्तान मनीषा ने 3.5 ओवर में 15 रन देकर 5 विकेट प्राप्त किए। जबकि टीम के मयंक, मुनाजिम, अभीतोष ने एक-एक विकेट लिया। स्टेडियम राइडर्स की टीम ने लक्ष्य की प्राप्ति 10.5 ओवर में पूरी कर ली। बल्लेबाजी में मनीषा ने 27 गेंद में 22 रनों की नाबाद पारी खेल कर टीम को जीत दिलाई और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मयंक, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मनीषा, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टूर्नामेंट आरुष को और उभरते हुए खिलाड़ी का पुरस्कार विराट सोलंकी को मिला। मुख्य अतिथि बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, आरएसओ जितेंद्र यादव व विशिष्ट अतिथि संजय गंगवार, रजत मल्होत्रा, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव ओपी कोहली रहे। अब्दुल जीशान, सोनेंद्र श्रोत्रिय, अमित कुमार मौजूद रहे।



विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :- 7906732664 9897885429 8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly | MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. | P.G.D.C.A. | B.Ed. | M.Com. | M.A.
B.Sc. (Biotechnology) | B.Sc. (PCM/ZBC) | BCA | BBA | B.A.
B.Sc. (Home Science) | B.Com. | B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# यूरिया बिक्री की होगी जांच शासन ने दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में अप्रैल और मई में यूरिया की अधिक बिक्री करने वाले दुकानदार जांच के दायरे में आ गए हैं। किसान को एक साथ 10 या अधिक बोरी बेचने वालों पर कार्रवाई होगी। शासन के निर्देश पर कृषि विभाग ने दुकानों चेकिंग की रणनीति बनाई है। सोमवार से अभियान शुरू होगा।

आईएफएमएस पोर्टल की समीक्षा में एक अप्रैल 2024 से पांच मई 2024 और 1 अप्रैल 2025 से 5 मई 2025 के बीच हुई यूरिया बिक्री में काफी अंतर पाया गया। बरेली समेत अन्य जनपदों में अधिक मात्रा में यूरिया की बिक्री होने पर शासन ने जांच के लिए निर्देशित किया। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि शासन स्तर पर हुई समीक्षा में यह प्रकाश में आया है कि कई किसानों ने एक ही बार में 10 बोरी से अधिक यूरिया खरीदा है। ऐसे किसानों की जानकारी के साथ ही दुकानदारों का पता लगाया जाएगा। किसानों से अपील है वे खतौनी के आधार पर प्रयोग होने वाली यूरिया ही खरीदें।

# विदेशी कंपनी में नौकरी छोड़ राजेंद्र ने जैविक खेती को बनाया जुनून

शब्या सिंह तोमर, बरेली



पॉली हाउस में राजेंद्र गंगवार व उनके साथी महेश गुप्ता।



भोजपुर रामनाथ में बनाया पॉली हाउस। ● अमृत विचार

- राजेंद्र का उद्देश्य विदेशी नस्लों की अधिक पौष्टिक सब्जी उगाना
- पॉली हाउस में पीली, लाल शिमला मिर्च की कर रहे हैं खेती

**अमृत विचार :** पंतनगर विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग करने के बाद आईआईएम से एमबीए की पढ़ाई करने वाले राजेंद्र ने विदेशी कंपनी में नौकरी छोड़कर जैविक खेती की तरफ कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने तकनीक के सहारे जैविक खेती को अपना जुनून बनाया है। पॉली हाउस बनाकर वह पीली, लाल शिमला मिर्च की पैदावार कर रहे हैं। उनका उद्देश्य जिले में ही विदेशी नस्लों की अधिक पौष्टिक सब्जी उगाना है, ताकि युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जा सके।

भुता क्षेत्र निवासी राजेंद्र गंगवार और उनके साथी महेश गुप्ता दो साल पहले विदेशी कंपनी में इंजीनियरिंग की नौकरी करते थे। उनके मन ने उन्हें जैविक खेती की ओर मोड़ दिया। उन्होंने दो साल पहले अपना चमकता करियर छोड़कर जैविक खेती का सपना साकार करने में जुटे हैं। भुता के भोजपुर रामनाथ गांव में पॉली हाउस बनाया है। पीली और लाल शिमला मिर्च की पैदावार शुरू करने के बाद आने वाले दिनों में गुलाबी भिंडी, लाल बंदगोभी और गुलाबी पत्ता गोभी को पैदा शुरू करने योजना बनाई है। राजेंद्र का कहना है कि उनका उद्देश्य जिले में ही विदेशी नस्लों की अधिक पौष्टिक सब्जी उगाना है, जिससे यहां के लोगों को दिल्ली से इंपोर्ट नहीं करना पड़े।

जैविक खेती की तरफ ज्यादा रुचि दिखाते हुए अब तक दो पॉली हाउस बनाकर उसमें सब्जियां उगा रहे हैं, आगे चलकर ग्रोबैग में सब्जियां उगाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें मिट्टी का संपर्क न के बराबर रहेगा। आठ बीघा जमीन लीज पर लेकर 1 करोड़ से अधिक की लागत लगा चुके हैं, जिसमें 2000 वर्ग मीटर के दो पॉली हाउस बनाए हैं। उनका कहना है कि खेती जुनून है, जिसमें अपना पैसा, मेहनत और सब्र तीनों की आवश्यकता पड़ती है। किसान नई चीजें स्वयं करके सीखता है, लेकिन सही खाद्य पदार्थों के लिए उसका जैविक होना भी जरूरी है, केवल एनपीके खेती को बढ़ावा नहीं दे सकता। इस समय जो जैविक कीटनाशक के रूप में नीम का तेल, सड़े हुए गांजे के पानी को कीटनाशक के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

# रेलकर्मी ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर बहन से 6.77 लाख ठगे

## रुपये मांगने पर गुड़गांव में महिला और उनके बेटे को पिटवाया, शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने छह के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रेलवे में नौकरी दिलाने के झांसा देकर रेलवे कर्मी ने मौसेरी बहन और भांजे से 6.77 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने रुपये मांगने पर पीड़िता और उसके बेटे की पिटाई की और चेन व अंगूठी छीन ली। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने चार नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र में खन्ना बिल्डिंग के पीछे चर्च वाली गली में रहने वाली सीमा ने बताया कि उनके पति की मौत हो चुकी है। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा हाईस्कूल पास है। उनका मौसेरा भाई दिलावर सिंह रेलवे में नौकरी करता है। वह इज्ज्तनगर में रेलवे क्वार्टर में रहता है। दिलावर ने बताया कि रेलवे में अप्रेंटिस में जगह हैं। अप्रेंटिस के बाद तुम्हारे लड़के की नौकरी लगवा दूंगा, लेकिन इसके लिए सात लाख रुपये खर्च होंगे। मौसेरा भाई होने के कारण पीड़िता ने आरोपी दिलावर की बातों पर भरोसा कर लिया। इसके बाद दिलावर ने 20 दिसंबर 2024 को 60 हजार रुपये लेकर पीड़िता को अपने क्वार्टर पर बुलाया। जब पीड़िता दिलावर के क्वार्टर पर पहुंची तो दिलावर का बेटा सचिन, मुस्कान और एक अन्य व्यक्ति बैठा था। दिलावर ने अन्य व्यक्ति की पहचान मुस्कान के पिता और रेलवे के अधिकारी के रूप में कराई। दिलावर ने कहा कि पूरी रकम नगद देनी होगी। तब पीड़िता ने कहा कि वह ऑनलाइन ट्रांजक्शन करेगी। इसके बाद दिलावर ने 60 हजार नगद ले लिए। रुपये लेने के बाद कहा कि मेरा बेटा और मुस्कान भी रेलवे में तुम्हारे बेटे नीरज के साथ अप्रेंटिस करेंगे। इसके बाद प्रार्थिनी से दिलावर, मुस्कान और सचिन के खाते में कई बार में 6.77 लाख रुपये ले लिए।

### दिल्ली बुलाकर दे दिए फर्जी दस्तावेज

पीड़िता ने बताया कि उसने मकान बेचकर आरोपियों को रुपये दिए थे। दबाव बनाने पर आरोपियों ने कहा कि अप्रेंटिस के कागज दिल्ली में मिलेंगे। पीड़िता 16 मई 2025को बेटे नीरज के साथ दिल्ली गई। वहां सचिन और मुस्कान मिले और कहा कि 20 मई को दस्तावेज मिलेंगे। इसके एवज में आरोपियों ने 10 हजार रुपये और ले लिए। आरोपियों ने इसके बाद दस्तावेज दे दिए। 24 मई को पीड़िता ने जब वह दस्तावेज रेलवे के अधिकारियों को दिखाए तो उन्होंने कागज फर्जी बताए। इस पर पीड़िता मुस्कान और सचिन से मिलने के लिए गुड़गांव गई। वहां पर दोनों से रुपये मांगे तो आरोपियों ने वहां के दो लोगों के साथ मिलकर पीड़िता और उसके बेटे को पीटा और सोने की चेन व अंगूठी छीन ली और धक्के देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने गुड़गाव थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट बरेली में दर्ज कराने को कह दिया। पीड़िता ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर दिलावर, सचिन, मुस्कान, मुस्कान के पिता और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### कृपाल दाल मिल के स्वामी पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** दाल व्यापारी को झांसा देकर कृपाल दाल मिल के स्वामी ने ढाई लाख से अधिक की रकम हड़प ली। व्यापारी ने रुपये न मिलने पर जब तगादा किया तो अभद्रता की। एसपी नगर के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने मिल मालिक प्रेम नारायण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी के मारवाड़ी गंज निवासी कैलाश मित्तल ने एसपी सिटी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी फर्म का नाम राम स्वरूप ताराचंद है। वह दाल, राजमा, चना और चावल के थोक विक्रेता हैं। सीताराम मंदिर के पीछे शाहमतगंज निवासी प्रेमनारायण का कृपाल दाल मिल है। उन्होंने पीड़ित से कहा कि वह अपनी दाल उनकी फर्म के माध्यम से बेचें, जिससे दोनों को लाभ होगा। वर्ष 2019 से 2021 तक प्रेमनारायण ने उनसे 11 लाख 29 हजार 711 रुपये का माल लिया था। इसके ऐवज में उन्हें 8 लाख 64 हजार 325 रुपये दिए, जबकि 2 लाख 65 हजार 386 रुपये नहीं दिए। उन्होंने उस वक्त कोरोना महामारी का बहाना बना दिया था।

# जिले में 30 फार्मर स्कूल खुलेंगे, तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- किसानों को सिखाएंगे कम लागत में धान का अधिक उत्पादन

**अमृत विचार:** जिले में धान के 30 फार्मर स्कूल खोले जाएंगे। यहां वैज्ञानिक और कृषि अफसर शिक्षक बनकर किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक खेती के गुर सिखाएंगे। किसानों को वैज्ञानिक फसल बुवाई का समय प्रबंधन, कम लागत में अधिक उत्पादन, फसल चक्र आदि का पाठ पढ़ाया जाएगा।

उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया कि जनपद गन्ना बाहुल्य क्षेत्र है। यहां दो लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की फसल की जाती है। दूसरे नंबर पर गेहूं और तीसरे नंबर पर धान का क्षेत्रफल होता है। मौसम के बदलाव के चलते गेहूं और धान का क्षेत्रफल घटता-बढ़ता रहता है। धान का रकबा बढ़ाने के लिए इस बार जिले के प्रत्येक ब्लाक में दो-दो फार्मर स्कूल खुलेंगे। इसके अलावा पांच सौ से अधिक प्रदर्शन प्लॉट बनाए जाएंगे। प्लांट में धान की रोपाई और उत्पादन वैज्ञानिक, कृषि अधिकारियों की देखरेख में होगा। कृषि विभाग बीच-बीच में आसपास गांवों के किसानों को इन प्लाट का निरीक्षण कराएगा। खेतों पर ले जाकर किसानों को फसल दिखाई जाएगी। बुवाई से लेकर पकने तक समय समय पर किसानों को भ्रमण कराया जाएगा।

# बोगस फर्मों से लेनदेन दिखाने वाली कई फर्में रडार पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कई मामले पकड़े जाने के बाद जीएसटी के अधिकारी कर रहे गोपनीय जांच

**अमृत विचार :** जिले में बोगस फर्मों से लेन-देन दिखाकर हेरा-फेरी करने के मामले में जीएसटी विभाग के अधिकारी कई फर्मों की गोपनीय जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद इन फर्मों पर कार्रवाई की जा सकती है।

हाल के दिनों में कई मामले सामने आए हैं, जिसमें व्यापारियों की ओर से कारोबार करने के लिए गैर राज्यों की बोगस फर्मों से लेन-देन दिखा दिया और जीएसटी विभाग में जमा किए रिटर्न में टैक्स चोरी की कोशिश की। अधिकारियों ने जांच शुरू की तो मामला पकड़ में आया। पिछले सप्ताह ही माधोबाड़ी में एक स्क्रैप व्यापारी ने इस तरह का फर्जीवाड़ा किया। तांबा, एल्युमीनियम आदि धातु की खरीदारी करने के बाद उसकी बिक्री बोगस फर्मों से दिखा दी, इससे राजस्व को चूना लगाने का प्रयास किया। जांच में सामने आया था कि चार साल में पांच करोड़ का स्क्रैप बेचने पर 18 फीसदी के हिसाब से 90 लाख के कर की देनदारी बनती है, मगर व्यापारी ने जीएसटी विभाग में जमा सिर्फ दो लाख ही किए थे। शक गहराने पर जांच में खुलासा हुआ। इससे पहले भी कई फर्में पकड़ी गईं, जो गैर राज्यों की बोगस फर्मों से खरीद-फरोख्त दिखा रहीं थीं। इस तरह के मामले पकड़े जाने के बाद जीएसटी अधिकारियों ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। 15 से 20 फर्में संदिग्ध पाई गईं हैं, जिनकी जांच की जा रही है। डिप्टी कमिश्नर एसआईबी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि जांच के बाद गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जा सकती है।

# छेड़छाड़ का आरोपी तमंचा सहित गिरफ्तार



**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को तमंचा और कारतूस के साथ शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय के अनुसार एक धार्मिक स्थल के पास रहने वाले रईस के खिलाफ महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला का आरोप है कि 4 जून को आरोपी ने घर में घुसकर उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# 2.53 लाख की नहीं बनी फार्मर रजिस्ट्री सम्मान निधि पर असमंजस बरकरार

- 20 जून को जारी होगी सम्मान निधि की 20 वीं किस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के मामले में प्रदेश में जिले की स्थिति भले ही ठीक हो, लेकिन किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त को लेकर असमंजस है, क्योंकि अगर 20 जून को किसान सम्मान निधि आती है तो फार्मर रजिस्ट्री न बनवा पाने वाले किसानों को इसका लाभ मिलेगा या नहीं, इस पर अधिकारी कुछ स्पष्ट नहीं कह पा रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार जिले में 47 फीसदी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा नहीं हुआ है। मोबाइल पर ओटीपी नहीं आ रहा तो किसी के आधार कार्ड में त्रुटि है। 20 जून को सम्मान निधि की 20 वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जारी करेंगे। ऐसे में किसानों से अपील की गई है कि वे जनसेवा केंद्रों के माध्यम से जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री करवा लें। जिले में 5.45 लाख किसान सम्मान निधि के लिए पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इनमें 2.53 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अधूरा है।

उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह बताते हैं कि किसान त्रुटि सही कराकर जनसेवा केंद्र से फार्मर रजिस्ट्री कार्य करा सकते हैं। अपील की आधार कार्ड पर लिखे नाम के आधार पर खतौनी में संशोधन कराकर फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसान आवेदन करें। 31 दिसंबर को मियाद पूरी होने पर सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री बनाने की अंतिम तारीख 31 मार्च कर दी थी। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट कर दिया था कि फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनने पर सम्मान निधि रोक दी जाएगी।

### वैज्ञानिकों ने किसानों से किया संवाद

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ अशोक कुमार तिवारी के निर्देशन व नोडल आफिसर डॉ. एमपी सागर के समन्वय में वैज्ञानिकों की तीन टीमों ने पीलीभीत के दो विकासखंड बीसलपुर व बरखेड़ा के नौ गांवों में किसानों को मुर्गी पालन कर आय बढ़ाने के बारे में जागरूक किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के दसवें दिन शनिवार को टीमों ने किसानों के उत्थान के लिए चलाई जा रहीं परियोजना के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ ने किसानों को धान व सब्जियों की नर्सरी लगाने की वैज्ञानिक विधि, पोषण वाटिका के बारे में बताया। डॉ. एमपी सागर त्यागी, डॉ. सौरभ तोमर, डॉ दिव्या, डॉ. चंद्र देव, डॉ एसएस ढाका, नरेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# बाल समागम में बच्चों को किया गया पुरस्कृत



श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब जी के प्रकाश पर्व पर प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब जनकपुरी में बाल समागम का आयोजन हुआ, जिसमें 50 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान कीर्तन, गुरमत भाषण, कविता व सिख इतिहास से जुड़े प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

समापन पर गुरु का लंगर बांटा गया। प्रबंधक कमेटी ने बताया रविवार शाम को कीर्तन में पंजाब के महता से गुरजंट सिंह व कथावाचक ज्ञानी मनजिंदर सिंह पहुंचेंगे। इसी क्रम में रोजाना अलग-अलग स्थानों से आए रागी जत्थे कीर्तन गाकर संगत को निहाल करेंगे। मुख्य दीवान 12 जून को सजाया जाएगा। मुख्य सेवादार हर नाम सिंह, रमिंद्र सिंह, रणजीत सिंह, निरमान सिंह बग्गा, परमजीत सिंह दुआ, हरविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### रंजिशन लाठी-डंडों से हमला किया

**सीबीगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव विधौलिया में कुछ लोगों ने रंजिशन युवक पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विधौलिया निवासी सुनील कुमार ने बताया कि पड़ोसी महेंद्रपाल, दिनेश कुमार और राजेश कुमार ने उसकी उसके परिवार वालों की शुक्रवार को लाठी डंडों से पिटाई की।

# राज्य स्तरीय चार टॉपर्स को मिलेंगे एक-एक लाख

- लखनऊ में सम्मानित होने वाले चार टॉपर्स में एक सीबीएसई और बाकी तीन यूपी बोर्ड के

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड और सीबीएसई की परीक्षा में राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले इंटरमीडिएट के चार विद्यार्थियों को लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। सभी को एक-एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यूपी बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में जिले की टॉप टेन में स्थान बनाने वाले 17 होनहारों को स्थानीय स्तर पर 21-21 हजार रुपये दिए जाएंगे। साथ ही सभी को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया जाएगा। प्रोत्साहन धनराशि सीधे मेधावियों के खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि यूपी बोर्ड में 12 वीं की तुबा खान, डिंपल मौर्य और रिया सोमवंशी और सीबीएसई की छात्रा स्तुति और छात्र यशस्वी कुमार ने राज्य स्तर पर टॉप तीन में जगह बनाई है। चूंकि स्तुति को बीते दिनों स्थानीय स्तर स्कूटी देकर सम्मानित किया जा चुका है, इसलिए बाकी तीन टापर्स को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। 10 वीं और 12वीं की परीक्षा में टॉप टेन के 20 छात्र-छात्राओं में से 17 को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाना है। इन मेधावियों के बैंक खाते का विवरण जुटाया जा रहा है ताकि कार्यक्रम तिथि आने पर संबंधित छात्र के खाते में प्रोत्साहन राशि ट्रांसफर की जा सके। जिला स्तर पर शासन से तिथि मिलने के बाद कार्यक्रम को कराया जाएगा। हाईस्कूल के दस और इंटरमीडिएट के सात छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### इन छात्र-छात्राओं को किया जाएगा सम्मानित

हाईस्कूल में प्रशंसा, कृष्ण कुमार, शेखर राठौर, आर्यन शाक्य, आयुष गुप्ता, कोमल, आख्या गंगवार, मनीषिका वशिष्ठ , संजू, कविता पटेल और इंटरमीडिएट में अनन्या मौर्य, निम्मी पुन, सादिया खान, खुशबू, अंजली, अनुराग सिंह, इशु शाक्य, महक, अलशिफा और विवेक कुमार शामिल हैं।


Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### 12 दिन बाद पुलिस ने दर्ज की चोरी की एफआईआर

**आंवला, अमृत विचार :** 12 दिन पहले घर से दिन दहाड़े जेवर और नकदी चोरी हो गई थी। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी। परंतु पुलिस ने कार्रवाई करने के स्थान पर उसे भगा दिया। पीड़िता ने उच्च अधिकारियों को अपनी पीड़ा बताई। उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पैगा गांव निवासी किरन पत्नी सुरेश ने बताया 26 मई की दोपहर करीब 1बजे वह पड़ोस में सब्जी लेने गई थी। वापस लौटने पर उसके घर का दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचने पर देखा तो घर से गहने और 40 हजार की नकदी चोरी हो चुकी थी। जानकारी करने पर गांव के ही राजेंद्र, सपना का नाम सामने आया। सभ्रात लोगों के सम्मुख दोनों ने चोरी करने की बात कबूल कर जेवर और नकदी वापस लौटाने की बात कही थी। उसने अब उक्त लोगों से अपने रुपये और जेवर मांगे तो वह इनकार कर रहे हैं। उसने जब पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाए उसे भगा दिया।

### मारपीट में नौ लोग घायल 17 पर रिपोर्ट दर्ज

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** मिलक इमामनगर में दो पक्षों में जमकर लाठियां चलीं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को घर में घुसकर पीटा। पुलिस ने दोनों पक्षों की एक दूसरे के खिलाफ क्रास केस दर्ज की है। मिलक इमामनगर निवासी दानिश ने बताया 5 जून की शाम 9 बजे गांव का शफीक अपने परिजनों को लेकर उसके घर में घुस गया और गाली देते हुए लाठियों से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें वह उसके बहनोई मोहसिन,बुआ मैनाज, बहन फिजा घायल हो गए। शोर मचाने पर सभी हमलावर जान से मारने की धमकी देकर घर से भाग गए। दानिश की ओर से मोहम्मद शफीक, मोहम्मद अनीस,मुजीम, गुलाहसन महमुद्दीन,शानू को आरोपी बनाया गया। मोहम्मद शफीक ने बताया वह 5 जून को 9 बजे मिलाद शरीफ करा रहा था। तभी गांव का दानिश परिजनों को लेकर उसके घर में घुस आया और लाठी –डंडों से मारपीट करने लगा। जिसमें मोहम्मद शफीक, पत्नी फरजाना बी, बेटा अनीस, मोहम्मद अयान, गुलहसन घायल हो गए। शफीक की ओर से बाबू, दानिश, साबिर, सोहिल,असलम, मोहम्मद शकील,मोनिश,फिजा,मैनाज, रोशनी,सलमा के नाम शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### सांड की चपेट में आए बाइक सवार की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव नारीबेहड़ निवासी प्रेमू (30) अपनी ससुराल कटौली क्षेत्र के गांव बेंती देर रात बाइक से जा रहा था। कटौली नागा बाबा मंदिर के पास सामने आए साड़ से बाइक टकरा गई। हादसे में प्रेमू की मौत हो गई। मौत की खबर निलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन और उसकी पत्नी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने बताया कि प्रेमू की शादी करीब 10 साल पहले हुई थी। प्रेमू की पत्नी ने अभी तीन दिन पहले ही एक बच्चे को जन्म दिया था।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

## देर रात दिल्ली से लौटा था युवक, हाईवे से दो किमी दूर कैसे पहुंचा

संवाददाता, मीरगंज



● मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से हुई पहचान

**अमृत विचार :** गूला रेलवे क्रॉसिंग से 100 मीटर धनेटा की ओर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला, उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान अरमान उर्फ राजवीर (22) निवासी बहरोली थाना मीरगंज के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा वह रविवार को तहरीर देंगे।

अरमान दिल्ली में कबाड़े का काम करता था, शुक्रवार रात 2:30 बजे टैक्सी किराए पर करके मीरगंज नल नगरिया चौराहे पर घर जाने को उतरा था। उसके बाद उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। अब रेलवे ट्रैक पर कैसे शव मिला, ये जांच का विषय है। करीब एक किलोमीटर की दूरी पर शव ट्रैक पर मिला है। मृतक के पिता सुरेश ने बताया कि उसके जूते नहीं फटे, कपड़े वैसे ही रहे, कोई खरोंच का निशान नहीं है बस सिर में चोट लगी है। कान के पास गहरा लंबा चीरे का निशान है। शव का पोस्टमार्टम होकर करीब 4:00 बजे घर पहुंचा। मृतक ने करीब एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। लोगों ने बताया वह जुआ खेलने का आदी था। उसके ऊपर कई लोगों का कर्ज हो गया था। प्रधानपति वीरपाल ने बताया शनिवार की सुबह करीब 4:00 बजे उनके पास पुलिस का फोन आया और कहा कि एक लड़का अरमान नाम का व्यक्ति रेलवे ट्रैक पर पड़ा था। फिर 4:30 बजे परिजन रेलवे स्टेशन ट्रैक पर पहुंचे। और शव की पहचान की।

शव पर कोई चोट के निशान नहीं थे, शर्ट भी नहीं फटी थी। मृतक टैक्सी से सुबह 2:30 बजे नल नगरिया चौराहे पर उतरा था। उसके बाद वह रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा ये जानकारी नहीं हो पाई है। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह का कहना है कि इसमें कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्ट रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# भूसे के ढेर में दबकर महिला की मौत

संवाददाता, नवाबगंज



● मृतका के भाई के कहने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**अमृत विचार :** सुबह भूसे के ढेर से जानवरों के लिए भूसा लेने गई महिला की भूसे में दबकर मौत होने का संदेहास्पद मामला सामने आया है। मृतका के मायके वालों ने घटना को संदिग्ध मानकर तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

नगर के वार्ड 4 बिजौरिया मोहल्ला निवासी गंगाराम उर्फ मंगली की पत्नी नन्दरानी (42) शनिवार सुबह सड़क पार अपने दूसरे मकान में रखे भूसे के ढेर में से जानवरों के लिए भूसा लेने गई थी। परिजनों के अनुसार उसके देर तक वापस न लौटने पर जब देखने गए तो भूसे का ढेर धसका देखकर जब भूसा हटाया तो वह बेहोश पड़ी थे। उसे लेकर परिजन डॉक्टर के पास ले गए तो उसे मृत घोषित कर दिया ।इस बीच पहुंचे बहेड़ी के ग्राम गैजरपुर गौटिया निवासी मृतका के भाई सुरेन्द्र सिंह ने घटना को संदिग्ध मानते हुए पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की मांग की, जिस पर पुलिस ने दोपहर बाद बरेली भिजवा दिया।

**महिला के गले पर नीला निशान मिला**

मृतका के गले पर गहरा नीला निशान पाए जाने से घटना संदिग्ध लग रही है, हालांकि कोतवाल राहुल सिंह ने इससे इन्कार करते हुए बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा।

## सार-संक्षेप

### एडीएम प्रशासन ने सेमीखेड़ा चीनी मिल का दौरा किया



**देवरनियां, अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में मशीनों की मरम्मत आदि का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी के आदेश पर एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह और एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। मिल परिसर में बॉयलर हाउस, केन करियर, मिल हाउस, पावर हाउस में चल रहे कार्यों का सत्यापन किया गया। बदले गए मशीनों की गुणवत्ता की जांच की गई। दोनों अधिकारियों ने बताया अभी तक कार्य ठीक तरह से चल रहा है। पेराई सत्र के दौरान बार–बार चीनी मिल में मशीनरी फाल्ट होने से मिल रोकनी पड़ती है। मरम्मत का कार्य इसीलिए किया जा रहा है।

### गर्मी से राहत दिलाने को राहगीरों को शरबत पिलाया



**रिठौरा, अमृत विचार :** सनातन धर्म सदैव लोककल्याण के हित में लगातार धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शरबत, भंडारा आदि का आयोजन करता है। बरेली –पीलीभीत हाईवे किनारे निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में पूर्व लेखपाल दुर्गा प्रसाद, डॉ. हितेंद्र गंगवार, सभासद कमलेश गंगवार, जय गुप्ता,अंशु गुप्ता, ललित गंगवार ने राहगीरों को शरबत पिलवाया। वहीं भुमसेन मंदिर पर महंत दुष्यंत मिश्रा की मौजूदगी में कोटेदार अजय कुमार गुप्ता, सुमित गुप्ता,इंद्रजीत गुप्ता ने भी राहगीरों को शरबत पिलवाया, गर्मी में शरबत पीकर लोगों ने राहत की सांस ली।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर बरात लाने से इनकार

**आंवला, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न करने पर लड़का पक्ष ने बरात लाने से इन्कार कर दिया। लड़का पक्ष दूसरी जगह बरात लेकर चला गया, जवकि लड़की पक्ष शादी तय करने में 7 लाख 30 हजार रुपये से अधिक खर्च कर चुका है। लड़की की मां ने लड़का और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसने बेटी की शादी सहसपुर किसान चौक बिलारी मुरादाबाद निवासी विनीत के साथ तय की थी। 14 जून को बरात आनी है। लड़का पक्ष ने शादी तय करते समय कोई मांग नहीं की थी। परंतु अब दो लाख की नकदी और बुलेट बाइक की मांग कर रहे हैं। असमर्थता जताने पर उन लोगों ने बरात लाने से इन्कार कर दिया है। उसने बताया कि उसे जानकारी मिली है कि उक्त लोग विनीत की कहीं बरात लेकर गए हैं। जबकि वह शादी तय करने में सोने की अंगूठी, सोने की चेन, नकदी, खातिरदारी आदि में 7 लाख 30 हजार से अधिक रुपये खर्च कर चुकी है। लड़का पक्ष के शादी से इन्कार करने से वह और उसका परिवार मानसिक रूप से परेशान है। पीड़िता ने विनीत और उसके पिता पिता करन सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शराब के नशे में तीन घंटे धूप में पड़ा रहा युवक

**बहेड़ी , अमृत विचार :** शेरगढ़–शाही मार्ग पर मुख्य बाजार में एक युवक शराब के नशे में धूप में तीन घंटे तक एक दुकान के सामने अर्धनग्न अवस्था में पड़ा रहा। इस दौरान किसी ने इस उस पर ध्यान नहीं दिया। युवक ने कई बार उठने का प्रयास किया, लेकिन वह हर बार बराबर में बहते नाले में जा गिरता। इस तरह थाने का एक होम गार्ड नशे में रोड पर ड्यूटी टाइम में पड़ा रहा। युवक को नाला में गिरता देख लोग सकते में आ गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। स्वास्थ्य विभाग की 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन ईएमटी कर्मचारी मदद के लिए इंतजार करते रहे। इसके बाद यूपी 112 मौके पर पहुंची, लेकिन उसे उठाया नहीं। आखिरकार एंबुलेंस के कर्मचारी और स्थानीय दुकानदारों ने किसी तरह युवक को नाला से बाहर निकाला और एंबुलेंस तक पहुंचाया। इलाज के बाद उसे राहत मिली, हालांकि देर शाम तक उसे होश नहीं आया था। शेरगढ़ सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेन्द्र सिंह ने बताया युवक बेहोशी की हालत में था जो दो तीन घंटे इलाज के बाद भी पूरी तरह होश में नहीं आया है। वह अपना नाम पता नही बता पाया। इसके बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### ठिरिया बन्नोजान में साप्ताहिक भागवत कथा शुरू

**नवाबगंज, अमृत विचार :** क्योलड़िया के ग्राम ठिरिया बन्नोजान में शनिवार से भागवत कथा शुरू हुई ।यहां कथावाचिका हरदोई की सोमवती खत्री ने पहले दिन राजा परीक्षित की कथा सुनाई ।प्रधान लालाराम की ओर से आयोजित इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला –पुरुषों ने कथा सुनीं। कथा आयोजक ने बताया विश्राम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# ब्रह्मदेव स्थल पर बाबा साहब की प्रतिमा लगाने से तनाव



गांव में बिना परमिशन के रातोंरात लगाई गई बाबा साहब की प्रतिमा।

संवाददाता, नवाबगंज

● प्रशासन ने बिना अनुमति लगाई प्रतिमा को हटाने की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** गंगापुर गांव में आंबेडकर वादियों ने रातोंरात ब्रहमदेव स्थल के लिए आरक्षित भूमि पर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगा दी। दूसरे पक्ष की शिकायत पर अधिकारियों ने प्रतिमा लगाने वालों को 24 घंटे में प्रतिमा न हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

मजरा गंगापुर स्थित ब्रहमदेव स्थल पर पूर्व में भी आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को चबूतरा बनाकर बाबा साहेब की फ्लेक्सी लगाकर जयंती मनाई गई थी। शिकायत पर प्रशासन ने फ्लेक्सी को हटावाया था। इसके बाद रात में फिर फ्लेक्सी पुनः लगाई थी। शुक्रवार देर रात इन लोगों ने इस स्थल से फ्लेक्सी हटाकर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित कर दी। शनिवार सुबह प्रतिमा को लगा देख गांव में एक बार फिर तनाव के हालात बन गए। एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस और प्रशासन ने दोनों पक्षो को बुलाकर समझाने का प्रयास किया, लेकिन सारे दिन चली वार्ता के बाद भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला। जिस पर तहसीलदार और सीओ ने कल तक प्रतिमा न हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि बिना अनुमति के लगाई गई प्रतिमा हटाने की चेतावनी के साथ ही इन लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर भी दे दी गई है। वहीं प्रतिमा लगाने वालों के समर्थन में आईं पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरु सिंह सागर ने ब्रहमदेव स्थल की नाप कर बाकी के अवैध कब्जे हटवाकर प्रतिमा की स्थापना के लिए ग्राम समाज का कोई अन्य उपयुक्त स्थल आवंटित करने की मांग अधिकारियों से कर मामले का निस्तारण करने की अपील की है।

# कन्हैया मित्तल के भजनों पर झूमे भक्त

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** राम लीला मैदान में श्री श्याम वंदना महोत्सव हुआ। जिसमें भजन सम्राट कन्हैया मित्तल चंडीगढ़, ट्विंकल शर्मा दिल्ली, प्रणाम मित्तल दिल्ली, अरनव सक्सेना बाजपुर से भजन सुनाने आए। राज भर श्रद्धालु कन्हैया मित्तल के भजनों पर झूमते रहे।

कार्यक्रम का आयोजन श्रीखाटू श्याम बालाजी सेवा समिति बहेड़ी ने कराया जिसमें हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी आए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शंकर गुप्ता, अजीत कनौजिया, भुपेंद्र कुर्मी ब्लॉक प्रमुख शेरगढ़, सौरभ शर्मा, राजीव गंगवार,अंकित रस्तोगी, गौतम ठाकुर, वीरेश कुमार, सागर देवल, शिवम रस्तोगी, और ओमेंद्र गंगवार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



राम लीला मैदान में भजन सुनाते कन्हैया मित्तल। ● अमृत विचार

# रिश्वत न देने पर पुलिस पर पीटने का आरोप

संवाददाता, फरीदपुर

● थाना प्रभारी का कहना है पुलिस को देखकर आरोपी छत से कूदा

**अमृत विचार :** स्कूल में एक व्यक्ति ने बच्चों से अप्रैल में मारपीट की थी, प्रिंसिपल ने उस पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसने वकील के माध्यम से जमानत कराई थी।

परिजनों का आरोप है पुलिस ने उसे जांच के बहाने थाने ले जाकर मारपीट की, जिससे उसके हाथ- पैर टूट गए। वहीं थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच के लिए आरोपी के घर गई थी, वह पुलिस को देखकर छत से कूद गया था, जिससे वह घायल हो गया। थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर परेवा निवासी भूरे सिंह ने बताया उसका 7 अप्रैल को स्कूल में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिस पर स्कूल की प्रधानाचार्या ने उसके और उसके बेटे राहुल के खिलाफ फरीदपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद उसने 8 मई को न्यायालय से जमानत करा ली। उसका आरोप है 2 जून की रात लगभग 9:00 बजे देवरनियां चौकी इंचार्ज उसके घर पहुंचे और उससे मुकदमे में मदद करने के बदले रुपयों की मांग की। उसके मना करने पर उसे गिरफ्तार कर चौकी ले गए और रात में उससे मारपीट की। जिससे उसका एक हाथ और एक पैर टूट गया, पुलिस ने उसी हालत में उसे परिवार को सौंप दिया। परिजनों ने 108 एंबुलेंस को बुलाकर घायल उसे सीएचसी पर भर्ती कराया। सुबह को चौकी इंचार्ज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और डॉक्टर से पुलिस केस बताते हुए मेडिकल के लिए कहा और शाम तक टाले रहे। उपचार न मिलने पर परिजन उसे लेकर बरेली के निजी अस्पताल ले गए जहां उसके टूटे हाथ पैर का उपचार किया गया।

> आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है, जांच के लिए जब पुलिस उसके घर पहुंची तो वह भागने के लिए छत से कूद पड़ा था, घायल हो गया। आरोपी के लगाए गए आरोप निराधार हैं।
>
> –राधेश्याम, प्रभारी निरीक्षक

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation)
● B.Com (Hons.)
● BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
● MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
● M. Com. ● MCA
● MHA ● MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Journalism/Mass Communication)
● BA (Hons.) in English
● BA (Hons.) in Political Science
● BA (Hons.) in Sociology
● BA (Hons.) in Economics
● BA (Hons.) in Psychology
● B. Lib.
PG Programs
● MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
● MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
● MA (Translation Studies)
● MA (Applied & Clinical Psychology)
● M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# चोरी की बाइक और पार्ट्स के साथ तीन चोर पकड़े

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** पुलिस ने गत वर्ष चोरी गई बाइक के पार्ट्स और एक तमंचा सहित तीन चोरों को गिरफ्ता किया। चोरी में प्रयुक्त एक बाइक को भी सीज किया है।

नबावगंज के गांव रत्नानंदपुर निवासी सुरेंद्र की बाइक भोजीपुरा से चोरी हो गई थी, जिसका भोजीपुरा में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया शनिवार सुबह 11 बजे नैनीताल हाईवे किनारे भैरपुरा बाजार से तीन चोरों को पकड़ा। आरोपियों की पहचान अमन,अर्जुन उर्फ रैपर, मोहित निवासी टयूलिया फतेहगंज पश्चिमी के रूप में हुई। इनके कब्जे से चोरी में बाइक और एक बाइक का पहिया और अन्य पार्ट्स बरामद हुए। अमन के पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस आरोपियों की बाइक को सीज कर दिया है।

# घटिया नाली व सड़क निर्माण की शिकायत

**शीशगढ़, अमृत विचार :** नगर पंचायत में घटिया सामग्री लगाकर नाली और सीसी सड़कों का निर्माण कराने की शिकायत डीएम को एक्स पर पोस्ट करके की। वार्ड नंबर 7 के सभासद जहीर अहमद ने पीली ईंट लगाने का विरोध किया तो ठेकेदार झगड़ा करने लगा। सभासद ने घटिया निर्माण का वीडियो बनाकर एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
टाइपिस्ट एवं रिसेप्शनिस्ट की
बरेली स्थित डायग्नोस्टिक सेन्टर के लिये
सम्पर्क करें एवं बायोडाटा इस नम्बर पर व्हाट्सएप पर भेजें
9068342348

सूचना
मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन् 2013 अनुक्रमांक 0951994 का प्रमाण–पत्र वास्तव में खो गया है। पल्लवी शर्मा पुत्री राम गोपाल शर्मा निवासी माँ मन्दिर के पास नरायन टोला कस्बा बहजोई जिला सम्भल।

सम्बन्ध विच्छेद
सर्वसाधारण सूचित करना पड़ रहा है कि मेरा पुत्र भगवान दास पुत्र वीरपाल व पुत्रवधू प्रेमलता पत्नी भगवान दास उपरोक्त दोनों के आचरण एंव चाल चलन गलत हो जाने के कारण मैने उपरोक्त दोनों को समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होगा। वीरपाल पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम विहारीपुर अजब थाना हजरतपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र उमंग अग्रवाल, पुत्रवधु निमिषा गुप्ता व पौत्री आदया को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अलग कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन–देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मनोज कुमार 47 रामवाटिका बरेली।

वैधानिक सूचना :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# राष्ट्रीय एकता का सूत्र अद्वैत


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक 7 दिन में पहुंचे थे।

जीवन संघर्ष नहीं है। संघर्षपूर्ण जीवन तनाव देता है। पूरे जीवन को संघर्ष मानने का मूल द्वैतवाद है। द्वैतवाद का अर्थ है कि यहां इस जगत में दो प्रमुख पक्ष हैं। एक मैं हूं और दूसरा यह संसार। मैं हूं और दूसरे आप। मैं और तुम दो हैं। आध्यात्मिक तल पर ईश्वर एक है, दूसरा मैं हूं। भक्त और भगवान दो हैं। प्रकृति में प्रकाश और अंधकार का द्वैत है। शीत और ताप का द्वैत है। सब तरफ दो का दर्शन। सृष्टि में अनेक जीव हैं। वनस्पतियां हैं। सबके रूप भिन्न-भिन्न हैं। जैव विविधता खूबसूरत है। सामाजिक क्षेत्र में पंथिक विभाजन हैं। आर्थिक आधार पर गरीब और धनी में द्वैत है। जाति विभाजन में द्वैत है ही। लेकिन भारत में इस द्वैत के भीतर अद्वैत के दर्शन का विकास हुआ। अद्वैत का अर्थ है दो नहीं। दसों दिशाओं में व्याप्त एक ही परम तत्व भिन्न-भिन्न रूपों में रूप प्रतिरूप हो रहा है। पूरे अस्तित्व को एक जानने की अनुभूति ऋग्वेद के रचनाकाल में प्रकट हुई। उपनिषदों में व्यापक हुई। ब्रह्मसूत्रों में सिद्धांत बनी। बादरायण ने व्यवस्था दी। शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन का अभियान बनाया। रूप, लिंग, कुल, वंश, विश्वास, पंथ के आधार पर विभक्त समाज को अविभक्त देखने की दृष्टि अद्वैत कही गई। यह दर्शन निर्विकल्प है।

शंकर के अद्वैत का मूल अर्थ है इस अस्तित्व का प्रत्येक रूप और अंश उस एक ब्रह्म का ही रूप है। बृहदारण्यक उपनिषद में बहुत खूबसूरत ढंग से पूर्ण का अर्थ समझाया गया है। ऋषि कहते हैं, "यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। यह पूर्ण उस पूर्ण का विकास है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। पूर्ण से पूर्ण का गुणा करने पर भी पूर्ण पूर्ण ही रहता है।" बहुत आश्चर्यजनक है यह पूर्ण। इसी पूर्ण के बोध में आनंद ही आनंद है। आचार्य शंकर के शब्दों में कहें तो उपनिषदों का आनंद सत् चित् आनंद है। यही सच्चिदानंद है। आनंद का अपना आनंद है। तैत्तिरीय उपनिषद के ऋषि ने आनंद की मीमांसा की है और बताया है कि मनुष्य की तरुणाई, श्रेष्ठ आचरण, शील और बल संवृद्धि और धरती पर अधिकार यहां आनंद देता है। यहां आनंद के सारे स्रोत भौतिक हैं। ऋषि आगे जोड़ते हैं कि, "लेकिन इच्छारहित ज्ञानी को यह आनंद स्वाभाविक रूप से प्राप्त है।" फिर कहते हैं, इस आनंद का 100 गुना आनंद गंधर्व आनंद है। गंधर्व आनंद संस्कृति का पर्यायवाची है। संस्कृति से जुड़े लोग साधारण मनुष्य की तुलना में 100 गुना आनंद पाते हैं। लेकिन यह आनंद भी इच्छाशून्य ज्ञानी को स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। आनंद के अनेक तल हैं। फिर पूर्वजों और पितरों के स्मरण को आनंदपूर्ण बताया गया है। यह भी अभिलाषाशून्य ज्ञानी को सहज प्राप्त है। आनंद अभीप्सु है। आनंद सब की प्यास है।

कठोपनिषद के ऋषि ने ठीक कहा है कि यह आत्मतत्व प्रवचन से नहीं मिलता और बुद्धि से भी नहीं। शंकराचार्य इसी ज्ञान को भारत के कोने-कोने तक पहुंचाने में संलग्न थे। उन्होंने अपने शिष्यों के साथ देश के प्रसिद्ध तीर्थों का दर्शन किया। तीर्थ केन्द्रों पर भी वेदांत विषय पर उन्होंने आमजनों का प्रबोधन किया और कड़ाई के साथ वैदिक परंपरा के विरोधियों की बातों का खंडन किया। उनके दिग्विजय अभियान में दक्षिण में सेतुबंध पहला पड़ाव था। मार्ग में उन्हें अनेक संतों विद्वानों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने विद्वानों के प्रश्नों के उत्तर दिए। शंकर ने रामेश्वरम में पूजा की। फिर वह पांड्य और चोल क्षेत्रों की ओर बढ़े। जगह-जगह पर शास्त्रार्थ होते थे और वह सदाचरण व वेदांत को श्रेष्ठ बताते रहे। हस्तगिरि पर्वत पर अवस्थित कांचीनगर में आचार्य ने देवी के मंदिर की स्थापना की। फिर वे विदर्भ पहुंचे। राजा ने उनका स्वागत किया। वहां भैरवमातावनुयायियों की संख्या ज्यादा थी। आचार्य ने उन सबके बीच भी वेदांत दर्शन का विचार रखा। कर्नाटक प्रवास में आचार्य का सामना कापालिक मतानुयायियों से हुआ। इस मत का मुखिया आचार्य का विरोधी था। 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' नामक पुस्तक में जयराम मिश्र ने लिखा है कि, कापालिकों की पराजय हुई। आचार्य शंकर ने स्वयं भी महाकापाली भैरव की स्तुति की। फिर आचार्य पश्चिमी समुद्र के प्रसिद्ध तीर्थ गोकरना पहुंचे। शंकर और नीलकंठ का शास्त्रार्थ हुआ।

नीलकंठ और आचार्य के मध्य हुआ प्रश्नोत्तर दर्शन की अमूल्य निधि है। अंततः नीलकंठ ने आचार्य का शिष्यत्व स्वीकार कर लिया। आचार्य शंकर ने शिष्यों के साथ सौराष्ट्र क्षेत्र का भी भ्रमण किया। अनेक स्थानों पर उन्होंने अद्वैत का प्रचार किया। विद्वानों ने उनकी प्रशंसा की। उन्होंने प्रसिद्ध नगरी द्वारिका में प्रवेश किया। यह वैष्णवों का गढ़ था। शंकर के तर्क स्वीकार्य योग्य माने गए। उन्होंने उज्जैनी की यात्रा में भी संवाद बनाया। वे शिष्यों को लेकर महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भी गए। भट्ट भास्कर उस क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान थे। उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की थी। शास्त्रार्थ के दौरान भट्ट भास्कर ने शंकर से सहमति व्यक्त की। परम पूर्ण तत्व को अलग-अलग विभाजित देखना भ्रम है और एकात्म देखना सत्य है। आचार्य का जैन मतावलंबियों से भी शास्त्रार्थ हुआ और उन्होंने उनको भी अद्वैत से सहमत कराया। बौद्ध मतावलंबियों का प्रभुत्व अभी कम नहीं था। अनेक बौद्ध विद्वानों ने वैदिक धर्म स्वीकार कर लिया। वह जगन्नाथ पुरी भी गए। मगध मार्ग से जाते मगधपुर, यमस्तपुर आदि अनेक नगरों में बौद्धों का बहुमत रहा है। मगध में अनेक मत प्रचलित थे। उस समय कुबेर के उपासक, इंद्र के उपासक और यम उपासक आदि अनेक मत थे। वह सब अपने को वेद का अनुयायी मानते थे। शंकराचार्य की अद्भुत प्रतिभा ने उनके अंधविश्वास दूर कर दिए।

आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक 7 दिन में पहुंचे थे। काशी में उन्होंने महादेव विश्वनाथ के दर्शन किए। पूजा की। पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण आचार्य शंकर की धूम थी। वह उत्तर प्रदेश के नैमिषारण्य तीर्थ भी गए। यह प्राचीन काल से ही प्रतिष्ठित स्थान है। यह एक समय वैदिक संस्कृति का महत्वपूर्ण केन्द्र था। यहां कर्मकाण्ड की प्रधानता थी। वहां पहुंचने पर आचार्य को प्राचीन संस्कृति के कोई लक्षण नहीं दिखलायी पड़े। इससे वे बहुत दुखी हुए। वहां बौद्ध तांत्रिकों की प्रधानता थी। आचार्य ने वहां कुछ दिनों तक निवास कर वेदान्त सिद्धान्त का प्रचार किया। उन्होंने इस बात को सप्रमाण सिद्ध किया कि गौतम बुद्ध के सारे सिद्धान्त अद्वैत-सिद्धान्त पर ही आश्रित हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि वहां के लोग वेदोक्त रीति से धर्म-कर्म में प्रवृत्त होकर उपासना में अनुरक्त हुए। इसी प्रकार अयोध्या में भी उनका प्रवास हुआ। उन्होंने बंगाल का भी भ्रमण किया था। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता की नींव वैदिक ऋषियों ने रखी थी। शंकराचार्य ने आगे बढ़कर सांस्कृतिक एकता का विशाल भवन खड़ा किया। एक बार फिर जातिभेद, सांप्रदायिकता, आर्थिक गैरबराबरी, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर आचार्य शंकर जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान की आवश्यकता है।

# हितों का गठजोड़ जो टूट चुका है


डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

अमेरिकी राजनीति के विशाल और जटिल मंच पर कुछ समय से चल रहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला-एक्स-स्पेसएक्स साम्राज्य के मालिक एलन मस्क का रिश्ते कभी सामरिक गठजोड़ और सार्वजनिक समर्थन का प्रतीक था। अब रिश्तों में टकराहट के निशान वॉल स्ट्रीट से लेकर अंतरिक्ष तक जा पहुंचे हैं। ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सरकारी सब्सिडी और ठेके बंद करने की धमकी दी, तो मस्क ने जवाबी कार्रवाई में राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की संभावना तक को हवा दे दी। जुलाई 2024 में जब पेंसिल्वेनिया में ट्रंप की चुनावी रैली पर हुई गोलीबारी ने पूरी दुनिया को हिला दिया तब मस्क ने ट्रंप को अपना समर्थन देने का ऐलान किया, और यह मात्र शब्दों तक सीमित नहीं रहा। इस तरह यह टकराव केवल दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि अमेरिकी सत्ता, आर्थिक हितों और राजनीतिक विचारधाराओं के जटिल जाल का प्रतीक बन गया है। विभिन्न मौकों पर ट्रंप और मस्क ने एक-दूसरे की तारीफ़ों के पुल बांधे और उनके इस भाव को मीडिया हलकों में "ब्रोमांस" का नाम तक दे दिया गया।

यह टकराव केवल दो व्यक्तियों के अहंकार की लड़ाई नहीं है, बल्कि अमेरिकी राजनीति में गहराते विभाजन और बदलती सत्ता संरचनाओं का संकेत भी है। ट्रंप का 'अमेरिका फर्स्ट' राष्ट्रवादी एजेंडा सुरक्षा, पारंपरिक उद्योग और सीमाओं पर केंद्रित है, जबकि मस्क जैसे टेक उद्योगपति नवाचार और वैश्विक व्यापार को प्राथमिकता देते हैं। पिछले दिनों जब ट्रंप ने नासा के प्रमुख पद के लिए मस्क के भरोसेमंद जेरेड इसाकमैन के नामांकन को वापस लिया तो साफ हो गया कि यह गठजोड़ हितों का सौदा था जो टूट चुका है। इस विवाद का सबसे बड़ा आर्थिक असर टेस्ला के शेयरधारकों पर पड़ा। कंपनी के शेयरों में 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जिससे बाजार पूंजीकरण में 150 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ, जो टेस्ला के इतिहास की सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट थी। इससे मस्क की व्यक्तिगत संपत्ति में भी लगभग 26 अरब डॉलर की कमी आई।

इस राजनीतिक प्रेम कहानी के टूटने ने अमेरिकी लोकतंत्र के लिए गंभीर सवाल उठाए हैं। क्या सरकारी नीतियां व्यक्तिगत रिश्तों या आर्थिक ताकतों से प्रभावित होनी चाहिए? क्या कोई अरबपति चुनावी नतीजों को खरीद सकता है? और क्या सत्ता के नशे में राजनेता अपने सहयोगियों को धमकी दे सकते हैं? मस्क ने पहले ही एक नए राजनीतिक दल की संभावनाओं का संकेत दिया है, जबकि ट्रंप उनके व्यापार साम्राज्य को निशाना बना रहे हैं।

इस विवाद ने अमेरिकी राजनीति की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित किया है। पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की ने व्यंग्य करते हुए कहा, 'देखा, बड़े आदमी? राजनीति उतनी आसान नहीं, जितनी तुम्हें लगती थी। 'यह टकराव अब केवल घरेलू मुद्दा नहीं रह गया, यह एक वैश्विक राजनीतिक संस्कृति का प्रतिबिंब बन गया है, जहां सिद्धांतों की जगह व्यक्तिगत नाराजगी और आर्थिक हितों ने ले ली है। जब दो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति एक-दूसरे के खिलाफ हो जाते हैं, तो न सिर्फ उनका बल्कि उस लोकतंत्र का भी नुकसान होता है, जिसकी वे रक्षा का दावा करते हैं। ऐसे में एक पुरानी सीख फिर याद आती है: सत्ता के नशे में अक्सर दोस्ती दुश्मनी में बदल जाती है, और जिसकी बुनियाद निजी स्वार्थ पर टिकी हो, उसका अंत निश्चित है।

# महासागरीय जीवन पर गहराता संकट


अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

> 1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

यह सुखद रहा कि अभी गत वर्ष पहले ही 20 वर्षों की लंबी बातचीत के उपरांत एक सैकड़ा से अधिक देश समुद्री जीवन को बचाने की अहम संधि पर मुहर लगाने को तैयार हुए। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हाई सीज ट्रीटी के तहत 2030 तक दुनिया के 30 फीसदी महासागरों को संरक्षित किए जाने का संकल्प व्यक्त किया। अच्छी बात है कि बीते एक वर्ष में इस संकल्प को लागू करने के लिए सभी देश एक सार्थक प्रयास में जुट गए हैं। गौर करें तो इस संधि में प्रावधान है कि समुद्री जलीय जीवन को संरक्षित करने के लिए निकाय बनेगा और जलीय जीवों को हो रहे नुकसान के आंकलन के लिए नियम बनेंगे। यह संधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अभी तक इस मकसद के लिए फंडिंग और मछली पकड़ने जैसे अधिकारों पर बात बन नहीं पा रही थी। इसलिए कि समुद्र तट से 200 नॉटिकल मील तक के समुद्र पर ही देशों का अधिकार होता है और उसके आगे का हिस्सा खुला समुद्र कहलाता है। अभी तक इसका 1.2 फीसदी हिस्सा ही संरक्षित है। लेकिन इस संधि के तहत अब तय किया गया है कि खुले समुद्र के कौन से इलाके संरक्षित माने जाएंगे। चूंकि अब इस संधि को मूर्त रुप देने की कवायद तेज हो गई है लिहाजा महासागरों में वास कर रहे समुद्री जल जीव-जंतुओं और खनिजों की रक्षा होनी तय है। उल्लेखनीय है कि 1950 के दशक के शुरुआत में समुद्र के कानून को लेकर हुए संयुक्त राष्ट्र के कई सम्मेलनों में समुद्री प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की गई।

1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते को लंदन समझौता कहा जाता है। लेकिन सच यहीं है कि समुद्री प्रदूषण रोकने के अभी तक सभी कानून नाकाफी ही साबित हुए हैं। नतीजतन समुद्री जैव विविधता खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर वर्ष 1970 से देखें तो खुले समुद्र में शार्क की तादाद 70 फीसदी तक घट गयी है। विचार करें तो समुद्री जीवन में प्रदूषण के तीन रास्ते हैं। एक, महासागरों में कचरे का सीधा छोड़ा जाना, दूसरा वर्षा के कारण नदी-नालों में अपवाह से और तीसरा वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से। समुद्र में प्रदूषण के लिए सबसे आम रास्ता नदियां हैं। समुद्र में पानी का वाष्पीकरण सर्वाधिक होता है। संतुलन की बहाली महाद्वीपों पर बारिश के नदियों में प्रवेश और फिर समुद्र में वापस मिलने से होती है।

उदाहरण के लिए न्यूयॉर्क में हडसन और न्यूजर्सी में रैरीटेन जो स्टेटन द्वीप के उत्तरी और दक्षिणी सिरों में समुद्र में मिलती है जिससे समुद्र में प्राणी मंदप्लवक यानी कोपपॉड के पारा प्रदूषण का मुख्य स्रोत है। फिल्टर-फीडिंग कोपपॉड में सबसे ज्यादा मात्रा इन नदियों के मुखों में नहीं बल्कि 70 मील दक्षिण में एटलांटिक सिटी के नजदीक है क्योंकि पानी के तट के बिल्कुल नजदीक बहता है। अमूमन तय प्वाइंट प्रदूषण तब होता है जब प्रदूषण का इकलौता, स्पष्ट और स्थानीय स्रोत मौजूद हो। अंदरुनी भागों में तांबे, सोने इत्यादि का खनन भी समुद्री प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत है। ज्यादतर प्रदूषण महज मिट्टी से होता है जो नदियों के साथ बहते हुए समुद्र में प्रवेश करती है। हालांकि खनन के दौरान खनिजों के निस्सरण से कई समस्याएं उभरकर सामने आती हैं। गौर करें तो खनन का बहुत घटिया ट्रैक रिकार्ड है।

उदाहरण के लिए अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की मानें तो खनन ने पश्चिमी महाद्वीपीय अमेरिका में 40 फीसद से ज्यादा जलोत्सारण क्षेत्रों के नदी उद्गमों के हिस्से को प्रदूषित किया है और इस प्रदूषण का सर्वाधिक हिस्सा समुद्र में मिलता है। वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से भी समुद्र प्रदूषित हो रहा है। मसलन कृषि से सतह का अपवाह, साथ शहरी अपवाह और सड़कों, इमारतों, बंदरगाहों और खाड़ियों के निर्माण से हुआ अपवाह कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस और खनिजों से लदे कणों और मिट्टी को अपने साथ ले जाता है। सड़कों और राजमार्गों से दूषित अपवाह तटीय इलाकों में जल प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है।

इसमें प्रवेश करने वाले 75 फीसद जहरीले रसायन, सड़कों, छतों, खेतों और अन्य विकसित भूमि से तूफानों के दौरान पहुंचते हैं। वैज्ञानिकों की मानें तो जीवाश्म ईंधन का उपयोग, औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन और जंगल की आग इत्यादि से समुद्री जीवन जहरीला बन रहा है। इन वैज्ञानिकों का कहना है कि इनसे उत्सर्जित पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स (पीएएचएस) नामक घातक रसायन की मात्रा समुद्र में लगातार बढ़ रही है और समुद्री जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इसके पीछे 90,000 टन पीएएचएस का उत्सर्जित होना है। उल्लेखनीय है कि पीएएचएस सौ से अधिक घातक रसायनों का समूह होता है, जो कि जीवाश्म ईंधन और लकड़ी के जलने से वातावरण में उत्सर्जित होता है। इन्हें जानलेवा प्रदूषक तत्वों की श्रेणी में रखा गया है।

स्पेन के वैज्ञानिकों ने बायो हेस्पिराइट्स नाम समुद्री शोध जहाज से ब्राजील, अफ्रीका, आस्टेलिया और हवाई द्वीप समेत कई देशों की समुद्री यात्रा कर इन्हें आंकड़ों में सहेजा है। जांच में टीम को 64 पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स मिले हैं जो अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागर में पाए गए। इनमें से कुछ अत्यंत विषैले हैं जो समुद्र को जहरीला बनाने का काम कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि पीएएचएस की प्रति महीने उत्सर्जन की मात्रा इतिहास के सबसे बड़े तेल रिसाव की घटना से चार गुना अधिक खतरनाक है। तेल रिसाव के घातक परिणाम समुद्री जीवों के लिए बेहद नुकसानदायक है।

# तकनीक पर निर्भरता और बच्चों की रचनात्मकता


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

एक शिक्षक के नजरिए से अगर विद्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पिछले 25 वर्षों की यात्रा का आंकलन करें तो बदलाव साफ़ दिखाई देता है। एक समय था जब स्कूलों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारी केवल मंच तक सीमित नहीं होती थी, वह बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की एक समग्र प्रक्रिया होती थी। शिक्षक और छात्र मिलकर एक गीत की धुन निकालते थे, शब्दों का उच्चारण सुधारते थे, हारमोनियम, ढोलक, तबला जैसे वाद्य यंत्रों से अभ्यास करते थे। नृत्य की मुद्राएं स्थानीय लोक परंपराओं से आती थीं और हर प्रस्तुति के पीछे अभ्यास, समझ और रचनात्मकता की एक परत होती थी।

आज जब तकनीक हर हाथ में है और स्कूलों में माइक, स्पीकर और यूट्यूब की पहुंच ने तैयारी के श्रम को आसान बना दिया है, तो कला की वह गहराई भी धीरे-धीरे खोती जा रही है। अब अक्सर होता यह है कि शिक्षक शिक्षिकाएं यूट्यूब पर गाना चला देते हैं, बच्चों को उसी पर थिरकने को या डायलॉग मारने को कहा जाता है, और पूरी प्रस्तुति एक तयशुदा 'कॉपी-पेस्ट' प्रारूप में बदल जाती है। बच्चे न तो गीत का अर्थ समझते हैं, न उसकी धुन में अपना स्वर खोजते हैं, और न ही प्रस्तुति में अपनी मौलिकता जोड़ते हैं।

यह बदलाव केवल मंचीय प्रदर्शन की दिशा नहीं बदलता, यह बच्चों के रचनात्मक विकास पर भी असर डालता है। पहले जहां एक गीत या नृत्य की तैयारी के बहाने बच्चों में समर्पण, अनुशासन, टीमवर्क, आत्म-अभिव्यक्ति और सौंदर्य-बोध जैसे गुण विकसित होते थे, अब वे केवल दिखावे और प्रदर्शन तक सीमित हो गए हैं।

शिक्षक होने के नाते यह चिंता स्वाभाविक है कि यदि हम तकनीक को केवल सहारा बनाकर रखें तो वह एक वरदान है, लेकिन अगर उसी पर निर्भर हो जाएं, तो यह बच्चों की रचनात्मकता को कुंठित कर सकती है। हमें यह याद रखना होगा कि मंच पर चमकते हुए रंगीन परिधान और ऊंचे वॉल्यूम में बजता संगीत ही सांस्कृतिक शिक्षा नहीं है, बल्कि यह वह प्रक्रिया है जो बच्चे को भीतर से गढ़ती है। अगर हम इस प्रक्रिया को ही छोड़ देंगे, तो हमारी प्रस्तुतियां खोखली और सतही हो जाएंगी।

समय के साथ सुविधाएं बदली हैं, लेकिन मूल उद्देश्य अब भी वही होना चाहिए-बच्चों को संस्कृति से जोड़ना, न कि उन्हें सिर्फ किसी वीडियो की नकल करना सिखाना। शिक्षकों का दायित्व है कि हम बच्चों को मंच पर लाने से पहले आत्मा के स्तर पर कला को समझने का अवसर दें। यही शिक्षा की सच्ची सांस्कृतिक भूमिका है।

# सनातन संस्कृति में प्रकृति संरक्षण


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

अग्नि ऊर्जा, प्राण, समृद्धि के प्राकृतिक तत्वों की अपरिहार्य महिमा का निरूपण वेदों की प्रकृति-उपासना सार-वान् बनाता है। भारतीय संस्कृति व चिन्तन में पर्यावरण का वह महत्व है जो मानवीय शरीर में आत्मा का होता है। प्रकृति ने ही भारतीय संस्कृति को नया आयाम दिया है। वैदिक बहुदेववाद विभिन्न प्राकृतिक तत्त्वों के सापेक्षित महत्व के पर्यावरणीय तथ्य का प्रकारान्तर से प्रतिपादन करता है। पर्यावरण ही मानव-जीवन का मूल। भारत की सनातन संस्कृति जो वेदों से विकसित हुई, उन वैदिक ऋचाओं का मूल कथ्य ही प्रकृति के साथ सन्तुलन से जुड़ा है। वेदों में पंच महाभूतों को ही देवतुल्य स्थान दिया गया है और इन्हीं को सन्तुलित करना चराचर जगत के लिए कल्याणकारी बताया गया है। वायु को वेदों में प्राण कहा गया है, वायु जीवमात्र के जीवन का आधार है। इसी वायु को शुद्धीकरण के लिए जहां सनातन संस्कृति में होम-यज्ञ की विधि बताई है, वहीं प्राणवायु के मूल स्रोत वनस्पतियों के संरक्षण की बात कही गई है। सनातन संस्कृति में किसी भी मांगलिक कार्य से पहले कलश स्थापन का विधान है। कलश वस्तुतः हमारे ब्रह्माण्ड का प्रतीक है। कलश के नीचे रखे जाने वाले जौ आदि धान्य पृथ्वी के, उसमें भरा जाने वाला जल, जल तत्व का, उसके समीप जलाया जाने वाला दीपक अग्नि तत्व का प्रतीक है। कलश के मुंह पर पंच पल्लव तथा इसमें डाली जाने वाली औषधीय वनस्पतियां हमारे पारिस्थितकीय तंत्र की ओर ईशारा करते हैं। इस प्रकार कलश में सभी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा कर एक प्रकार से प्रकृति को ही नमन करते हैं।

मानव समष्टि कल्याण की भावना के साथ पर्यावरण से मित्रवत् व्यवहार करें। यजुर्वेद में चर-अचर सभी को मित्र की दृष्टि से देखने का संदेश दिया गया है-मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे मित्रस्य चक्षुष समीक्षा महे।/ यजुर्वेद मे ही एक और उदाहरण दृष्टव्य है- सुमित्रिया न आप ओषधयः संतु दुर्भित्रियास्तस्मै संतु योस्मान दृष्टि यं च वयं द्विष्मः।

जब पर्यावरण के प्रति मानव में मित्रता का भाव रहेगा, तभी वह पर्यावरण सुरक्षित रख सकेगा। अथर्ववेद में 'माता भूतिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' की भव्य-भावना से पृथ्वी की स्तुति की गई है- जिस भूमि पर समुद्र-नदी और नाना प्रकार के जल हैं। जिस पर अन्न आदि नाना प्रकार की खेती होती है, जिस पर यह जीता-जागता, चलता-फिरता संसार अन्न-जल-ग्रहण कर तृप्त होता है और प्राण-धारण करता है, वह भूमि हमें पूर्व-पुरूषों द्वारा प्राप्त करने योग्य उत्तम स्थान पर प्रतिष्ठित करे। जिसमें वृक्ष और विविध वनस्पतियां सदा स्थिर रूप से विराजती हैं, समस्त विश्व को धारण करने वाली उस स्थिर पृथ्वी की हम स्तुति करते है।

मानव के समान पशु-पक्षी भी ईश्वरीय कृति है, अतः समान सम्मान के अधिकारी है। प्रकृति के पंचमहाभूत-क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर-भौतिक एवं जैविक पर्यावरण का निर्माण करते हैं। वेदों में मूलतः इन पंचमहाभूतों को ही दैवीय शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। आधुनिक विज्ञान भी प्रकृति के उन रहस्यों तक बहुत बाद में पहुंच सका है जिसे वैदिक ऋषियों ने हजारों वर्ष पूर्व अनुभूत कर लिया था। इतना ही नहीं, वेदों में प्राकृतिक तत्वों से अनावश्यक और अमर्यादित छेड़छाड़ करने के दुष्परिणामों की ओर भी संकेत किया गया है तथा मानव को सीख भी दी गई है कि पर्यावरण सन्तुलन को नष्ट करने के दुष्परिणाम समस्त सृष्टि के लिए हानिकारक होंगे।

# बाल श्रम की समाप्ति बड़ी चुनौती


डॉ. रिपुदमन सिंह
पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर

> यह स्थिति विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे उस अंधकार को उजागर करता है, जिसे हम अनदेखा कर देते हैं। बाल श्रम एक ऐसा कार्य है, जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेता है।

बाल श्रम एक ऐसी समस्या है जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेती है तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं लैंगिक विकास को बाधित करती है। हमें एक ऐसे विश्व का निर्माण करना है जहां काम नहीं किताबें बच्चों का अधिकार हों। प्रत्येक वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस दुनिया भर में बाल श्रम की समाप्ति के लिए चलाए जा रहे सतत संघर्ष की एक सशक्त स्मृति है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा 2002 में स्थापित यह दिवस, बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए वैश्विक प्रयासों को सुदृढ़ करने का आह्वान करता है। यह हमको सोचने पर भी मजबूर करता है कि तकनीक विकास और वैश्वीकरण के इस युग में भी करोड़ों बच्चे आज भी श्रम करने को विवश क्यों हैं? आईएलओ के अनुसार आज भी 16 करोड़ से अधिक बच्चे विश्व भर में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं और इनका एक बड़ा हिस्सा खतरनाक परिस्थितियों में काम कर रहा है। यह स्थिति विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे उस अंधकार को उजागर करता है, जिसे हम अनदेखा कर देते हैं। बाल श्रम एक ऐसा कार्य है, जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेता है तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं लैंगिक विकास को बाधित करता है। बाल श्रम बच्चों की शिक्षा में बाधा डालता है तथा जो बच्चे पढ़-लिख कर अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं उन्हें अंतहीन, अंधकारमय भविष्य की ओर ढकेलता है। बाल श्रम के मूल में गरीबी, शिक्षा की कमी, सामाजिक असमानता, बेरोजगारी और कानूनों का शिथिल क्रियान्वयन है। जब एक परिवार की रोजी-रोटी की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होती हैं, तब उनके सामने सबसे आसान विकल्प बच्चों को काम पर भेजना बन जाता है। यही कारण है कि खेतों, कारखानों, ईंट-भट्टों, घरेलू कामकाज और निर्माण स्थलों पर मासूम बच्चे काम करते नजर आते हैं।

कोविड-19 महामारी के बाद यह संकट और भी गहराया है। स्कूल बंद होने से लाखों बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए तथा बेरोजगार हुए परिवारों में बच्चों की पढ़ाई की अपेक्षा उनको काम पर भेज कर पैसा कमवाना अधिक उचित समझा। सन 2000 से सन 2019 के बीच वैश्विक स्तर पर बाल श्रम में 8.55 करोड़ बच्चों की कमी दर्ज की गई थी जो एक सकारात्मक संकेत था परन्तु कोविड-19 और आर्थिक असमानताओं ने इस प्रवृत्ति को उलट दिया और बाल श्रमिकों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होती चली गई। ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी झुग्गियों तथा प्रवासी मजदूर परिवारों में यह समस्या अत्यन्त गंभीर बनी हुई है। यह स्थिति इस बात पर जोर देती है कि इस गंभीर सामाजिक चुनौती से निपटने हेतु नवीन, समग्र, सामूहिक और ठोस प्रतिबद्धता की महती आवश्यकता है। बाल श्रम भारत के साथ-साथ सभी देशों में गैर कानूनी है। अब समय आ गया है कि हम इस विषय पर सिर्फ बात न करके अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी समझें। बाल श्रम को जड़ से उखाड़ना हमारे लिए एक चुनौती है, जिस पर खरा उतरना हमारी प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईएलओ द्वारा वर्ष 1992 से शुरू किया गया उपक्रम आईपीईसी बाल श्रम के क्रमिक उन्मूलन की दिशा में राष्ट्रीय क्षमताओं को सशक्त करने और वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है, तथा संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्यों (सीडीजीएस) में लक्ष्य 8.7 विशेष रूप से 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। किन्तु इस अभियान में अपेक्षित सफलता अभी तक नहीं मिली है। भारत में बाल श्रम की समस्या बहुआयामी है। इस समस्या से निपटने के लिए शिक्षा एक माध्यम हो सकती है, जो किसी भी बच्चे को श्रम के कुचक्र से बाहर निकाल सकती है। सरकार की सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय बाल श्रमिक परियोजना जैसे प्रयास सराहनीय हैं पर इन्हें और व्यापक बनाकर समाज के अन्तिम छोर तक पहुंचाना, बालश्रम को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कुछ एनजीओ गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज भी बाल श्रम उन्मूलन हेतु प्रयासरत हैं। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संगठन बचपन बचाओ आन्दोलन (बीबीए) ने अब तक हजारों बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया है। बीबीए द्वारा बच्चों को कानून के माध्यम से, समुदायों में जागरूकता फैलाकर शिक्षा और सामाजिक समर्थन प्राप्त किया गया है तथा बच्चों को पुनर्वासित कराया है।

उप्र सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए 12 जून 2025 से एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की योजना बनाई है, जिसका लक्ष्य 2027 तक बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाना है। यह अभियान शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, श्रम आदि विभागों की समन्वित भागीदारी से संचालित होगा। किन्तु 2011 की जनगणना के बाद से अब तक बाल श्रमिकों का कोई भी ताजा आंकड़ा उपलब्ध न होने से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए पंचायती राज विभाग को गांव स्तर पर बाल श्रमिकों की पहचान कर डाटा एकत्र करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त सरकार यूनिसेफ के साथ मिलकर स्कीम बुकलेट तैयार कर रही है जिसमें उन योजनाओं का विवरण होगा, जो बाल श्रमिकों और उनके परिवारों की मदद के लिए उपलब्ध है। बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस एक जनजागरण का आवाह्न बनना चाहिए, क्योंकि यह केवल बच्चों की भलाई का मुद्दा नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ और गरिमापूर्ण बचपन मिले।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## सार-संक्षेप

### छात्रों को कागज के लिफाफे बनाना सिखाया



**बरेली, अमृत विचार :** शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में छात्राओं को पर्यावरण से जोड़ने के उद्देश्य से कपड़े के थैले, कागज के लिफाफे बनाना सिखाया गया। इसके साथ छात्रों में चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। प्रधानाचार्य अनू पाराशरी ने बताया शिविर में छात्राओं को रोज विभिन्न प्रकार की गतिविधि कराई जाती है। शनिवार को पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन की छात्राओं को जानकारी दी गई। छात्राओं ने कई प्रकार के खेल भी खेले। साथ-साथ वालीबॉल खो-खो, चेस, हर्डल का भी अभ्यास किया। इस दौरान समर कैंप प्रभारी अर्चना राजपूत, मधु मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

### होमगार्ड ने ईंट मार कर विधवा प्रेमिका को मार डाला

**बंडा, अमृत विचार :** प्रेम संबंधों में शक पनपने के चलते होमगार्ड प्रेमी अपनी प्रेमिका को घर से घसीटकर ले गया और सिर पर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। मृतक की नाबालिग पुत्री ने आंखों देखी घटना बताते हुए युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा किए बगैर रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दबाव पड़ने पर आरोपी ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। बंडा के गांव भानपुर निभुआचक निवासी किरन देवी के पति राजेश की करीब दस वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी जिसके बाद उसका पड़ोस के ही गांव पड़रिया दलेलपुर निवासी होमगार्ड पद पर तैनात पुष्पेंद्र वर्मा नामक युवक से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। दोनों के बीच लगातार कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसकी जानकारी पूरे गांव को थी। दोनों के बीच कई बार थाना पुलिस भी हो गया लेकिन कुछ ही देर बाद दोनों में सुलह हो जाया करती थी। किरन देवी की 16 वर्षीय अंशिका बाहर रहकर जागरण आदि में झांकी निकालती है। जबकि छोटी 11 वर्षीय पुत्री शीतल मां के साथ घर में रहा करती थी।

### मंदिर के पास कुर्बानी देने पर भड़के हिंदू संगठन

**बंडा, अमृत विचार :** बकरीद के मौके पर मंदिर के पास पशुओं की कुर्बानी देने पर भड़के बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर हंगामा काटा और पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शनिवार को बकरीद के मौके पर कुछ लोगों के द्वारा मंदिर के समीप पशुओं की नृशंस हत्या करने की सूचना मिलने पर बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और गौरक्षा संघ के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। जहां मंदिर से महज 100 मीटर की दूरी पर ही खुले में पशुओं को बांधकर कुर्बानी के नाम पर उनकी हत्या की जा रही थी। कार्यकर्ताओं के मौके पर पहुंचते ही दूसरे समुदाय के लोग भी एकत्रित होने लगे, जिस पर दोनों पक्षों में बहस होने लगी।

### मरीज को लेने जा रही एंबुलेंस में लगी आग



**बरेली अमृत विचार :** मरीज को लेने जा रही निजी अस्पताल की एंबुलेंस में शनिवार देर शाम आग लग गई। चालक ने किसी तरह कूद कर जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। यदि एम्बुलेंस में रोगी होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### बाघिन की हत्या करने वालों के खिलाफ वारंट जारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** छह वर्ष पूर्व घुंघचिहाई क्षेत्र में एक बाघिन की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में वन विभाग की ओर से पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव मटहेना कॉलोनी के रहने वाले 39 आरोपियों के विरुद्ध परिवाद दायर किया गया था। आरोपियों के न्यायालय में हाजिर न होने के चलते मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सभी आरोपियों के विरुद्ध जमानतीय वारंट जारी कर दिए हैं। सुनवाई के लिए 23 जून तारीख नियत की गई है। वन विभाग की ओर से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत परिवाद दर्ज कराया गया था। जिसमें बताया था कि 24 जुलाई 2019 को घुंघचिहाई कक्ष 12 कोर एरिया पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दियूरिया रेंज के जंगल में मटहेना कॉलोनी के लोग लाठी- डंडे, सूजे आदि हथियार लेकर गए। खून की धार जंगल के अंदर से बाहर की ओर आई थी। अंदर जाकर देखा तो बाघिन को घेरकर आरोपी हमला कर रहे थे।

# देश की तरक्की के लिए दुआ में एक साथ उठे हजारों हाथ

## ईद-उल-अजहा पर लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करके एक-दूसरे को गले लगकर दी मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ईद-उल अजहा पर शनिवार सुबह जिलेभर के ईदगाहों और मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा करके देश की तरक्की और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। इसके साथ ही एक दूसरे को गले मुबारकबाद दी। पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहा।

**सुकून एवं अकीदत से मना त्योहार:** शेरगढ़ में ईद-उल-अजहा का त्योहार सुकून एवं अकीदत के साथ मनाया गया। ईदगाह समेत कस्बे की मस्जिदों में नमाज अदा की गई। ईदगाह पर हजरत सैय्यद हाजी इरफान मियां, मस्जिद खलीफा दादा में हाफिज राशिद, जामा मस्जिद में मुफ्ती शाहिद खान, मस्जिद नक्कालान में हाफिज अनीस खान, मस्जिद मदीना में मुफ्ती मुस्तकीम नूरी ने नमाज अदा कराई। इसके बाद कुर्बानी की रस्म शुरू की गई जो तीन दिन तक चलेगी। शांति व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी तथा एसएसआई आदित्य गौरव श्रीवास्तव पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर अपनी पैनी बनाए रहे।



फतेहगंज पश्चिमी के ईदगाह में नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

### मीरगंज में एहतेराम से अदा की नमाज

**मीरगंज, अमृत विचार :** ईदगाह में सुबह अकीदत और एहतेराम के साथ ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क की सलामती, अमन और तरक्की के लिए दुआएं की गईं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज, रईया नगला, शुजातपुर, सिंधौली, शीशमखेड़ा आदि गावों में ईदगाह में ईद -उल-अजहा की नमाज अदा की गई। इसके साथ ही कस्बे की ईदगाहों में नमाज अदा की गई। त्योहार के मद्देनजर देहात और कस्बे में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सीओ अंजनी कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह, थाना शाही अध्यक्ष अमित कुमार बालियान आदि जगह जगह निरीक्षण करते रहे।

### भोजीपुरा में सौहार्द से मनाया त्योहार

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में ईद -उल-अजहा का त्योहार शान्ति पूर्ण ढंग से मनाया गया। धौंराटांडा कस्बे की समस्त ईदगाहों और मस्जिदों में शांतिपूर्वक निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई, देश में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ की गई। ईदगाह और मस्जिद के बाहर मुबारकबाद देने राजनीतिक दलों से जुड़े लोग पहुंचे। इसके बाद में लोगों ने हजरत इब्राहिम की सुन्नत को जिंदा करते हुए अल्लाह की बारगाह में कुर्बानी पेश की। सुरक्षा की दृष्टि से नायब तहसीलदार भोजीपुरा पुलिस चौकी प्रभारी धौंराटांडा संजय कुमार दलबल के साथ मौजूद रहे। नगर पंचायत प्रशासन ने त्योहार के चलते बेहतर साफ सफाई की व्यवस्था कराई कुर्बानी के पशुओं के अवशेष नगर पंचायत वाहन ले जाते रहे। पुलिस प्रशासन की सतर्कता से कहीं कोई अप्रिय घटना का समाचार नहीं है।

### रिछा में बुर्कानशीं महिलाओं ने पुरुषों के साथ पढ़ी नमाज




**देवरनियां , अमृत विचार :** ईद उल अजहा पर रिछा में एक अनोखी रिवायत के तहत बुर्कानशीं महिलाओं ने भी ईदगाह में पुरुषों के पीछे खड़े होकर ईद की नमाज अदा की। यहां के अलावा और कहीं और महिलाएं ईदगाह में ईद की नमाज नहीं पढ़ती हैं, वह अपनी नमाज घरों में ही अदा करती हैं। अहले हदीस ईदगाह में इमाम इशहाक ने सुबह 7 बजे नमाज पढ़ाई। जबकि 7 :30 बजे सुन्नी ईदगाह में कमाल मुस्तफा अजहरी जोखनपुरी ने नमाज पढ़ाई। ईद की नमाज के बाद बकरों ली कुर्बानी कर हजरत इब्राहिम की सुन्नत को ताजा किया गया । कस्बा देवरनियां में भी ईद उल अजहा ( बकरीद ) की नमाज अदा की गई।

### सेंथल में अकीदत के साथ अदा की गई नमाज



**सेंथल, अमृत विचार :** कस्बे और समीपवर्ती गांवों में ईद -उल -अजहा का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। लोगों ने नए कपड़े पहने और नमाज पढ़ एक दूसरे को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। शाही जामा मस्जिद में मौलाना तंजीम हुसैन जैदी और ईदगाह में मौलाना खुर्शीद आलम मिस्बाही ने नमाज अदा कराई। और मुल्क में अमन और चैन की दुआ कराई गई। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कुर्बानी का दौर चला जो देर शाम तक चलता रहा।



### आंवला में शांति और सौहार्द के साथ मना त्योहार

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे में ईद -उल- अजहा का पर्व शांति पूर्वक मनाया गया। कस्बे की मस्जिदों में नमाज अदा करने के उपरांत अमन और चैन की दुआ मांगी गई। कस्बा स्थित ईदगाह में मुफ्ती दिलशाद कादरी ने नमाज अदा कराई। जामा मस्जिद में मौलाना मोइन रिजवी ने बारह बुर्जी मस्जिद में मौलाना नईम अहमद ने नमाज अदा कराई। वहीं बिशारतगंज में ईद- उल-अजहा का त्योहार नगर सहित पूरे क्षेत्र में अकीदत के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन चैन की दुआएं की। क्षेत्र में त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जाए इसके लिए थाना प्रभारी सतीश कुमार की अगुवाई में पुलिस भी चप्पे-चप्पे पर तैनात रही।

### गिले शिकवे दूर कर दी मुबारकबाद





**भमोरा, अमृत विचार :** ईद -उल -अजहा पर थाना क्षेत्र की 17 मस्जिदों और तीन ईदगाहों में नमाज अदा की गई। गिले शिकवे दूर कर गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर, सिरोही, कुड्डा, खुली , सरदार नगर, देवचरा, कैमुंआ, मकरंदपुर ताराचंद, यूसुफ पुर, भमोरा, देवीपुर, सहित 17 मस्जिदों में और ग्राम सिरोही, की ईदगाह में मौलाना मोहम्मद कौसर, बामियाना की ईदगाह में मोहम्मद जुनेद, तथा मजनूपुर की ईदगाह में आकिब रजा ने नमाज पढ़ाई। क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना ना हो और खुले में कुर्बानी न हो साथ ही कुर्बानी के बाद उनके अवशेष खुले में ना फेंक जाए इसके मददेनजर भमोरा पुलिस क्षेत्र मैं भ्रमण कर पल-पल की खबर लेती रही।

### नवाबगंज में शांति पूर्ण ढंग से हुई ईद की नमाज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे में ईद -उल- अजहा की नमाज ईदगाह में सुबह 8 :15 बजे जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुकर्रम रजा ने अदा कराई ।वहीं भंडसर, बंजरिया, सावरखेड़ा, मुंडिया अहमदनगर, हाफिजगंज, लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर, गुपलापुर, मुल्लापुर आदि क्षेत्र में भी ईद शांति पूर्ण तरीके से मनाई गई। कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस बल मुस्तैद रहा।

**उत्साह से मना त्योहार :** क्योलड़िया ईद-उल -अजहा उत्साह और अमन चैन के साथ मनाया गया। परशुरामपुर ,भौआ बाजार प्रहलादपुर ,अंटगा, चांदपुर, करुआ, साहबगंज, ढिरिया बन्नौजान सहित सभी मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। क्योलड़िया की जामा मस्जिद में हाफिज कमालुद्दीन ने नमाज अदा कराई और नूरी मस्जिद में हाफिज अब्दुल वाहिद ने नमाज अदा काराई। सुरक्षा की दृष्टि से नायब तहसीलदार अनुजा जायत्री, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक देशराज सिंह तोमर समेत अन्य मुस्तैद रहा।

**ईदगाह में अदा की गई सुबह की नमाज:** नवाबगंज क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। ईदगाह में लोगों ने सुबह 9:30 बजे नमाज अदा की। सुबह 8 बजे के आस पास नमाज अदा की गई। ईद -उल-अजहा पर इमाम फरियाद हुसैन ने कहा कि यह कुर्बानी का दिन नहीं बल्कि तस्लीम और फरमाबरदारी का दिन है। कुर्बानी सिर्फ बंद और तयशुदा जगहों पर करें।

**कुर्बानी के दौरान रखा दूसरे का ख्याल:** फतेहगंज पश्चिमी ईदगाह, जामा मस्जिद ,गौसिया मस्जिद, कादरी मस्जिद, हुसैनी मस्जिद सहित सभी मस्जिदों और क्षेत्र के गांवों में ईद -उल -अजहा का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया ।नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी ।अधिवक्ता इमरान अंसारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा ईद के तीन दिन कुर्बानी करने वाले सभी लोग दूसरों की धार्मिक भावना का ध्यान रखते हुए कोई ऐसा काम न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो । इस दौरान हाजी जमील अहमद, फइम बबलू, सरदार अजहरी, असद अंसारी, एडवोकेट इमरान अंसारी आदि तमाम लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी व देश में अमन चैन की दुआ की। सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी एसएसआई विश्व देव सिंह चौकी प्रभारी अनूप सिंह आदि दल बल के साथ मुस्तैद रहें।

**थाना प्रभारी क्षेत्र में भ्रमण कर लेते रहे जायजा** फतेहगंज पूर्वी ईद- उल -अजहा शनिवार को अमन और अकीदत के साथ मनाई गई। इस मौके पर नगर समेत क्षेत्र के ग्राम शाहपुर बनियान, कादरगंज ,पडेरा, शिवपुरी समेत रमपुरा कमन, आदि गांव की मस्जिदों और ईदगाह में सुबह नमाज अदा कराई गई। इस मौके पर इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह और कस्बा प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी पूर्व चेयरमैन शब्बीर अहमद एवं रिजवान बेग तथा इकरार अंसारी, फारुख अहमद, मोहफिद खां आदि ने लोगों को इस मौके पर ईद की मुबारकबाद दी ।



नवाबगंज के ईदगाह में नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

# आंवला में सड़कों पर लग रहे कूड़े के ढेर

संवाददाता, आंवला



सड़कों के किनारे डाला गया कूड़ा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की ओर से कस्बे का कूड़ा सड़कों के किनारे डाला जा रहा है, जिससे भारी गंदगी हो रही है। बदबू के कारण लोगों का निकलना दूभर हो गया है। पालिका ने आंवला स्टेशन रोड, नगरिया सतन, आंवला मनौना बाईपास रोड, बेहटा जुनू, आंवला रामनगर रोड, आंवला वजीरगंज रोड पर सड़क किनारे कूड़े के ढेर लगा दिए हैं।

कूड़े के ढेरों के कारण आंवला कस्बे की खूबसूरती को भूलकर राहगीर कूड़े के ढेरों को याद करने लगे हैं। लोगों को भारी परेशानी हो रही है, वे कूड़े की समस्या का समाधान करने की मांग कर रहे हैं।

चेयरमैन आंवला सय्यद आबिद अली ने बताया कि नगर के नगरिया सतन में करीब 60 लाख की कीमत से मैटेरियल रिकवरी सेंटर बनाया गया था, लेकिन उक्त सेंटर पर कूड़ा निस्तारण की मशीन नहीं है। उन्होंने मशीन की मांग की है। नगर से और नालों से रोज 10 टन कूड़ा एकत्रित होता है, लेकिन निस्तारण मशीन न होने से मजबूरन कूड़े को सरकारी जगहों, सड़क किनारे खाईयों आदि में डाला जा रहा है। चेयरमैन ने बताया कि वह एसडीएम से कूड़ा डालने के लिए एक माह पूर्व सरकारी भूमि मांग चुके हैं, लेकिन जमीन न मिलने तक कूड़े की समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक कूड़ा निस्तारण की मशीन नहीं आती और सरकारी जमीन नहीं मिलती, तब तक कूड़े की समस्या बनी रहेगी।

### प्याऊ में दौड़ा करंट, युवक की जान गई

**विजय नगला, अमृत विचार :** प्याऊ में आ रहे करंट की चपेट में आकर युवक झुलस गया। युवक को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर निवासी प्रेमवीर (22) पुत्र अशोक कुमार शनिवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे किसी काम से पास के गांव किशोरपुर गए थे। उनके परिजनों के अनुसार वह गांव में लगे सरकारी प्याऊ पर पानी पीने चले गए। उसमें करंट आ रहा था। पानी पीने के लिए प्याऊ पकड़ते ही प्रेमवीर करंट की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों डंडे से उन्हें प्याऊ से दूर किया। वह गंभीर रूप से झुलस गए थे। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। युवक को बरेली के निजी अस्पताल ले गए। यहां युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि करंट से युवक की मौत की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।


**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा.वि. भीकमपुर वि. क्षे. समरेर (बदायूँ) की कृषि योग्य भूमि को एक वर्ष (01.07.2025 से 30.06.2026) के लिए किराये पर देने हेतु दिनांक 10.06.2025 को 11:00 बजे प्रा.वि. भीकमपुर वि.क्षे. समरेर (बदायूँ) के परिसर में खुली बोली द्वारा नीलामी की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्र.अ.

प्रा.वि. भीकमपुर
वि.क्षे. समरेर (बदायूँ)


# बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिया प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश



पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण करते बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बैंक ऑफ बड़ौदा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ' के संकल्प के साथ अंचल कार्यालय बरेली में कार्यक्रम किया। बैंक के महाप्रबंधक एवं बरेली अंचल के अंचल प्रमुख प्रतीक अग्निहोत्री, उप महाप्रबंधक अभय कुमार अग्रवाल एवं उप महाप्रबंधक श्रीपाल सिंह तोमर की अगुवाई में पौधरोपण हुआ।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने के लिए जन जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। प्रतीक अग्निहोत्री ने कहा कि हमें पर्यावरण के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहने की आवश्यकता है। इसकी गंभीरता को समझना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। हमारा बैंक भी अपने उत्पाद और सेवाओं का डिजिटलीकरण कर रहा है। अभय कुमार अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग बड़ी समस्या है, हमें इससे निपटने के लिए बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है, जिससे न केवल हम बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियां भी सुरक्षित रह सकें। श्रीपाल सिंह तोमर ने कहा कि पर्यावरण का प्रभाव सीधा हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। स्टाफ सदस्यों ने प्लास्टिक बोतलों का उपयोग न करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का प्रण लिया।


**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं. 2 ओ.सी.एफ. शाहजहांपुर-242001** PM SHRI
दूरभाष : 05842-297715, 05842-297714

**केन्द्रीय विद्यालय नं. 2 ओ.सी.एफ. शाहजहाँपुर में सत्र 2025-26 हेतु सेवाओं तथा वस्तुओं की आपूर्ति हेतु फर्मों के पंजीयन हेतु सूचना**

पंजीकृत तथा प्रतिष्ठित फर्मो से निम्नलिखित कार्यो/आपूर्ति हेतु जी.एस.टी./सर्विस टैक्स पंजीयन तथा आयकर प्रपत्रों की छायाप्रतियों सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

1. विद्यालय में होने वाले विभिन्न समारोहों हेतु टैन्ट से सम्बन्धित सामान, फर्नीचर, टी.वी स्क्रीन, लाइट इत्यादि का प्रबन्ध।
2. विद्यालय के विद्यार्थियों को विविध स्थानों पर आने जाने हेतु यातायात की सुविधा हेतु बस, टैक्सी इत्यादि की सुविधा।
3. विद्यालय कैंटीन किराए पर चलाने एवं विभिन्न कार्यो हेतु पंजीकरण।

फर्मो से अनुरोध है कि 23.08.2025 तक विद्यालय की वेबसाइट https://no2shahjahanpur.kvs.ac.in/ पर उपलब्ध प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र वांछित संलग्नकों की छायाप्रतियों के साथ केवल डाक द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित करें।

प्राचार्य

**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत** PM SHRI
टनकपुर रोड, निकट जिला अस्पताल पीलीभीत (उ.प्र.)
ई-मेल : kvpilibhit2008@gmail.com दूरभाष : 05882-253319

**कक्षा-1 में रिक्त सीट पर प्रवेश हेतु पंजीकरण (सत्र 2025-26)**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत में कक्षा-1 में प्रवेश हेतु केवल 1 (एक) सीट रिक्त है। इच्छुक अभिभावक दिनांक 09.06.2025 से 18.06.2025 तक सभी कार्यदिवसों में (प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक) विद्यालय में ऑफलाइन माध्यम द्वारा पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण फॉर्म एवं अधिक जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://pilibhit.kvs.ac.in देखें।

प्राचार्य



**कार्यालय उपजिलाधिकारी दातागंज**

पत्रांक- 1146 /रा0नि0(का0)2025 **विज्ञप्ति** दिनांक- 31.05.2025

एतदद्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि तहसील दातागंज के अन्तर्गत ग्रामों में स्थित तालाबों का मत्सय पालन दस वर्षीय पटटा आवंटन हेतु तहसील मुख्यालय दातागंज (बदायूँ) के सभागार में दिनांक 12.06.2025 को नीलामी शिविर का आयोजन किया जायेगा। अतः इच्छुक पात्र व्यक्ति नियत दिनांक व स्थान पर प्रातः 11:00 बजे उपस्थित हों, मछुआ समुदाय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के पात्र व्यक्ति वरीयता क्रम में लिये जायेंगें। उक्त नीलामी नीलामकर्ता अधिकारी, नायब तहसीलदार दातागंज (बदायूँ) की उपस्थिति में की जायेगी। विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

आवंटन हेतु तालाब का विवरण-

| क्रमांक | ग्राम का नाम | गाटा सं0 | क्षेत्रफल | क्रमांक | ग्राम का नाम | गाटा सं0 | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मिर्जापुर बिचोला | 40 | 0.974 | 16 | पड़ेली बझेड़ा | 243 | 0.556 |
| | | 52 | 0.266 | | | 163 | 0.531 |
| | | 84 | 0.443 | | | 158 | 0.658 |
| | | 107 | 0.228 | | | 164 | 0.405 |
| 2 | कढ़ेका | 132 | 0.519 | | | 241 | 0.126 |
| | | 65 | 0.632 | | | 242 | 0.266 |
| 3 | नाथपुर अंगदराय | 77 | 0.519 | | | 244 | 0.190 |
| 4 | बघौरा उर्फ घौसगंज | 37 | 1.189 | 17 | मैरी बजर मैरी | 4 | 0.847 |
| 5 | अठर्रा कुनिया | 279 | 2.719 | | | 13 | 0.329 |
| 6 | मलूकपुर | 327मि0 | 0.998 | | | 8 | 2.352 |
| 7 | कालाकूड़ा | 130 | 1.075 | | | 2ख | 1.846 |
| | | 209/768 | 0.101 | | | 7 | 0.923 |
| | | 378 | 0.215 | | | 9क | 2.478 |
| 8 | लभारी | 424,180,185 | 0.784,0.443,0.405 | | | 3मि | 0.556 |
| 9 | बिलहरी | 407 | 0.683 | | | 3मि0 | 0.557 |
| 10 | म्यारी | 92मि | 0.253 | | | 12 | 0.999 |
| 11 | विशुनपुरी | 64 | 0.455 | | | 19 | 0.582 |
| | | 115 | 0.266 | | | 2 | 0.809 |
| 12 | ललोमई | 264 | 0.304 | 18 | गढ़िया हरदोपटटी | 260 | 0.544 |
| | | 497 | 0.936 | | | 262 | 0.253 |
| 13 | अलापुर पटटी नन्दू | 111 | 0.228 | 19 | मौजमनगर | 63मि0 | 0.657 |
| 14 | घिलौर | 599 | 2.101 | 20 | रिजोला चा0 2बड़ी | 817व | 0.835 |
| 15 | बछेली दारानगर | 1000 | 0.038 | | | 817क,817स | 0.025,0.025 |
| | | 988मि0 | 0.228 | 21 | कोड़ा जयकरन | 98मि0 | 0.519 |

नीलामी की प्रकिया में भाग लेने की पात्रता एवं शर्ते-

1-नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने वाले की पात्रता एवं शर्ते उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की नियमावली 2016 के नियम 57 धारा 61 में दिये गये प्रावधानों के अनुसार होंगी। अन्य शर्ते कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

2-न्यूनतमबोली रु0 5000/-रु0 प्रति हे0 होगी।

**UP-234758 दिनांक 06.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**उपजिलाधिकारी दातागंज**

# कर्मचारियों को सरकार की गलती के कारण दंडित करना उचित नहीं

**विधि संवाददाता,प्रयागराज**



**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अस्वीकृत पदों पर नियुक्तियों के कारण कर्मचारी की बर्खास्तगी के मामले में कहा कि अगर अपीलकर्ता/ कर्मचारी नियमित पदों पर रिक्तियों के विरुद्ध समायोजित हो गए तो उनकी प्रारंभिक नियुक्ति के समय मौजूद किसी भी अनियमितता को ठीक कर दिया गया माना जाएगा।

कई वर्षों के बाद कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार की गलती के लिए अपीलकर्ताओं को दंडित नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति डॉ. योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने देवेंद्र सिंह और एक अन्य की विशेष अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया और साथ में उपनिदेशक, शिक्षा झांसी मंडल, झांसी के आदेश को निरस्त कर दिया। मामले के अनुसार अपीलकर्ता को क्रमशः 1987 और 1989 में तदर्थ आधार पर सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि उन्हें वर्ष 1989 में जिला विद्यालय निरीक्षक, हमीरपुर ने अपने आदेश के तहत इस आधार पर बर्खास्त कर दिया कि जिन पदों पर उन्हें नियुक्त किया गया था, वह स्वीकृत पदों से अधिक थे। उक्त आदेश के खिलाफ अपीलकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, जिस पर सुनवाई के दौरान उनकी बर्खास्तगी को स्थगित करते हुए एक अंतरिम आदेश पारित किया गया।

### गाजियाबाद में मुसलमानों ने पर्यावरण चेतना का अनूठा प्रदर्शन किया

# बकरे से सजा केक काटकर ईद-उल-अजहा मनाई

**गाजियाबाद, एजेंसी**

जिले में लोनी के डाबर तालाब और नसबंदी कॉलोनी के मुसलमानों ने शनिवार को ईद-उल-अजहा पर पर्यावरण चेतना का अनूठा प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक पशु बलि को त्यागकर प्रतीकात्मक बकरे से सजा केक काटकर ईद-उल-अजहा मनाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय विधायक नंद किशोर गुर्जर की अपील के बाद यह पर्यावरण-अनुकूल उत्सव आयोजित किया गया।

इस उत्सव में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सक्रिय भागीदारी की, जिन्होंने एक छोटे प्लास्टिक शोकेस में प्रदर्शित एक छोटे बकरे की तस्वीर वाला केक काटा। विधायक गुर्जर ने खुद इस कार्यक्रम में भाग लिया और हिंदू समुदाय के कई सदस्यों के साथ एकजुटता दिखाई। इस अवसर पर विधायक गुर्जर ने मुस्लिम समुदाय की पहल की सराहना की। उन्होंने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के पर्यावरण-अनुकूल उत्सव से क्षेत्र में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सद्भाव और एकता बढ़ेगी।



मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बनवाया बकरे की आकृति का केक।

विधायक ने एक महत्वपूर्ण सुरक्षा आयाम पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लोनी हिंडन वायु सैन्य अड्डे के रनवे के 10 किलोमीटर के प्रतिबंधित क्षेत्र में आता है, जहां जानवरों का वध प्रतिबंधित है।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुस्लिम समुदाय का यह पर्यावरण-सचेत दृष्टिकोण संवेदनशील वायु सैन्य अड्डे के आसपास सुरक्षा प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने में भी सीधे योगदान देता है।

# अमरोहा में ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से पीटकर तेंदुए को मार डाला

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**



**अमृत विचार :** मादा तेंदुए के हमले में छह किसान घायल हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने तेंदुए को लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला। वन विभाग की टीम ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने डिप्टी रेंजर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर हमीदपुर में शनिवार की सुबह किसान डालचंद सिंह अपने बेटे कौकिल के साथ खेत पर काम कर रहे थे। तभी मादा तेंदुआ ने पिता-पुत्र पर हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान व ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और उसे घेर लिया। तेंदुआ इधर-उधर दौड़ता रहा। इस दौरान तेंदुआ ने हेतराम, कृपाल सिंह, अरविंद, धर्म सिंह और हेमराज को जख्मी कर दिया। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने तेंदुआ को पीट-पीटकर मार डाला। नौगांवा सादात पुलिस और वन विभाग के डिप्टी रेंजर राजीव वर्मा, वन दरोगा केपी सिंह मौके पर पहुंचे।

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि जांच के बाद वन विभाग के डिप्टी रेंजर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तीनों आरोपियों को थाने ले आई। नाराज ग्रामीण भारी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली से थाने पहुंच गए और उन्हें छुड़ा लिया।

# शेल कंपनियों, पंजीकृत फर्जी फर्मों के खिलाफ करें कार्रवाई : मुख्यमंत्री

### योगी ने शनिवार को सरकारी आवास पर राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कर संग्रह में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और कड़े प्रवर्तन की नीति अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने शेल कंपनियों और पंजीकृत फर्जी फर्मों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर चोरी एक राष्ट्रीय अपराध है और इससे राज्य की विकास योजनाओं तथा लोककल्याणकारी कार्यक्रमों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) उपभोक्ता आधारित कर प्रणाली है, इसलिए जहां जनसंख्या घनत्व अधिक है, वहां से अपेक्षाकृत अधिक कर प्राप्त होना स्वाभाविक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे जोन जहां कर संग्रह औसत से कम है, वहां विशेष रणनीति बनाकर कार्य किया जाए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने सरकारी आवास पर राज्य कर विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सेंट्रल जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत संदिग्ध फर्मों की जानकारी केंद्र को भेजी जाए ताकि उनका पंजीकरण निरस्त हो सके। वहीं स्टेट जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत फर्मों की विभागीय स्तर पर गहन जांच कर यदि अनियमितता मिले, तो पंजीकरण निरस्त कर एफआईआर दर्ज की जाए।

मुख्यमंत्री ने सभी नई पंजीकृत फर्मों के स्थलीय निरीक्षण का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा न हो कि कुछ फर्जी कंपनियां ईमानदार करदाताओं के अधिकारों को बाधित करें। इसके दृष्टिगत सभी नई पंजीकृत फर्मों का स्थलीय निरीक्षण आवश्यक हैं।

### बरेली सहित 14 ज़ोन में लक्ष्यपूर्ति को सराहनीय बताया

मुख्यमंत्री ने लखनऊ (दोनों ज़ोन), अयोध्या, बरेली, आगरा, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, झांसी और सहारनपुर सहित लगभग 14 ज़ोन में 60% या उससे अधिक लक्ष्यपूर्ति को सराहनीय बताया। वहीं वाराणसी जोन प्रथम, प्रयागराज, कानपुर द्वितीय, इटावा, अलीगढ़ और मुरादाबाद जैसे ज़ोन में 50% से कम संग्रह को असंतोषजनक बताते हुए तत्काल व्यापक समीक्षा का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यालय स्तर से कम संग्रह वाले क्षेत्रों की विशेष रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाए, जिसे शासन फील्ड एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर गहनता से विश्लेषित करेगा।

# 20 लाख के आभूषण से भरा थैला छीन ले गया बंदर

**मथुरा,एजेंसी:** वृन्दावन में ठाकुर बांके बिहारी की फूल-बंगला सेवा करने पहुंचे अलीगढ़ के आभूषण कारोबारी अभिषेक अग्रवाल की जान उस समय सांसत में आ गई जब एक बंदर 20 लाख रुपये से अधिक कीमत के हीरों के आभूषण से भरा उनका थैला छीनकर भाग गया।

कोतवाली प्रभारी प्रशांत कपिल ने बताया कि अभिषेक अग्रवाल गुरुवार को परिवार के साथ ठाकुर जी की फूल-बंगला सेवा करने पहुंचे थे और वह शुक्रवार को लौट रहे थे।

उन्होंने बताया कि जब वह पार्किंग में थे तभी अचानक एक बंदर उनके हाथ से उनका थैला छीन कर ले गया जिसमें 20 लाख रुपये से अधिक कीमत के हीरों के आभूषण थे। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) संदीप सिंह ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने बंदर की घेराबंदी कर घंटों की मशक्कत के बाद बैग सही सलामत हासिल कर उसके मालिक को सौंप दिया।

# अमरोहा में नकली नोट छापने के मामले में तीन दोस्त गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

● **पैथोलॉजी लैब में छापते थे नकली नोट**

**अमृत विचार :** आपने शाहिद कपूर की फर्जी वेब सीरीज तो देखी होगी। जिसमें आर्थिक तंगी से निकलने के लिए दोस्त नकली करेंसी बनाकर मार्किट में चलाते हैं। वैसा ही मामला आदमपरु थाना क्षेत्र में सामने आया। जहां तीन दोस्त नकली करेंसी बनाकर उन्हें बाजार में चला रहे थे। नकली करेंसी को बनाने का काम पैथोलॉजी लैब में किया जा रहा था। ताकि किसी कोई शक न हो। यूट्यूब पर वीडियो देख उन्हें नकली नोट बनाने का आइडिया आया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कलर प्रिंटर, 50-50 रुपए के नकली नोट, करीब 1100 रुपये बरामद किए।

शनिवार को पुलिस कार्यालय पर एसपी अमित कुमार आनंद ने इस गिरोह पर्दाफाश किया। एसपी के मुताबिक शुक्रवार देर शाम आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव ढबारसी में साप्ताहिक बाजार में एक सब्जी विक्रेता को पवन और अजय ने 50 का नकली नोट दिया। सब्जी विक्रेता ने शक होने पर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों के पास से 50-50 रुपये के कई नकली नोट बरामद हुए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी जिसके बाद मामले का पर्दाफाश हुआ। एसपी ने बताया कि संभल जनपद के एचोंड़ा कम्बोह में अनुज पुत्र रमेश की इंडियन पैथालॉजी के नाम लैब है जिस पर गांव चंदपुरा थाना एचौड़ा कंबोह निवासी अजय पुत्र होमपाल व पवन पुत्र सतवीर निवासी गांव गोजनी मिलक थाना ऐचोड़ा कंबोह काम करते थे। करीब एक माह पहले अनुज कलर प्रिंटर खरीद कर लाया।

तीनों ने रुपये कमाने के चक्कर में नकली करेंसी छापने की योजना बनाई। यूट्यूब के जरिए कुछ वीडियो देखीं और इनके दिमाग ये आइडिया आया। इसके बाद सफेद कागज पर असली नोट पारदर्शी टेप से चिपकाकर 50-50 रुपये के नोट फोटो स्टेट करके तैयार किये थे। जो अजय और पवन ने असमौली में चार-पांच नोट परचून की दुकान पर चलाये थे।

# पिता के सामने बड़े ने छोटे भाई को मार डाला

**कानपुर, अमृत विचार:** बिजली का बिल नहीं जमा होने पर सजायाफ्ता बड़े भाई ने डंडे से पीटकर छोटे को बेदम कर दिया। इसके बाद बर्फ काटने वाला सूजा सीने में घोपकर भाग निकला। परिजन उसे उर्सला ले गए, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बादशाहीनामा पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल की। पुलिस ने आरोपी भाई को पकड़ लिया है।

बादशाहीनाका थाना प्रभारी ने बताया कि जितेंद्र आपराधिक प्रवृत्ति का है। 2007 में चिंकी की हत्या में जेल जा चुका है। वह 14 साल जेल की सजा भी काट चुका है। जितेंद्र जब बिजेंद्र को डंडे से पीटा रहा था तो विकलांग पिता ने उन्हें दूर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। जोर-जोर से चिल्लाकर बेटे को बचाने की मदद मांगने लगे, लेकिन दबंग जितेंद्र को देखकर कोई सामने नहीं आया। इसके बाद उसने पिता के सामने सूजा उठाया और भाई के सीने में उतार दिया। यह देखकर पिता फफक पड़े।

# खीरी में नमाज पढ़ाने को लेकर बवाल फायरिंग और पथराव से भगदड़

**संवाददाता, बिजुआ (खीरी)**

● **गांव मुड़िया हेम सिंह में चल रही पंचायत में दो पक्ष आए आमने-सामने**

**अमृत विचार:** नमाज पढ़ाने के लिए मौलाना को लेकर गांव मुड़िया हेम सिंह में चल रही पंचायत में शुक्रवार की रात बवाल हो गया। दो पक्षों के आमने-सामने आने के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट, पथराव और फायरिंग होने लगी। कई राउंड गोलियों की तड़तड़ाहट से गांव गूंज उठा। लोग अपने घरों में दुबक गए। पुलिस ने किसी तरह से हालातों पर काबू पाया। शनिवार सुबह नए इमाम ने बकरीद की नमाज अदा कराई। इसमें एक पक्ष के लोग शामिल नहीं हुए।

मुड़िया हेम सिंह गांव की मस्जिद में मोहम्मद कयूम आठ साल से इमाम थे। वह गांव में ही घर बनाकर रह रहे थे। बताया जाता है कि 15 दिन पहले इमाम से गांव के एक युवक ने अभद्रता व गाली गलौज की थी। इसको लेकर मस्जिद के सदर अब्बुल हसन ने बिजुआ पुलिस को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था और आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही अपने साथ हुई अभद्रता से नाराज होकर इमाम मोहम्मद कयूम ने मस्जिद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से गांव के लोगों में आरोपी के खिलाफ आक्रोश फैल गया था। इस घटना के बाद से इमाम को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। एक पक्ष नए इमाम की तैनाती की मांग कर रहा था तो दूसरा पक्ष मोहम्मद कयूम को ही इमाम बनाए रखने पर अड़ा था।



मौके पर पड़ा 315 बोर कारतूस का खोखा।

शनिवार को होने वाली बकरीद की नमाज को लेकर शुक्रवार को एक बैठक बुलाई गई थी, जिसमें इमाम पर पंचायत को फैसला लेना था। बैठक में जब इमाम का मुद्दा उठाया गया तो गांव के एक पक्ष ने पंचायत के सामने बात रखी कि इमाम से विवाद करने वाला युवक सबके सामने माफी मांगे।

इसके बाद इमाम बकरीद की नमाज कराएंगे, जबकि दूसरा पक्ष इमाम को हटाकर नए की तैनाती की मांग कर रहा था। इसी बात को लेकर बैठक में ही विवाद शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और उनमें मारपीट होने लगी। इस दौरान जमकर ईंट-पत्थर चले और फायरिंग होने लगी। कई राउंड फायरिंग होने से गांव में अफरा-तफरी मच गई।

# पति पर युवतियों का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

**मुरादाबाद,अमृत विचार:** तलाकशुदा महिला ने पति पर हिंदू युवती का धर्म परिवर्तन कराकर उसके साथ रहने का आरोप लगाया है। बताया कि पति पहले भी कई हिंदू युवतियों का धर्म परिवर्तन करा उन्हें बेच चुका है। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी ने सिविल लाइंस सीओ को जांच सौंपी है।

जनपद के थाना डिलारी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का निकाह लगभग सात साल पहले जनपद अमरोहा के थाना नौगावां क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि शादी से पहले ही पति कई हिंदू युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर उनका धर्म परिवर्तन करा उन्हें बेच चुका है। शादी के बाद जब इस बात की जानकारी उसे हुई तो उसने विरोध किया। जिस पर पति ने परिजनों के साथ मिलकर उसे मारपीटा और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

# शादी कर लाखों रुपये मांगने वाली लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** भूरारानी के रहने वाले एक युवक से फर्जी शादी कर लाखों रुपये की फिरौती मांगने वाली शातिर लुटेरी दुल्हन हिना उर्फ अंकिता उर्फ निकिता को आखिरकार कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मामले का खुलासा हुआ तो हिना रावत के कारनामों को देख पुलिस भी हैरान हो गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। शनिवार को लुटेरी दुल्हन कांड का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 6 जून को भूरारानी के रहने वाले दीपक कक्कड़ ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके मोबाइल पर अंकिता शर्मा नाम की युवती की कॉल आई थी। जो खुद को हाईकोर्ट का अधिवक्ता बता रही थी।

युवती ने पहले स्टील ग्रीटिंग का ठेका देने के नाम पर पांच लाख की ठगी की और उसके बाद प्यार का नाटक कर 27 मार्च 2025 को गदरपुर स्थित धार्मिक स्थल में शादी भी की। शादी के चंद दिन बाद ही अंकिता ने धमकी दी कि यदि उसे 30 लाख रुपये नहीं दिए तो हत्या करवा देगी या फिर खुद सुसाइड कर फर्जी मुकदमा दर्ज करवाएगी। बाद में पता चला कि शादी करने वाली युवती का नाम अंकिता शर्मा नहीं, बल्कि कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी हिना रावत उर्फ निकिता है और फर्जी दुल्हन बन फिरौती मांगना उसका मकसद था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस की गिरफ्त में लुटेरी दुल्हन हिना रावत। ● अमृत विचार

### विदेश भागना चाहती थी हिना रावत

**रुद्रपुर :** लुटेरी दुल्हन हिना रावत को यदि पीड़ित दीपक कक्कड़ भय या फिर लोक लज्जा के कारण फिरौती की 30 लाख की रकम दे देता तो शायद पुलिस हिना को गिरफ्तार नहीं कर पाती। कारण फिरौती की रकम मिलते ही वह विदेश भागने की योजना बना चुकी थी और उसने एक एयर टिकट भी बुक कर लिया था, लेकिन पुलिस ने देश छोड़ने से पहले ही उसे दबोच लिया।

### शिकार फंसाने को निभाए कई किरदार

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** कुंडेश्वरी काशीपुर की रहने वाली शातिर ठग हिना रावत के जितने नाम थे। उतने ही उसके नामी किरदार भी थे। प्रारंभिक तफ्तीश में जैसे ही हिना का आधार कार्ड नंबर पुलिस रिकॉर्ड में डाला तो शातिर हिना का किरदार भी सामने आने लगा। अपने शिकार को फंसाने के लिए आरोपी किसी भी हद तक जा सकती थी। एसपी क्राइम निहारिका तोमर ने बताया कि जिस वक्त भूरारानी के पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। जब हिना रावत का नाम सामने आया तो उसके किरदार और नामों का भी खुलासा हो गया। आरोपी का सोशल मीडिया अकाउंट खंगाला तो पता चला कि हिना ने निकिता नाम से यूट्यूब पर एक वीडियो डाली है। जिसमें वह खुद को रजनीगंधा का ब्रांड अम्बेसडर बता रही है। वहीं दूसरे अकाउंट में नामी कंस्ट्रक्शन कंपनी की सीईओ के अलावा खुद को कांट्रेक्टर होने का भी प्रचार किया था।

# बकरीद पर युवक को सरेराह चाकू से गोदा, काटा गला

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

● **रुड़की के मंगलौर में सरेराह सनसनीखेज घटना**

● **हत्यारोपी ने खुद थाने पहुंचकर किया आत्मसमर्पण**

**अमृत विचार :** बकरीद की सुबह रुड़की के मंगलौर कस्बे में सनसनीखेज वारदात हो गई। नमाज के बाद एक युवक को सरेराह चाकू से गोदकर और गला काट कर निर्ममता से मौत के घाट उतार दिया गया। हत्या का आरोप मृतक युवक के पड़ोसी पर है, जिसने रंजिशन अंजाम दी घटना के बाद थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया।

पुलिस के अनुसार, मंगलौर थाना क्षेत्र के मोहल्ला पठानपुरा निवासी साहिल (22) पुत्र शमीम शनिवार सुबह नमाज अता करने के बाद घर लौट रहा था। तभी उसे एक परिचित व्यक्ति ने रोककर बड़ी तेजी से उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर डाले और फिर उसका गला भी काट दिया। यह खबर ईद मना रहे साहिल के परिजनों के पास पहुंची तो कोहराम मच गया। हत्यारोपी ने पुलिस चौकी बाजार मंगलौर पहुंच कर सरेंडर कर दिया। सूचना पर सीओ मंगलौर के साथ ही एसपी देहात शेखर चंद सुयाल भी मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने बताया कि चौकी पर पठानपुरा मोहल्ला निवासी रियासत पुत्र शौकत ने सरेंडर करते हुए पड़ोसी साहिल की हत्या करने की बात कही। बताया गया कि हत्यारोपी रियासत के बेटे की करीब एक वर्ष पूर्व गंगनहर में डूबकर मौत हो गई थी। रियासत को शक था कि साहिल ने उसे डुबोकर मारा था इसलिए वह उससे रंजिश रखने लगा था। एसपी देहात ने बताया कि हत्या के कारणों की स्पष्ट जानकारी जुटाने के साथ मुकदमा दर्ज कर आरोपी पर कार्रवाई की जा रही है।

# गधेरे में डूबकर बैंक मैनेजर की मौत

**नैनीताल,अमृत विचार :** नैनीताल के ज्योलिकोट क्षेत्र में कूर्मांचल बैंक के मैनेजर की गधेरे में डूबने से मौत हो गई। उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ज्योलिकोट चौकी प्रभारी श्याम बोरा ने बताया हल्द्वानी निवासी हिमांशु पंत अपने पांच दोस्तों के साथ शनिवार को मौज-मस्ती करने के लिए नलेना क्षेत्र में पहुंचे थे। यहां सभी लोग गहरे पानी में चले गए। इसी बीच हिमांशु गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

घटना की सूचना के बाद पुलिस ने इसकी जानकारी एसडीआरएफ को दी। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद गधेरे में डूबे युवक के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। चौकी प्रभारी श्याम बोरा ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नैनीताल में बढ़े पर्यटक, जाम लगा

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** वीकेंड के चलते सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। ऐसी स्थिति में यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। मिनटों का सफर तय करने में कई घंटे लग गए।

शनिवार को नगर में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। नगर का ट्रैफिक रेंगता नजर आया। जबकि हल्द्वानी, कालाढूंगी समेत पहाड़ों से आने वालों को मिनटों का सफर तय करने में कई घंटे लग गए। भवाली रोड, कालाढूंगी व हल्द्वानी रोड में ट्रैफिक रेंगता नजर आया। हालांकि पुलिस के सिपाही यातायात दुरुस्त करने में लगे हुए थे। इस बीच तल्लीताल डांठ, भवाली रोड, हल्द्वानी रोड, मस्जिद चौराहा, स्नो व्यू मार्ग व कलेक्ट्रेड मार्ग पर कई बार जाम लगा। हनुमानगढ़ी, रूसी बाईपास, भवाली रोड, नारायण नगर व बारा पत्थर से पर्यटक वाहनों को थोड़ा समय रोकने के बाद नगर में प्रवेश दिया गया।



भवाली में जाम के दौरान फंसे वाहन। ● अमृत विचार

इस बीच नगर की पार्किंग स्थल वाहनों से भरे रहे। उधर, शनिवार को शहर के विभिन्न पर्यटक स्थलों में पर्यटकों की भीड़भाड़ देखी गई। शाम को शहर की माल रोड में पर्यटकों के वाहन गुजरते हुए नजर आए। नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने शहर की सुंदर वादियों और यहां के मौसम का लुफ्त उठाया। पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन, चिड़ियाघर, वॉटरफॉल, हिमालय दर्शन, रोप-वे समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का दीदार किया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जगदीश चंद्र ने बताया जिन पर्यटकों की होटलों ऑनलाइन बुकिंग है और होटल के पास पार्किंग व्यवस्था है, उन पर्यटकों की गाड़ियों को शहर में भेजा जा रहा है। जिनके पास बुकिंग नहीं है उन्हें रुसी बाईपास पर रोक कर शटल सेवा के माध्यम से शहर में भेजा जा रहा है।

# उत्तरकाशी और टिहरी में वाहन खाई में गिरा, दो लोगों की मौत

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी और टिहरी में दो अलग-अलग हादसों में जहां दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एसडीआरएफ ने हरियाणा के दो पर्यटकों को विपरीत परिस्थितियों में सुरक्षित बचा लिया।

एसडीआरएफ के कमांडेंट अर्पण यदुवंशी के अनुसार, शुक्रवार आधी रात उत्तरकाशी में मोरी के पास एक पिकअप त्यूणी मोटर मार्ग पर खाई में गिर गया। वाहन में तीन लोग थे जिसमें जगदीश चौहान (40) और वाहन चालक जयपाल (42) निवासी उत्तरकाशी की मौत हो गई जबकि तीसरा प्रमोद राणा गंभीर रूप से घायल हो गया। एसडीआरएफ कर्मियों ने राणा को खाई से निकाल अस्पताल पहुंचवाया। वहीं, शनिवार तड़के, टिहरी में गूलर के पास बिना नंबर की थार गाड़ी पुल से खाई में जा गिरी।

बचाव दल ने एक महिला और एक पुरुष को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। कमांडेंट यदुवंशी ने बताया कि, दोनों की पहचान दक्ष सलूजा (30) और हिना सलूजा (23) निवासी कैथल (हरियाणा) के रूप में हुई।

### कहीं ट्रक तो बुलेट गिरी

रुद्रप्रयाग में थाना ऊखीमठ क्षेत्र में मक्कू चोपता मार्ग पर एक ट्रक ऊपर सड़क से पलटकर नीचे दूसरी सड़क पर आ गिरा। गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को अस्पताल भिजवाया गया। ट्रक को हटवाकर यातायात सामान्य कराया गया। वहीं, रुद्रप्रयाग में रैंतोली क्षेत्र में बुलेट बाइक सवार दो युवक खाई में जा गिरे ।

# लाभ के बाद भी बिजली कंपनियों का निजीकरण क्यों: उपभोक्ता परिषद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाते हुए कहा कि लाभ के बाद भी आखिर बिजली कंपनियों का निजीकरण क्यों किया जा रहा है। परिषद ने कहा कि स्मार्ट मीटर से पावर कॉरपोरेशन को 1500 करोड़ का फायदा तय है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ में ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अगस्त 2025 तक सभी के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने की बात कही है। बिजली कंपनियों ने नियामक आयोग को दिये गये प्रस्ताव में 40 रुपये प्रति उपभोक्ता से हर साल वसूलने की बात कही है। तीन करोड़ उपभोक्ताओं से बिजली कंपनियों को लगभग 120 करोड़ का लाभ हर महीने होगा। यह साल में लगभग 1500 करोड़ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बिजली कंपनियों पर आरडीएसएस योजना के तहत 43,454 करोड़ व बिजनेस प्लान के तहत लगभग 5000 करोड़ का खर्च हो रहा है।

# भीषण गर्मी में तय शेड्यूल से दी गई ज्यादा बिजली

**लखनऊ,अमृत विचार:** अप्रैल और मई 2025 में जब पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में था, तब योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति को लेकर मिसाल पेश की। जिला मुख्यालयों में लगभग 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे से अधिक और तहसील मुख्यालयों में 21.30 घंटे से अधिक आपूर्ति हुई।

अप्रैल और मई में यूपी की चारों प्रमुख डिस्कॉम इकाइयों के साथ-साथ केस्को के तहत बिजली आपूर्ति के आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि प्रदेश सरकार ने हर स्तर पर पूरी तैयारी कर रखी थी।


# निजीकरण : संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पूछे सवाल

## 22 को होने वाली बिजली महापंचायत में किसानों व उपभोक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन भी होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने शनिवार को निजीकरण को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पांच सवाल पूछे। इस बीच, समिति 22 जून को बिजली महापंचायत की तैयारी शुरू कर दी है। महापंचायत में किसानों व उपभोक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन शामिल होंगे।

संघर्ष समिति ने कहा है कि प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रबंधन से पांच सवाल पूछे जाएंगे। समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री



अरविंद कुमार शर्मा ने 6 जून को चंडीगढ़ में हुए बिजली मंत्रियों के सम्मेलन में प्रदेश की बिजली वितरण व्यवस्था को देश में श्रेष्ठतम बताया। जब सरकारी क्षेत्र में प्रदेश की बिजली व्यवस्था देश में श्रेष्ठतम हो गई है, तब पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण क्यों किया जा रहा है। अगर घाटे के नाम पर निजीकरण किया जा रहा है तो चंडीगढ़ और दादरा नगर हवेली दमन व दीव जहां एटीएंडसी हानियां क्रमशः तीन प्रतिशत और 8 प्रतिशत थीं और इन दोनों स्थानों पर बिजली विभाग मुनाफे में था तो दादरा नगर हवेली दमन व दीव और चंडीगढ़ का बिजली का निजीकरण क्यों किया गया। दिल्ली में निजीकरण के 22 साल बाद भी दिल्ली विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए उपभोक्ताओं के बिजली बिल में निजी कंपनियां सात प्रतिशत की दर से पेंशन का सरचार्ज वसूलती हैं तो सवाल है कि निजीकरण के बाद प्रदेश में पेंशन देने के एवज में निजी कंपनियां उपभोक्ताओं से कितने प्रतिशत सरचार्ज वसूलेंगी।

### आगरा में टोरंट पावर ने दो किलोवाट का कनेक्शन दिया 9 लाख में

निजीकरण के बाद बिजली कनेक्शन देने के लिए क्या निजी कंपनियों को उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूलने का अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी 2025 को आगरा में टोरंट पावर ने दो किलोवाट का कनेक्शन देने के लिए उपभोक्ता से 9 लख रुपए वसूले। क्या निजीकरण के बाद प्रदेश में पूर्वांचल व दक्षिणांचल की गरीब जनता के साथ यही होने जा रहा है। समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण होने के बाद गरीब किसानों, बुनकरों और गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी या नहीं? ग्रेटर नोएडा में निजीकरण के 34 साल बाद भी किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती जबकि पूरे प्रदेश में किसानों को मुफ्त बिजली दी जा रही।

## एक नजर

### गरीबी मुक्त भारत का संकल्प हो रहा पूरा :ब्रजेश

**अमृत विचार लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में गरीबी मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो रहा है। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले 11 वर्षों में असाधारण नीतियों से बढ़ती अर्थव्यवस्था व गरीबों को सीधा लाभ पहुंचने वाली योजनाओं से देश में गरीबी से मुक्ति की राह आसान हो रही है। उन्होंने कहा कि ताजा आंकड़ों के अनुसार 11 वर्षों में निरपेक्ष गरीबी 27.1 प्रतिशत से घटकर 5.3 फीसदी हो गई है।

### विधायक राजेश्वर सिंह का लंदन में सम्मान

**अमृत विचार लखनऊ।** लखनऊ के सरोजनीनगर से भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह को यूके-इंडिया लीगल पार्टनरशिप की ओर से लंदन में 'एक्सीलेंस इन पॉलिटिकल एंड पब्लिक लाइफ' अवार्ड से सम्मानित किया गया। हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान मिला। राजेश्वर सिंह ने इसे सरोजनीनगर के विकास कार्यों की वैश्विक स्वीकृति बताया। राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि हाउस ऑफ लॉर्ड्स का यह भव्य भवन न केवल ब्रिटिश विरासत की आत्मा, बल्कि लोकतंत्र की जड़ और संवैधानिक चेतना का प्रतीक भी है।

### महराजगंज में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने किसानों से किया संवाद

**अमृत विचार लखनऊ:** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत शनिवार को महराजगंज के विकास खंड पनियरा के ग्राम बैजूदेहरा में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने किसानों से संवाद किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि व अन्य फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।


# जल्द पूरे होंगे 20 विभागों के निर्माण कार्य

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूरा किया जाएगा प्रोजेक्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश 20 विभागों से संबंधित बड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत भवन सेल द्वारा 95 निर्माण कार्यों को 18767 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इसमें विभागों के कार्यालयों समेत विभिन्न प्रकार के आवासीय-अनावासीय अवसंरचनाओं का निर्माण शामिल है।

कार्ययोजना के अनुसार गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्यों को 6550 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। जबकि, चिकित्सा शिक्षा, कारागार व उच्च शिक्षा विभाग के भी कई



- गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्य पर खर्च होंगे साढ़े छह हजार करोड़

बड़े निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि इन 95 निर्माण कार्यों में से 26 की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है, जबकि 10 कार्यों की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत के बीच है। बड़ी बात यह है कि 17 कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा भी कर लिया गया है।

गृह विभाग के बाद ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) मोड पर दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा कार्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें कुल 5357 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग के 6 निर्माण कार्यों को 773 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। कारागार विभाग के कुल 7 निर्माण कार्यों को भी 1334 करोड़ रुपए से पूरा करने की तैयारी है। इसी प्रकार, न्याय विभाग के कुल 3 कार्यों को 1227 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 3 कार्यों को 312 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 324 करोड़ रुपए की लागत से 3 निर्माण कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### राजस्व व आपदा विभाग के कार्य पर खर्च होंगे 350 करोड़

राजस्व एवं आपदा विभाग के लिए 350 करोड़ से 2 कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए 229 करोड़ की लागत से 2 कार्य, श्रम विभाग के लिए 149 करोड़ की लागत से 2 कार्य तथा राज्य संपत्ति विभाग के लिए 2 निर्माण कार्यों को 182 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार, आयुष विभाग के लिए 267 करोड़ रुपए, माध्यममिक शिक्षा विभाग के लिए 153 करोड़ रुपए, खेल विभाग के लिए 388 करोड़, नागरिक उड्डयन विभाग के लिए 103 करोड़, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के लिए 95 करोड़, वित्त विभाग के लिए 187 करोड़, पशुधन विभाग के लिए 277 करोड़, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के लिए 434 करोड़ तथा धर्मार्थ कार्य विभाग के लिए 65 करोड़ की लागत से एक-एक कार्य को पूरा किया जाना प्रस्तावित है।

# बीएनए में 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा दस से

**अमृत विचार, लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में शैक्षिक सत्र 2025-27 में परास्नातक में प्रवेश के लिए पहली बार 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा 10 जून से शुरू हो रही है। अभ्यर्थियों का चयन 15 जून तक आयोजित प्रवेश परीक्षा व साक्षात्कार से किया जाएगा। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डा. सुमित श्रीवास्तव ने दी। बताया कि योग्य अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार 10, 11 व 12 जून को सुबह 10 बजे से कराई जाएगी। संस्थान ने प्रथम चरण की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों के साथ 10 जून को अकादमी बुलाया है। लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर अंतिम चयन (कार्यशाला) के लिए लगभग 60 अभ्यर्थी चयनित किए जाएंगे। इनकी परीक्षा 13, 14 व 15 जून को सुबह 10.30 बजे से कराई जाएगी।

# माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाएगी सरकार

- विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का बोर्ड ने जारी किए निर्देश
- गंगा की निर्मलता होगी अभियान का हिस्सा, स्वच्छता के प्रति समाज के दूत बनेंगे छात्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाएगी। विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का बोर्ड ने निर्देश जारी किए हैं। गंगा की निर्मलता अभियान का खास हिस्सा होगी। छात्र-छात्राएं स्वच्छता के प्रति समाज के दूत बनेंगे।

प्रदेश की ओर से जारी अकादमिक कैलेंडर में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक व भौगोलिक परिदृश्य से छात्रों को परिचित कराने के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों से परिचित कराने पर भी बल दिया गया है। इसके साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का निर्देश भी दिया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से संबंधित गतिविधियां अनिवार्य रूप से कराई जाएंगी। इसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के साथ गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान से भी प्रत्येक विद्यार्थी को जोड़ा जाएगा।छात्र छात्राओं को समूह आधारित फील्ड वर्क से जोड़ा जाएगा। किसी नदी या तालाब के पास ले जाकर विद्यार्थियों से लघु रिपोर्ट बनवाई जाएगी। इसी तरह किसी गांव, कस्बे का भ्रमण कराते हुए वहां के जल प्रबंधन और जल संरक्षण बारे में छात्रों को जानकारी दी जाएगी।

# 'त्रिवेणी वन' बसाकर महाकुंभ की स्मृति को ताजा रखेगी योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी के सभी जिलों में त्रिवेणी वन में लगाए जाएंगे नीम, पीपल व बरगद के पौधे

**अमृत विचार:** महाकुम्भ की स्मृतियों को ताजा रखने के लिए सभी 75 जिलों में योगी सरकार की तरफ से त्रिवेणी वन लगाया जाएगा। इसमें नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर वन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है।

त्रिवेणी वन की शुरुआत पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या से कर दी है। जुलाई में होने वाले पौधरोपण महाभियान में हर जिले में इसकी स्थापना की जाएगी। मिशन से जुड़े अधिकारी इसके संरक्षण पर भी जोर देंगे। नर्सरियों में 52.33 करोड़ पौधे तैयार किए जा चुके हैं। इसमें सिर्फ वन विभाग की नर्सरियों 5.75 करोड़ औषधीय पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें नीम के लगभग 52 लाख, बरगद के 29 लाख व पीपल के 29 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इन पर्यावरणीय पौधों को रोपित करने के साथ ही इनके संरक्षण पर भी विभाग का जोर रहेगा।

> प्रदेश सरकार के निर्देशन में इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण होगा। इसी क्रम में इस वर्ष प्रदेश के सभी जिलों में त्रिवेणी वन स्थापित होगा। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री ने अयोध्या से की है। त्रिवेणी वन के अंतर्गत नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाए जाएंगे।
>
> **-सुनील कुमार चौधरी,** प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष वन विभाग

# गाजियाबाद में तेज रफ़्तार कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**गाजियाबाद,एजेंसी:** जिले में राजनगर एक्सटेंशन इलाके में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से सुबह की सैर पर निकले दो पड़ोसियों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नंदग्राम की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) पूनम मिश्रा ने बताया कि मृतकों की पहचान नंदग्राम की बृज नगरी कॉलोनी के सुभाष सिंह चौहान (57) और कमलेश यादव (45) के रूप में हुई है।

पीछे से टक्कर मारने के बाद कार का चालक मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई है कि कार ने उन्हें टक्कर मारी थी, जिससे चौहान का सिर कार के पहियों के नीचे कुचल गया और यादव सड़क किनारे गहरे गड्ढे में गिर गए। राहगीरों ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें पास के एक अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# चिन्हित गरीब युवाओं को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के दिये निर्देश

**अमृत विचार:** प्रदेश में चिन्हित गरीब परिवारों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव शनिवार को जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत चिन्हित परिवारों के युवाओं के उन्नयन व उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पिकप भवन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान का लक्ष्य प्रत्येक निर्धनतम परिवार को भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, शिक्षा व आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही, उनके लिए सतत आय का स्रोत सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि इन परिवारों के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से जीवकोपार्जन के लिए आत्मनिर्भर बनाया जाय, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम ने बताया कि वर्तमान में 13.57 लाख अत्यंत गरीब परिवारों के युवक-युवतियों को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत पारंपरिक व आधुनिक कोर्स में रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण देने का कार्य चल रहा है। प्रशिक्षण निशुल्क है, जिसमें पाठ्यसामग्री, दो यूनिफॉर्म और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की भी व्यवस्था है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग की ओर से मान्यता प्राप्त है। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को सॉफ्ट स्किल जैसे अंग्रेजी भाषा, संवाद कौशल, सामान्य कंप्यूटर ज्ञान व औद्योगिक व्यवहार का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# 60,244 सिपाही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे शाह

## गृह मंत्री का लखनऊ आगमन 15 को, पंचायत चुनाव पर भी करेंगे मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गृह मंत्री अमित शाह 15 जून को लखनऊ आएंगे। वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 60,244 नव नियुक्त सिपाही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इसके बाद पंचायत चुनाव पर भी मंथन करने का कार्यक्रम है।

राज्य सरकार सिपाही भर्ती का नियुक्ति पत्र देने के समारोह के बहाने युवाओं को बड़ा संदेश देने का प्रयास करेगी। खासकर विरोधी दलों के नेता भर्ती में धनउगाही और पक्षपात करने के आरोपों को लेकर निशाने पर होंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 15 जून को लखनऊ के संभावित आगमन को देखते हुए प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है।

डिफेंस एक्सपो मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण कराने की तैयारियां चल रही हैं। समारोह में कई मंत्री व वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। यह प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी भर्ती है, जिसमें 12048 महिला अभ्यर्थी भी शामिल हैं। पहले परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद कर दी गई थी, जिसे बाद में दोबारा कराया गया।

### डीजीपी ने अभ्यर्थियों के ड्रेस कोड के लेकर दिए निर्देश

डीजीपी राजीव कृष्ण ने अभ्यर्थियों को समारोह में लाने और उनके ड्रेस कोड को लेकर विस्तृत निर्देश दिए हैं। राजपत्रित अधिकारी अभ्यर्थियों को लखनऊ लेकर आएंगे। उनके ठहरने व अन्य सुविधाओं को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में यह कार्यक्रम इकाना स्टेडियम में आयोजित कराने की तैयारी थी, लेकिन अब वृंदावन योजना में समारोह होगा।

# भाजपा सरकार में नहीं बचा वरिष्ठ-कनिष्ठ अधिकारियों का मतलब:अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों का मतलब नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस के वरिष्ठतम लोग वर्तमान व्यवस्था में महत्वपूर्ण पदों से वंचित रह गए हैं। वे अनैच्छिक परिस्थितियों में ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेने को मजबूर हैं। इससे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का मनोबल टूटता है।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये डीजीपी की नियुक्ति की ओर से संकेत करते हुए कहा कि अधिकारियों का मनोबल टूटने का खामियाजा प्रदेश की कानून-व्यवस्था व जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब भाजप सरकार में वरिष्ठ-कनिष्ठ का मतलब ही नहीं बचा है तो वरिष्ठता क्रम की सूची बनाने का क्या मतलब है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठता में एक-दो के फेरबदल को तो कार्य के स्वरूप के आधार पर या किसी अन्य पैमाने पर उचित ठहराया भी जा सकता है।

## वर्ग पहेली- 455

**बाएं से दाएं**

4.1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी

5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।

7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**


1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।

2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।

3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।

5.1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।

6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना, प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।




## वर्ग पहेली -454 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | | | | 2 तु | |
| गा | | 3 सु | | ल | |
| ना | | हा | | नी | |
| | 4 कु | व | ल | य | |
| 5 र | ल | ना | | | 6 खु |
| | प | | | | र |
| 7 इ | ति | हा | स | | हा |

## सुडोकू -2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | 1 | | | 4 | |
| 9 | | 4 | | | | 1 | | 8 |
| | 3 | 5 | | | 6 | | | 2 |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | | 3 | 5 | | 9 | |
| 3 | | | 9 | | | 8 | 5 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 4 |
| | 5 | | | 8 | 4 | | 1 | |

## सुडोकू - 1 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी- 07.17 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- स्वाती 12.42 तक तत्पश्चात विशाखा।


मेष

आज आपके प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं। सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जायेंगे।


वृष


आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। एक साथ अनेक कार्य सम्भालने पड़ेंगे। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।


मिथुन

आज अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। प्रेमी जन को आज मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ट और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण कार्य न छोड़ें। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद कर सकते हैं।


कर्क

आज आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको काफी परेशान कर सकता है। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग बिल्कुल न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होगी।


सिंह

आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा।


कन्या

आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। बड़बोलेपन वाले व्यवहार से बचें। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।


तुला


आज पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।


वृश्चिक

आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। आज आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।


धनु

आज फाइनेन्स से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। आपके खर्चों में कमी आयेगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।


मकर

आज आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा।


कुंभ

आज अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ायें। बच्चे पढ़ाई के अतिरिक्त दूसरे कार्यों में अधिक समय व्यर्थ करेंगे। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।


मीन

आज आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी। इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। आज आप कोई नवीन कार्य आरंभ करने से बचें। महिलाएं किचन में काम करने के दौरान सावधानी रखें।

# कोको गाफ ने पहली बार जीता फ्रेंच ओपन खिताब

## महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराया अमेरिकी खिलाड़ी ने

**पेरिस, एजेंसी**



संयुक्त राज्य अमेरिका की कोको गौफ फ्रेंच टेनिस ओपन का फाइनल जीतने के बाद जश्न मनाती हुईं। • एजेंसी

अमेरिका की कोको गाफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया।

अमेरिका की 21 साल की दूसरी रैंकिंग वाली गाफ इससे पहले 2023 अमेरिकी ओपन जीत चुकी हैं। रोलां गैरो पर 2013 के बाद पहली बार दुनिया की पहले और दूसरे नंबर की खिलाड़ी के बीच फाइनल खेला गया।

बारह साल पहले सेरेना विलियम्स ने मारिया शारापोवा को हराकर खिताब जीता था। पिछले 30 साल में यह दूसरी बार है जब खिताबी भिड़ंत शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच हुई है। गाफ के दूसरे मैच पॉइंट पर सबालेंका के बैकहैंड शॉट के वाइड होने के साथ खिताब अपने नाम किया। वह जीत दर्ज करने के बाद पीठ के बल लेट गयी और अपने चेहरे को दोनों हाथों से ढक लिया।

उन्होंने फिर अपने सिर को कोर्ट पर टिकाया और नेट पर सबालेंका का अभिवादन करने के बाद दर्शक दीर्घा में मौजूद फिल्म निर्देशक स्पाइक ली को गले लगाया और अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। गाफ तीसरे सेट में अहम मौके पर अपने खेल का स्तर ऊंचा करने में सफल रही।

उन्होंने इस सेट के तीसरे गेम में शानदार रैली जीत कर बेलारूस की सबालेंका पर दबाव बनाये रखा। उनके ड्रॉप शॉट और रिटर्न को संभालने में सबालेंका लगातार संघर्ष करते दिखी। इससे पहले कांटे की टक्कर वाले शुरुआती सेट को 6-7 से गंवाने के बाद गॉफ ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को एकतरफा अंदाज में 6-2 से जीता। उन्होंने दमदार बैकहैंड रिटर्न से सबालेंका की सर्विस को दो बार ब्रेक कर दबदबा कायम किया। सबालेंका शुरुआती सेट में 4-1 की बढ़त बनाने में सफल रही लेकिन उन्होंने लगातार गलतियों और डबल फॉल्ट कर गाफ को वापसी का मौका दे दिया।

गाफ ने स्कोर को 4-4 किया लेकिन सबालेंका ने अमेरिका की खिलाड़ी की सर्विस को ब्रेक कर फिर से 5-4 की बढ़त बना ली। गॉफ ने धैर्य और संयम बनाये रखते हुए एक बार फिर से स्कोर बराबर किया। लगभग 80 मिनट तक चले इस सेट का फैसला टाई ब्रेक से हुआ जिसमें सबालेंका एक समय 0-3 से पिछड़ रही थी लेकिन वह खराब शुरुआत से उबरने में सफल रही।इस सेट के बाद 27 साल की सबालेंका पर थकान हावी होती दिखी तो वहीं गाफ ने संयम और धैर्य का शानदार मिश्रण दिखाया।



महिला व्हीलचेयर एकल फाइनल मैच के बाद ट्रॉफी के साथ जापान की यूई कामीजी। उन्होंने नीदरलैंड की एनीक वान कूट को हराया। • एजेंसी



सर्बिया के नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए।


## जोकोविच का फ्रेंच ओपन में आगे खेलना अनिश्चित

**पेरिस, एजेंसी :** रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनर से हारने के बाद इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि वह दोबारा फ्रेंच ओपन में खेल पाएंगे या नहीं।

जोकोविच ने सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद अपना बैग नीचे रखा और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा मेरा मतलब है कि यह मेरा यहां खेला गया आखिरी मैच हो सकता था, इसलिए मुझे नहीं पता। इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक था। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था। जोकोविच ने मैच हारने के बाद अपना हाथ चूमा, फिर उसे मिट्टी पर रख दिया, मानो फ्रेंच ओपन को अलविदा कह रहे हों, जहां वह तीन बार चैंपियन रहे थे। उन्होंने अपना बैग ऊपर खींचा, स्टैंड की तरफ देखा और फिर बाहर चले गए।

## खेल डायरी

### पुर्तगाली फुटबॉल रोनाल्डो क्लब विश्वकप में नहीं खलेंगे



**लिस्बन :** पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि वह इस महीने होने वाले क्लब विश्वकप में नहीं खेलेंगे। रोनाल्डो ने कहा मैं क्लब विश्वकप में नहीं रहूंगा। कुछ टीमों ने मुझसे संपर्क किया। कुछ ने समझदारी दिखाई और कुछ ने नहीं, लेकिन आप हर चीज करने की प्रयास नहीं कर सकते। आप हर गेंद को नहीं पकड़ सकते।" 40 वर्षीय रोनाल्डो का जून के आखिर में सऊदी अरब के क्लब अल-नासर के साथ अनुबंध समाप्त हो रहा है। मई में, फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अल-नासर के क्वालीफाई करने में विफल होने के बाद रोनाल्डो के क्लब विश्वकप में खेलने वाली टीम में शामिल होने की संभावना जताई जा रही थी। स्ट्राइकर रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद 2023 में अल-नासर क्लब में शामिल हुए थे। उन्होंने क्लब के लिए 111 मैचों में 99 गोल किए हैं, जिसमें पिछले सत्र में 41 मैचों में 35 गोल शामिल हैं। रोनाल्डो ने बुधवार को जर्मनी के खिलाफ 2-1 की जीत में विजयी गोल करके पुर्तगाल को राष्ट्र लीग फाइनल में जगह दिलाई थी।

### वीरेंद्र कंवर भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश के वीरेंद्र कंवर शनिवार को भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने लंबे समय से प्रतीक्षित चुनावों में यहां नगालैंड के प्रेम सिंह बाजोर को मात्र दो वोट से हराया। इन चुनावों में अंतरिम समिति का भी चयन किया गया। कंवर को 33 मत मिले जो बाजोर से दो ज्यादा थे। तीसरे उम्मीदवार बिहार के आनंद शंकर को एक भी मत नहीं मिला। राजस्थान के रामानंद चौधरी 33 वोट पाकर नए महासचिव बने, उन्होंने महाराष्ट्र के नीलेश जगताप को चार वोटों से हराया। तेलंगाना के एन वी हनमनाथ और असम के सुशांत विश्वा 36-36 मतों के साथ उपाध्यक्ष चुने गये जबकि हरि सिंह चौहान (मध्य प्रदेश) ने कोषाध्यक्ष पद का चुनाव जीता। आनंद शंकर और कुलदीप वत्स ने दो संयुक्त सचिव पदों पर जीत हासिल की। बिनॉय जोश, मिथलेश कुमार, उत्तम राज, एस रामदास और पार्थ दास को कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया।

### इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया

**चेस्टर ली स्ट्रीट (इंग्लैंड) :** पूर्व कप्तान जोस बटलर केवल चार रन से शतक से चूक गए। उनकी धमाकेदार पारी और लंबे समय बाद वापसी करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन की शानदार गेंदबाजी की मदद से इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 188 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले बटलर ने अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखी तथा 59 गेंद पर 96 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 38 और जैकब बैथेल ने नाबाद 23 रन का योगदान दिया।

### केएलएम ओपन में शर्मा कट से चूके, अहलावत रिटायर हुए

**एम्सटर्डम :** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां केएलएम ओपन के दूसरे दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में असफल रहे। शर्मा ने पहले राउंड में 78 का स्कोर बनाया था। अंधेरा होने के कारण दूसरे दिन का खेल पूरा नहीं हो पाया था। हालांकि अनुमानित कट चार ओवर पर निर्धारित है, लेकिन शर्मा का स्कोर आठ ओवर पर है और उनका कट से चूकना निश्चित है। उन्होंने अपने दूसरे राउंड में दो बर्डी बनाई और एक बोगी की। इस बीच वीर अहलावत पहले दिन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रिटायर हो गए। उन्होंने पहले दौर में 78 का कार्ड खेला था।

## याराजी ने 100 मीटर बाधादौड़ में मारी बाजी

**ताइपे सिटी, एजेंसी**

**ताइवान ओपन**



एशियाई चैंपियन ज्योति याराजी ताइवान एथलेटिक्स ओपन में शनिवार को महिलाओं की सौ मीटर बाधा दौड़ में अव्वल रही और भारत के छह एथलीटों को स्वर्ण पदक मिला।

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी याराजी ने 12.99 सेकंड का समय निकाला। जापान की असुका तेराडा (13.04 सेकंड) और चिसातो कियोयामा (13.10 सेकंड) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। याराजी ने 29 मई को दक्षिण कोरिया में एशियाई चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था जिसमें उन्होंने 12.96 सेकंड का समय निकाला था। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस सिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.52 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ताइवान के सियेह युआन केइ (13.72 सेकंड) को रजत और कुइ रू चेन (13.75) को कांस्य पदक मिला। भारत की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम (गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर और अमलान बोरगोहेन) ने स्वर्ण पदक जीता। वे अपने ही 38.69 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सेकंड के 600वें हिस्से से चूक गए। वे हालांकि तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क से भी चूक गए।

## कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**





- विश्व चैंपियन डी गुकेश तीसरे स्थान पर रहे

विश्व चैंपियन डी गुकेश अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से हारने के कारण नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने यहां रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता।

गुकेश ने 2018 के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कारूआना के खिलाफ समय समाप्त होने के कारण एक बड़ी गलती की इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि मौका उनके हाथ से निकल गया है। गत विजेता कार्लसन ने शुक्रवार को 10वें राउंड में भारत के अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मुख्य बाजी ड्रॉ कराकर अपने अंकों की संख्या 16 पर पहुंचाई और इस तरह से खिताब अपने नाम पक्का किया। कारूआना 15.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। गुकेश 14.5 अंकों के साथ तीसरे जबकि एरिगैसी 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। एरिगैसी ने स्थानीय खिलाड़ी कार्लसन के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक जीता, लेकिन अंत में इसका कोई महत्व नहीं रहा। महिला वर्ग मे दो बार की विश्व ब्लिट्ज़ चैंपियन, यूक्रेन की अन्ना मुज़ीचुक ने अंतिम राउंड में भारत की आर वैशाली से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारने के बावजूद 16.5 अंकों के साथ खिताब जीता। भारतीय खिलाड़ियों में कोनेरू हम्पी 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही जबकि वैशाली टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्होंने 11 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया।

## ब्रिटेन पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

**लंदन, एजेंसी**



इंग्लैंड रवाना होने से पहले मुंबई एयरपोर्ट पर भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम। • एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ब्रिटेन पहुंच गई है। यह सीरीज 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारतीय टीम शुक्रवार की रात को मुंबई से ब्रिटेन के लिए रवाना हुई थी।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल भारतीय टीम की अगुआई करेंगे, जो रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद एक नए युग की शुरुआत होगी। कई भारतीय खिलाड़ी भारत ए टीम के हिस्से के रूप में पहले ही इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। भारत ए अभी इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन मैचों की अनधिकृत टेस्ट सीरीज में भाग ले रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किए गए साई सुदर्शन ने कहा भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनकर अच्छा लग रहा है विशेषकर टेस्ट श्रृंखला के लिए। ब्रिटेन में आपका स्वागत है। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इसके बाद बर्मिंघम (2-6 जुलाई), लॉर्ड्स (10-14 जुलाई), मैनचेस्टर (23-27 जुलाई) और ओवल (4-8 अगस्त) में मैच खेले जाएंगे।

### भारत ए के खिलाफ इंग्लैंड लायंस के तीन विकेट पर 192 रन

**नॉर्थम्पटन :** तेज गेंदबाजी हरफनमौला शार्दुल ठाकुर और नीतिश कुमार रेड्डी कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके और भारत ए के 348 रन के जवाब में इंग्लैंड लायंस ने चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को 46 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बना लिये जब खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी रोकना पड़ा। भारतीय टीम प्रबंधन ठाकुर और रेड्डी को विकेट नहीं मिलने से चिंतित होगा क्योंकि दोनों इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में टीम में तेज गेंदबाजी हरफनमौला के एकमात्र स्थान के दावेदार हैं। कैंटरबरी में पहले चार दिवसीय मैच में ठाकुर ने 28 ओवर में 105 रन देकर दो विकेट लिये थे जबकि रेड्डी ने 14 .5 ओवर में 63 रन देकर एकमात्र विकेट पाया था।

### गिल को लंबे समय तक टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी देनी चाहिए : पोंटिंग

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत ने टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपकर सही फैसला किया है और अब इस युवा बल्लेबाज को खुद को साबित करने के लिए लंबे समय तक मौका दिया जाना चाहिए। पोंटिंग को उम्मीद है कि भारतीय टीम मौजूदा बदलाव के दौर को अन्य देशों की तुलना में बेहतर तरीके से निपट सकती है। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू' पर कहा मुझे लगता है कि यह सही कदम है। बहुत से लोग और विशेषज्ञ कह रहे हैं कि बुमराह को कप्तान क्यों नहीं बनाया गया और उन्होंने शुभमन को क्यों चुना, पर मुझे लगता है कि इसे समझना बहुत ही सरल है। बुमराह कुछ वर्षों से चोटिल होते रहे हैं और इसी वजह से वह इस दौड़ में थोड़े पीछे चले गए।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए नयी चुनौती होगीः लियोन

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि सभी प्रारूपों में आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अनुभव होने के बावजूद उनकी टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना एक अलग चुनौती होगी क्योंकि यह मुकाबला ड्यूक गेंद के साथ विदेशी परिस्थितियों में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया 11 जून से लॉर्ड्स में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में गत विजेता के रूप में उतरेगा। उनकी टीम में पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल के अलावा 2015 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2023 वनडे विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं। आईसीसी ने लियोन के हवाले से कहा हमारी टीम में तीन (50 ओवर) विश्व कप और टी20 विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ दो साल पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतने वाले खिलाड़ियों का अनुभव है। यह अनुभव और बड़े मैचों के दबाव झेलने की क्षमता हमारे पक्ष में है।

## मेसी निश्चित रूप से केरल का दौरा करेंगे

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**



- केरल के खेल मंत्री अब्दुरहीमान ने कहा-प्रायोजक ने मैच फीस का भुगतान किया

केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को कहा कि सरकार की पहले की घोषणा के मुताबिक महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम निश्चित रूप से राज्य का दौरा करेगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्टूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है। खेल मंत्री ने हालांकि राज्य में फुटबॉल के प्रशंसकों की उम्मीदों को बनाये रखने की कोशिश की है। अब्दुरहीमान और प्रायोजक (रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी) दोनों ने इन रिपोर्टों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और दोहराया था कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी केरल में मैत्री मैच का हिस्सा होगा। मंत्री ने शुक्रवार को फेसबुक पर एक संक्षिप्त पोस्ट लिखकर कहा कि 'मेसी आएंगे'। इससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया। उन्होंने इस पोस्ट में 'रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी' को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने शनिवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि प्रायोजक द्वारा मैच फीस के भुगतान में कुछ देरी हुई थी और अब यह मामला सुलझ गया है।

## प्रो लीग यूरोप चरण के पहले मैच में नीदरलैंड से हारी भारतीय टीम

**एम्सटेलवीन, एजेंसी**

एक गोल से बढ़त बनाने के बावजूद भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के पहले मैच में शनिवार को ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के हाथों 2-1 से हार गई। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दागकर भारत को बढ़त दिला दी थी लेकिन नीदरलैंड के लिए थीज वैन डैम ने दो फील्ड गोल (25वां और 58वां मिनट) करके भारत के जीत के मंसूबों पर पानी फेर दिया।





भुवनेश्वर में खेले गए प्रो लीग के घरेलू चरण में आठ मैचों में 15 अंक हासिल करके भारत तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिये भारतीय टीम की नजरें यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने पर लगी हैं लेकिन आगाज जीत के साथ नहीं हो सका। भारतीय टीम ने शानदार शुरूआत की और अच्छे पास देकर गेंद पर नियंत्रण बनाये रखा। पहले आठ मिनट में दोनों टीमों ने रक्षात्मक हॉकी दिखाई। भारत को इसके बाद गोल करने का सुनहरा मौका मिला जब डच सर्कल के भीतर दिलप्रीत सिंह को गेंद मिली लेकिन उसे गोलकीपर मौरित्ज विसेर ने बचा लिया। वहीं नीदरलैंड ने जवाबी हमला बोला और थियरी ब्रिंकमैन दाहिने फ्लैंक से भारतीय सर्कल में सेंध लगाने घुसे लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने चुस्ती दिखाई। दूसरे क्वार्टर में 17वें मिनट में स्टेन वान हेइजिनिंगजेन का वार भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने बचा लिया। भारत को जवाबी हमले में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर हरमनप्रीत ने गोल दागा। भारत की बढत हालांकि ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रही और पांच मिनट बाद ही वैन डैम ने बराबरी का गोल दाग दिया। हाफटाइम तक स्कोर 1-1 से बराबर था। दूसरे हाफ में भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति में तालमेल का अभाव दिखा और गोल करने के मौके भी नहीं बन सके।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप में खेलेगी

**नई दिल्ली :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इस साल चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में आठ से 17 जून तक बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेलेगी।

भारतीय टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया, जहां से वह सीधे बेल्जियम के लिए रवाना हो गई थी। भारत यूरोप के अपने दौरे की शुरुआत एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज प्लीन में बेल्जियम के खिलाफ तीन मैचों के साथ करेगा। इसके बाद भारतीय टीम कोंटिच में बीयरशॉट टेनिस हॉकी पैडल क्लब में आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

## धोखाधड़ी में 30 पहलवान निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उम्र में हेरफेर करने का मामाला डब्ल्यूएफआई ने की कार्रवाई

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने जूनियर स्तर पर अधिक उम्र के पहलवानों पर शिकंजा कसते हुए पिछले महीने 400 से अधिक ऐसे मामलों की जांच के बाद 30 पहलवानों को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। डब्ल्यूएफआई ने मुख्य रूप से दिल्ली के अखाड़ों के प्रशिक्षकों और पहलवानों की शिकायतों पर कार्रवाई की, जिसमें कहा गया था कि हरियाणा के कई पहलवानों ने फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करके यह दिखाया है कि वे राष्ट्रीय राजधानी में पैदा हुए हैं और जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के पात्र हैं।

इनमें दो पहलवान ऐसे हैं जिन्होंने हाल में बिहार में आयोजित खेलो इंडिया खेल में पदक जीते थे।

डब्ल्यूएफआई के एक सीनियर अधिकारी ने पीटीआई को बताया हम पहलवानों का करियर खराब नहीं करना चाहते, इसलिए हमने उन्हें जूनियर स्तर की प्रतियोगिताओं जैसे अंडर-18 और कैडेट स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। अगर वे 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं तो उन्हें सीनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्हें अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

उन्होंने कहा उन्हें डब्ल्यूएफआई से अपने कृत्य और धोखाधड़ी के लिए माफ़ी मांगनी चाहिए। हम उनके मामलों पर विचार करेंगे। यह कुछ समय से चल रहा है। पिछले 30-40 दिनों में हमने एक-एक करके लगभग 30 ऐसे पहलवानों को निलंबित किया है। डब्ल्यूएफआई अधिकारी ने बताया कि इनमें से अधिकतर पहलवानों ने हरियाणा में अपने प्रशिक्षकों के बहकावे में आकर दिल्ली के नरेला और रोहिणी क्षेत्र से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए रिश्वत दी। उन्होंने कहा ऐसे 436 मामलों में से करीब 300 मामले नरेला क्षेत्र से थे, जबकि बाकी मामले सुल्तानपुरी और मंगोलपुरी जैसे क्षेत्र से थे जो रोहिणी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इनमें से अधिकतर पहलवान बेगमपुरा से आयु प्रमाण पत्र हासिल कर रहे थे। अधिकारी ने कहा वे सभी दिल्ली का प्रतिनिधित्व करना चाहते थे, क्योंकि हरियाणा की टीम में चयन होना आसान नहीं है। हमने शिकायतें मिलने के बाद एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड से संपर्क किया तथा जांच और सत्यापन के बाद यह साबित हो गया कि उनके प्रमाण पत्र फर्जी थे। उन्होंने कहा इसके लिए कोच जिम्मेदार हैं।

## कश्मीर में दौड़ी ट्रेन



कश्मीर घाटी को देश से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का रियासी जिले के कटरा से श्रीनगर के लिए शनिवार को विधिवत संचालन शुरू हुआ। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल से गुजरने वाली इस ट्रेन से तमाम यात्रियों ने अपनी पहली यात्रा की। ट्रेन और पुल को लेकर उनमें खासा उत्साह रहा। इसी शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने इस ट्रेन और पुल का लोकार्पण किया था। एजेंसी

# डॉक्टर इंटरनेट कर रहा बीमार

## बढ़ा रहा जान का जोखिम



आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से लोग स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। डॉक्टरों के बनाए रील्स और वीडियो कई बार उपयोगी जानकारी देते हैं, लेकिन कई लोग इन्हें देखकर खुद ही अपना इलाज करने लगते हैं। यह प्रवृत्ति बेहद खतरनाक हो सकती है क्योंकि हर व्यक्ति की बीमारी, शारीरिक स्थिति और दवा की प्रतिक्रिया अलग होती है। खुद इलाज करने से गलत दवाएं लेना, बीमारी का सही निदान न होना और गंभीर जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग ऑनलाइन जानकारी को केवल संदर्भ के रूप में लें और किसी भी इलाज से पहले योग्य डॉक्टर से परामर्श करें। यह प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, इससे बचने के लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है...

### रील्स देखकर इलाज करना घातक

इंटरनेट पर मौजूद डॉक्टरों के रील्स या वीडियो जनता को आसान भाषा में स्वास्थ्य की जानकारी देते हैं, लेकिन जब लोग बिना विशेषज्ञ की सलाह के इलाज करना शुरू कर देते हैं, तब यह बेहद खतरा होता है। इसमें गलत दवा का सेवन, लक्षणों के आधार पर गलत बीमारी का अनुमान, गंभीर बीमारियों का समय पर पता न चलना, दवाओं के दुष्प्रभाव या एलर्जी की आशंका बढ़ जाती है।

### जागरूकता

लोगों को यह समझना बेहद ज़रूरी है कि डॉक्टर की सलाह केवल स्क्रीन देखकर नहीं ली जा सकती। स्वास्थ्य से जुड़ी ऑनलाइन सामग्री को जानकारी के लिए देखें, इलाज के लिए नहीं। सोशल मीडिया पर साझा की जानकारी के स्रोत और प्रमाण की जांच करें। डॉक्टर की सलाह को प्राथमिकता दें। स्कूल, कॉलेज व पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा पर बल देना चाहिए।

### सरकार की भूमिका

सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को प्रयास करना होगा ताकि इसको रोका जा सके। भ्रामक मेडिकल सामग्री को हटाने के लिए कड़े नियम लागू होने चाहिए। डॉक्टरों को रील्स बनाते समय सामान्य जानकारी मात्र जैसे डिस्क्लेमर अनिवार्य करना चाहिए। सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय के माध्यम से प्रमाणित जानकारी देने वाले पोर्टल्स को बढ़ावा दे सकती है।

### कानूनी प्रावधान

भारत में ड्रग एंड मैजिक रैमेडिस एक्ट, 1954 और क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत झूठे इलाज का प्रचार-प्रसार दंडनीय अपराध है। गलत या भ्रामक इलाज दिखाने पर सजा या जुर्माना हो सकता है। बिना रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के इलाज बताना कानून गलत है। साइबर अपराध कानून के तहत भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

### हाल ही में हुईं घटनाएं

**मथुरा : स्वयं सर्जरी का प्रयास-** मार्च 2025 में मथुरा के वृंदावन के राजा बाबू ने पेट दर्द से परेशान होकर यूट्यूब वीडियो देखकर खुद सर्जरी करने का प्रयास किया। उन्होंने मेडिकल स्टोर से सर्जिकल उपकरण और दवाएं खरीदीं, और अपने पेट पर सात इंच का चीरा लगाकर 11 टांके लगाए। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

**मैनपुरी : डॉक्टर की लापरवाही से मौत-** जनवरी 2025 में, मैनपुरी के महाराजा तेज सिंह जिला अस्पताल में महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई, जब ऑन-ड्यूटी डॉक्टर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील्स देखने में व्यस्त थे। परिजनों के आग्रह के बावजूद डॉक्टर ने मरीज को नहीं देखा।

**पुणे : फिटनेस रील्स से चोट-** पुणे के निवासी ने सोशल मीडिया पर फिटनेस विशेषज्ञ की रील देखकर कंधे और पेट की एक्सरसाइज की, जिससे उनके कंधे में चोट लग गई और उन्हें दो महीने तक फिजियोथेरेपी करानी पड़ी।

## एक नजर

### जासूसी में गिरफ्तार यूट्यूबर की हिरासत दो दिन बढ़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब में मोहाली की अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर जसबीर सिंह की पुलिस हिरासत शनिवार को दो दिन के लिए बढ़ा दी। यूट्यूबर को चार जून को गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को, तीन दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया। सिंह के वकील ने बताया कि पुलिस ने उसे सात दिन की रिमांड में देने का अनुरोध किया था, लेकिन अदालत ने दो दिन के लिए ही हिरासत में भेजा। पुलिस के अनुसार, यूट्यूबर सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' ज्योति मल्होत्रा के कथित रूप से संपर्क में था, जो पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में अभी हिरासत में है।

### नेपाल में सोना रखने के आरोप में भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में एक भारतीय को 274 ग्राम सोना लाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल के महादेव सामंत को शुक्रवार को काठमांडू जा रही बस में सुरक्षा जांच के दौरान चंद्रगिरि नगर पालिका के नागधुंगा से गिरफ्तार किया गया। भारतीय नागरिक बिना सीमा शुल्क चुकाए सोना लेकर आया था।

### रूसी हमले में यूक्रेन के चार की मौत, 26 घायल

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के खारकीव शहर को निशाना बनाकर शनिवार को ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें चार लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूसी बमबारी में घातक हवाई ग्लाइड बम भी इस्तेमाल किए गए। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर पहला हमला तड़के सुबह रूसी ड्रोन और मिसाइल से किया गया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए।

### छत्तीसगढ़ में 2 महिला समेत 5 नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ के बाद दो महिला समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने चार दिनों में दो नक्सली नेता समेत कुल सात नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए सभी सात नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार चार जून से बीजापुर जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को ब्रिटेन का साथ : मोदी

## प्रधानमंत्री ने आतंक के समर्थकों पर अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई करने पर दिया बल

- ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ की बैठक


**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ बैठक में आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई पर बल दिया। लैमी ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि लैमी ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की। मोदी ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते और दोहरे योगदान समझौते के सफल समापन पर संतोष व्यक्त किया। मोदी ने दोनों पक्षों के रचनात्मक सहयोग की सराहना की जिससे यह मील का पत्थर हासिल हुआ। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के अनुसार मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों की गति में आई बढ़ोतरी का स्वागत किया और भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के गहरा होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल के तहत निरंतर सहयोग का स्वागत किया और विश्वसनीय और सुरक्षित नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देने की इसकी क्षमता का उल्लेख किया।

लैमी ने व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने में ब्रिटेन की गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों देशों के लिए नए आर्थिक अवसरों को खोलेगा। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। एक्स पर लैमी ने कहा कि दोनों देश साझेदारी को गहरा करने और विकास और सुरक्षा प्रदान करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। भारत में गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद।

### अपराधियो को पीड़ितों के समान रखने के लिए भारत तैयार नहीं : जयशंकर



ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ एस जयशंकर।

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ व्यापक वार्ता के दौरान कहा कि भारत अपने सहयोगी देशों से यह अपेक्षा करता है कि वे आतंकवाद को कतई बर्दाशत नहीं करने की उसकी नीति को समझें। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी अपराध करने वालों को पीड़ितों के समान रखने के लिए तैयार नहीं होगा। जयशंकर की यह टिप्पणी उस पृष्ठभूमि में आई है जब पिछले माह भारत और पाकिस्तान के बीच हुए चार दिन के सैन्य संघर्ष के बाद कई देशों की ओर से दोनों को एक ही तराजू पर तौलने को लेकर नई दिल्ली में असहजता महसूस की जा रही है। विदेश मंत्री की यह टिप्पणी वैश्विक समुदाय को स्पष्ट संदेश देने का प्रयास प्रतीत होती है। लैमी के साथ बैठक के दौरान अपने संबोधन में जयशंकर ने पहलगाम हमले की निंदा करने के लिए ब्रिटेन का आभार व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में लंदन द्वारा दिखाई एकजुटता और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का अनुसरण करते हैं और अपने सहयोगी देशों से अपेक्षा करते हैं कि वे इसे समझें। साथ ही, हम कभी भी अपराधियों को पीड़ितों के समान रखने के लिए तैयार नहीं है।

# सिक्किम में फंसे 76 सैनिकों को बचाया

- भूस्खलन प्रभावित छातेन से किए गए एयरलिफ्ट

**गंगटोक, एजेंसी**



सिक्किम से एयरलिफ्ट किए गए सेना के जवान। ● एजेंसी

उत्तरी सिक्किम में छातेन से 76 सैन्यकर्मियों को शनिवार को हवाई मार्ग से निकाला गया जहां बारिश से भूस्खलन हुआ और संपर्क मार्ग टूट गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही समन्वित निकासी प्रयास पूरा हो गया है। इस प्रयास के तहत वहां फंसे सभी पर्यटकों को भी बचाया जा चुका है। कुल 76 सैन्यकर्मियों को तीन एमआई-17 हेलीकॉप्टर द्वारा हवाई मार्ग से निकाला गया। हेलीकॉप्टर ने सेना के जवानों को छातेन से पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे तक पहुंचाया। राज्य सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। हाल में भारी बारिश से उत्तरी सिक्किम में कई जगह भूस्खलन हुआ, जिससे सड़क संपर्क बाधित हो गया। लाचेन, लाचुंग और चुंगथांग कस्बों में 1,600 से अधिक पर्यटक फंसे रहे जिन्हें बाद में सुरक्षित निकाल लिया।

## यूनुस ने बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को कर दिया नष्ट : हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की आलोचना करते हुए उन पर देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने, सामाजिक अस्थिरता पैदा करने, देश के इतिहास और पहचान को नष्ट करने का आरोप लगाया है। हसीना ने यूनुस के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पिछले साल अगस्त में उनके सत्ता में आने से पहले देश की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल थी।

# भारत जी-7 का हिस्सा होना ही चाहिए : कार्नी



- विरोधियों की आलोचना पर कनाडा के प्रधानमंत्री ने की टिप्पणी

**ओटावा, एजेंसी**

भारत को पांचवीं अर्थव्यवस्था तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का केंद्र बताते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि भारतीय नेतृत्व को जी-7 शिखर सम्मेलन में चर्चा का हिस्सा होना चाहिए। कार्नी की यह टिप्पणी उनके कुछ राजनीतिक विरोधियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को जी-7 के लिए निमंत्रित करने पर आलोचना के बाद आई है। खालिस्तानी नेता की हत्या में भारतीय संबंधों के आरोपों की जांच जारी है और ऐसे में मोदी को निमंत्रित करने पर कार्नी की उनके विरोधियों ने आलोचना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन का निमंत्रण स्वीकार किया है।

# किडनी मरीज की उड़ान छूटी, शिंदे ने अपने चार्टर्ड विमान से मुंबई पहुंचाया

**ठाणे, एजेंसी**



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किडनी की बीमारी से जूझ रही महिला की उड़ान छूटने पर मदद करते हुए अपने चार्टर्ड विमान से जलगांव से मुंबई पहुंचाया। महिला का किडनी प्रत्यारोपण होना था।

शिंदे के कार्यालय ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार रात जलगांव हवाई अड्डे पर हुई। शिंदे जलगांव में संत मुक्ताबाई पालखी प्रस्थान समारोह में गए थे। मुंबई लौटते समय जलगांव हवाईअड्डे पर उनकी उड़ान देर से रवाना हुई। यही देरी एक महिला मरीज के लिए जीवनदान बनी, जिसे तुरंत किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत थी। शीतल बोर्डे को सर्जरी के लिए मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया जाना था, लेकिन उनकी उड़ान छूट गई थी। इससे उन्हें सर्जरी असंभव प्रतीत होने लगी। बोर्डे की बात लेकर कार्यकर्ताओं ने मंत्री गिरीश महाजन से बात की, जिस पर शिंदे ने महिला और उसके पति को अपने चार्टर्ड विमान में मुंबई ले जाने की अनुमति दी।

### शिंदे के विमान को पायलट ने उड़ाने से किया इन्कार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का विमान पायलट ने यह कहते हुए उड़ाने से मना कर दिया कि उसका ड्यूटी टाइम खत्म हो गया है, जिससे वहां हड़कंप मच गया। नेता और एयरपोर्ट के अधिकारियों के मनाने के बाद वह पायलट उड़ाने ले जाने को तैयार हो गया। शिंदे मुंबई से शाम को जलगांव पहुंचे और रात में वहां से मुंबई आना था, लेकिन पायलट ने उड़ान भरने से मना कर दिया, जिसे समझाने के बाद विमान को जलगांव से मुंबई के लिए रवाना किया गया।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ अमेरिका

## प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने किया समर्थन

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ सांसद शशि थरूर।

अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडाउ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। यह प्रतिनिधिमंडल पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के रुख से अवगत कराने के लिए अमेरिका आया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को यहां लैंडाउ से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख वार्ताकारों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। भारतीय दूतावास ने एक्स पर कहा, डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की अमेरिकी उप विदेश मंत्री लैंडाउ के साथ अच्छी और स्पष्ट बातचीत हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम हमले की क्रूरता और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

लैंडाउ ने एक्स पर कहा कि भारतीय संसदीय प्रतिनिधियों के साथ यह बैठक शानदार थी। उन्होंने कहा, मैंने फिर से पुष्टि की कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। हमने दोनों देशों में विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने समेत अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि लैंडाउ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में भारत के लिए अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों में आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के महत्व पर लैंडाउ के साथ चर्चा की।

**बदलती तस्वीर** | विश्व बैंक के अनुसार गरीबी दर 2011-12 में 27 .1% से घटकर 2022-23 में 5 .3% हुई

# 27 करोड़ भारतीय निकले गरीबी रेखा से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत की अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 में 27.1% से 11 वर्षों में तेजी से घटकर 2022-23 में 5.3% रह गई। इस दौरान 269 मिलियन यानी करीब 27 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी रेखा से बाहर निकल गए हैं। हालांकि, विश्व बैंक ने अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित कर तीन डॉलर प्रति दिन कर दिया है। विश्व बैंक ने कहा कि 2017 और 2021 के बीच भारत की मुद्रास्फीति दर को देखते हुए, तीन डॉलर की संशोधित अत्यधिक गरीबी रेखा 2021 की कीमतों में व्यक्त 2.15 डॉलर की सीमा से 15 प्रतिशत अधिक होगी और इसके परिणामस्वरूप 2022-23 में गरीबी दर 5.3 प्रतिशत होगी।

रिपोर्ट अनुसार भारत में 2024 में 54,695,832 लोग तीन डॉलर प्रतिदिन से कम पर जीवन यापन कर रहे थे। वहीं, विश्व बैंक ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि इन 11 वर्षों में करीब 269 मिलियन यानी करीब 27 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकल चुके हैं।

तीन डॉलर प्रतिदिन (2021 पीपीपी- प्रतिशत जनसंख्या) पर गरीबी दर 2024 में 5.44% है। 2011-12 और 2022-23 के बीच अत्यधिक गरीबी की दर 16.2 से घटकर 2.3% हो गई, जबकि निम्न मध्यम आय वाले देश (एलएमआईसी) में गरीबी दर में 33.7% अंकों की गिरावट आई। मुफ्त और रियायती खाद्यान्न हस्तांतरण से गरीबी में कमी आई और ग्रामीण-शहरी गरीबी का अंतर कम हुआ। पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 54% अत्यंत गरीब लोग रहते हैं। अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 तक भारत की वास्तविक जीडीपी महामारी-पूर्व प्रवृत्ति स्तर से लगभग पांच प्रतिशत कम थी। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को व्यवस्थित तरीके से हल किए जाने की स्थिति में 2027-28 तक वृद्धि धीरे-धीरे संभावित स्तर पर वापस आ जाएगी।

### 2026-28 के दौरान जीडीपी के औसतन 1.2% के आसपास रहने की उम्मीद

चालू खाता घाटा 2026-28 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के औसतन 1.2% के आसपास रहने की उम्मीद है और पूंजी प्रवाह द्वारा पर्याप्त रूप से वित्तपोषित रहेगा। साथ ही, विदेशी मुद्रा भंडार सकल घरेलू उत्पाद के 16 प्रतिशत के आसपास स्थिर रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा कि भारत ने 2011-12 और 2022-23 के बीच के दशक में 17 .1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है।

## चॉकलेट चोरी में पांच को निर्वस्त्र कर घुमाया तीन गिरफ्तार

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में किराना दुकान से चॉकलेट चुराने के आरोप में पांच लड़कों को चप्पलों की माला पहनाकर निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने शनिवार को ये जानकारी दी।

यह घटना गुरुवार को हुई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुकानदार उसके बेटे और एक अन्य ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया है। सीतामढ़ी सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रामकृष्ण ने कहा, पीड़ितों के चेहरे पर चूना लगाया गया था और उन्हें पीटे जाने की भी बात सामने आई है। सभी पीड़ितों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है और उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए परामर्शदाताओं की भी व्यवस्था की गई है।

# मस्क डेमोक्रेटिक का समर्थन करते हैं तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे : ट्रंप



**ब्रिजवाटर, एजेंसी**

एलन मस्क के साथ अपने टकराव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पीछे हटते नजर नहीं आ रहे। उन्होंने शनिवार को साफ किया कि मस्क के साथ रिश्ते को सुधारने की उनकी कोई इच्छा नहीं है और चेतावनी दी कि अगर मस्क आगामी चुनावों में डेमोक्रेट्स की मदद करने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ सकता है।

ट्रंप ने एनबीसी की क्रिस्टन वेल्कर को फोन पर दिए साक्षात्कार में कहा कि उनका मस्क के साथ संबंध सुधारने का कोई इरादा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ उनका रिश्ता खत्म हो गया है, तो ट्रंप ने जवाब दिया, हां, मुझे ऐसा लगता है। ट्रंप ने कहा, मैं अन्य कामों में व्यस्त हूं। आप जानते हैं, मैंने भारी मतों से चुनाव जीता है। मैंने उन्हें बहुत सारे मौके दिए, ऐसा होने से बहुत पहले, मैंने उन्हें पहले प्रशासन में मौके दिए। अपने पहले प्रशासन में उनकी जान बचाई, मेरा उनसे बात करने का इरादा नहीं है।

### ट्रंप के खिलाफ कटु और भड़काऊ पोस्ट लिखकर मस्क कर रहे बड़ी गलती



उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि एलन मस्क आपसी विवाद के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ सोशल मीडिया पर कटु और भड़काऊ पोस्ट लिखकर 'बड़ी गलती' कर रहे हैं। सबसे अमीर आदमी और यकीनन सबसे ताकतवर व्यक्ति के बीच विवाद के बाद शुक्रवार को जारी साक्षात्कार में उपराष्ट्रपति ने मस्क के तीखे हमलों को कमतर करके आंकने की कोशिश की और उन्हें भावनात्मक व्यक्ति करार दिया जो निराश हो गया है। वेंस ने कहा कि उम्मीद है कि आखिरकार एलन वापस आ जाएंगे। हो सकता है कि यह अभी संभव नहीं हो क्योंकि वह बहुत आक्रोशित हो गए हैं। वेंस की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब रिपब्लिकन पार्टी के अन्य नेताओं ने दोनों से, रिश्ते सुधारने का आग्रह किया है।